राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-312
लखनऊ, मंगलवार 02 जुलाई 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





बाढ़ की स्थिति से बचाव के लिए रहें तैयार : मुख्यमंत्री योगी 03

विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित मानसिकता जरूरी : मुर्मू 12


### लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा

# नफरत व हिंसा को बढ़ावा देती है बीजेपी

**राहुल के भाषण के दौरान लोकसभा में पक्ष-विपक्ष में तीखी नोकझोंक**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य खुद के हिन्दू होने का दावा करते हैं, लेकिन हिन्दू हिंसक नहीं होता जबकि ये नफरत फैलाते हैं और हिंसा को बढ़ावा देते हैं। भाजपा ने हिन्दू धर्म पर हमले का मुद्दा उठाया और कहा कि श्री गांधी पूरे हिन्दू समाज को हिंसक कह रहे हैं जो गलत है और उन्हें इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। इस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हस्तक्षेप किया तो सत्ता पक्ष के लोगों ने नियमों का हवाला देते हुए श्री गांधी से कहा कि उन्होंने पूरे हिन्दू समाज को हिंसक कहा है इसलिए उन्हें पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। श्री गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि संविधान पर तथा देश के सिस्टम पर भाजपा ने रणनीति के तहत हमला शुरु किया है। सत्ता की शक्ति का इस्तेमाल कर अल्पसंख्यकों तथा विपक्ष के सदस्यों पर हमले हो रहे हैं और उन्हें जेल भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा, मोदी सरकार के इस हमले का शिकार खुद मैं भी रहा हूं। मुझे दो साल के लिए जेल भेजने का आदेश मिला, मुझे संसद की सदस्यता से अयोग्य घोषित किया गया, मेरा घर छीना गया और जब इस तरह के आक्रमण होते हैं तो पूरा विपक्ष संविधान विरोधी आइडिया के खिलाफ एकजुट हो जाता है। विपक्ष के नेता के इन हमलों पर सत्ता पक्ष ने हंगामा शुरु कर दिया और भारत माता के जय के नारे लगाने लगे जिस पर श्री गांधी ने कुछ देर तक चुप रहने के बाद 'जय संविधान' कह कर जवाब दिया। इसी बीच उन्होंने भगवान शिव का चित्र सदन में दिखाया, लेकिन अध्यक्ष ने उन्हें टोका तो श्री गांधी ने सवाल किया कि क्या भगवान शिव के चित्र को नहीं दिखाया जा सकता है। भगवान शिव अभय मुद्रा में होते हैं।



**सरकार को कई मुद्दों पर घेरा**

राहुल गांधी ने सोमवार को नेता प्रतिपक्ष के तौर पर अपने पहले भाषण में सरकार को कई मुद्दों पर घेरने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि विपक्ष सरकार से डरने वाला नहीं है। उन्होंने अग्निवीर, किसान और नीट का मुद्दा उठाया और सरकार पर कई आक्षेप लगाए। सत्तापक्ष की ओर से उनके बयानों पर कई आपत्तियां जताई गईं और कहा गया कि राहुल गांधी को अपनी बातों को सत्यापित करना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के भाषण के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो बार हस्तक्षेप किया और तंज कसते हुए कहा कि संविधान उन्हें कहता है कि विपक्ष के नेता को गंभीरता से लेना चाहिए।

**भाजपा ने की राहुल के बयान की कड़ी निंदा**

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा हिन्दू समाज को हिंसक एवं असत्यवादी बताये जाने को लेकर सोमवार को उनकी निंदा की और कहा कि श्री गांधी के अत्यंत गैर जिम्मेदाराना बयान से उनकी गरिमा और राजनीति का स्तर गिर गया है। केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, किरेन रिजिजू और भाजपा के प्रवक्ता डॉ सुधांशु त्रिवेदी ने आज संसद के पुस्तकालय भवन में एक संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने कहा कि श्री गांधी ने विपक्ष के नेता के पद की गरिमा को गिराया है और राजनीति को बहुत ही निचले स्तर पर ले गये हैं। श्री गांधी ने संपूर्ण हिन्दू समाज को हिंसक और असत्यवादी बताया है। कांग्रेस के नेता गृह मंत्री पी. चिदंबरम, सुशील कुमार शिन्दे ने हिन्दुओं को आतंकवादी करार दिया था। श्री गांधी ने भी पहले अमेरिकी राजदूत से कहा था कि देश को सबसे ज्यादा खतरा हिन्दुत्ववादियों से है। आज उन्होंने लोकसभा में हिन्दू समाज को हिंसक व असत्यवादी करार दिया है।

# करौली में बोलेरो और ट्रक की भिड़ंत में नौ की मौत

एजेंसी

**मौके पर पहुंचे अफसर राहत व बचाव कार्य की ली जानकारी**

**करौली।** करौली में करौली-मंडारायल मार्ग स्थित डूंडापुरा मोड़ के पास सोमवार को बोलेरो और ट्रक की भिड़ंत में दो बच्चों व छह महिलाओं समेत नौ लोगों की मौत हो गई। बोलेरो सवार चार लोग घायल हैं। मृतक करौली मंडारायल और मध्य प्रदेश के रहने वाले बताए गए हैं।

जिला पुलिस अधीक्षक ब्रजेश ज्योति उपाध्याय के अनुसार करौली-मंडरायल मार्ग स्थित डूंडापुरा मोड़ के पास तेज रफ्तार कार और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में कार का आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार वाहन के अनियंत्रित होने से हादसा हुआ है। पुलिस ने सभी घायलों को करौली जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने नौ लोगों को मृत घोषित कर दिया। चार घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही कलेक्टर नीलाभ सक्सेना और एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय दुर्घटना स्थल पहुंचे। उन्होंने राहत और बचाव कार्यों की जानकारी ली। एडीएम राजवीर चौधरी हॉस्पिटल पहुंचे और घायलों के हालचाल जाना। एक बच्चे और दो महिलाओं समेत चार लोगों के शव पुलिस के ट्रक से करौली अस्पताल की मोर्चरी लेकर गए। इस दौरान अस्पताल में बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। भीड़ को हटाने के लिए पुलिस जाब्ता तैनात किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### तेलंगाना में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

**नागरकुर्नूल।** तेलंगाना के नागरकुर्नूल जिले के वानापतला गांव में सोमवार तड़के एक पुरानी मिट्टी की इमारत गिरने से एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई जिसमें मां और तीन बच्चे शामिल हैं जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, परिवार में माता, पिता, दो बेटियां और एक बेटा शामिल हैं, जो अपनी मिट्टी की इमारत में सो रहे थे। भारी बारिश के कारण लगभग तीन बजे सुबह घर का पुराना ढांचा उन पर गिर गया। मां, दो बेटियों और बेटे की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल पिता भास्कर (28) को इलाज के लिए नगरकुर्नूल के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### लोकसभा-राज्यसभा में सपा के एक-एक सदस्य ने ली शपथ

**नई दिल्ली।** लोक सभा और राज्य सभा के नवनिर्वाचित सदस्यों को सोमवार 01 जुलाई को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गाजीपुर लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद अफजल अंसारी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। उधर, समाजवादी पार्टी की राज्य सभा सदस्य जया बच्चन ने सदन में पद और गोपनीयता की शपथ ली। उपराष्ट्रपति और राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने राज्य सभा की निर्वाचित सदस्य जया बच्चन को शपथ दिलाई।

### जनरल एनएस राजा सुब्रमणि बने सेना के उप प्रमुख

**नई दिल्ली।** लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि को सेना उप प्रमुख नियुक्त किया गया है। उन्होंने सोमवार को पदभार भी ग्रहण कर लिया। इससे पहले वह अब तक लखनऊ स्थित सेंट्रल कमांड के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के पद पर कार्यरत थे। जनरल ऑफिसर को दिसंबर, 1985 में गढ़वाल राइफल्स में कमीशन दिया गया था।

### यूपी : कई आईएएस अफसरों का तबादला



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कई अफसरों के तबादले हुए हैं। आईएएस अनिल कुमार सिंह को महाराजगंज के मुख्य विकास अधिकारी बनाए गए हैं। वह अभी तक लखीमपुर खीरी में सीडीओ थे। आईएएस हिमांशु गौतम अपर आयुक्त मेरठ को मुख्य विकास अधिकारी महाराजगंज नियुक्त किया गया है। आईएएस संतोष कुमार को सहारनपुर विकास प्राधिकरण का वीसी नियुक्त किया गया है।

वह अभी तक महाराजगंज के मुख्य विकास अधिकारी थे।2012 बैच के आईएएस टीके शीबू को राजस्व परिषद से विशेष सचिव एपीसी शाखा नियुक्त किया गया है। 2017 बैच के आईएएस एकता सिंह को अपर राज्य परियोजना निदेशक सर्व शिक्षा अभियान नियुक्त किया गया है। वह अभी तक अपर आयुक्त बैंकिंग कॉपरेटिव सोसाइटी के पद पर कार्यरत थी।

### मानहानि केस में दोषी मेधा पाटकर को पांच माह की कैद व 10 लाख जुर्माना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के साकेत कोर्ट ने दिल्ली के उप-राज्यपाल वीके सक्सेना की ओर से दाखिल आपराधिक मानहानि मामले में दोषी करार नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता मेधा पाटकर को पांच महीने कैद की सजा सुनाई है। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट राघव शर्मा ने मेधा पाटकर को जुर्माना की रकम दस लाख रुपये का भुगतान वीके सक्सेना को करने का आदेश दिया।

कोर्ट ने कहा कि इस मामले में अधिकतम सजा दो साल की होती है, लेकिन मेधा पाटकर के स्वास्थ्य को देखते हुए पांच महीने की सजा दी जाती है। कोर्ट ने इस सजा को 30 दिनों तक निलंबित रखने का भी आदेश दिया। कोर्ट ने 7 जून को सजा की अवधि पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। 30 मई को शिकायतकर्ता वीके सक्सेना की ओर से पेश वकील ने मेधा पाटकर को अधिकतम सजा देने की मांग की थी।



भारतीय दंड संहिता में आपराधिक मानहानि के मामले में अधिकतम दो साल की कैद की सजा का प्रावधान है। साकेत कोर्ट ने 24 मई को मेधा पाटकर को दोषी करार दिया था। कोर्ट ने मेधा पाटकर को भारतीय दंड संहिता की धारा 500 के तहत दोषी करार दिया था। कोर्ट ने कहा था कि ये साफ हो गया है कि आरोपित मेधा पाटकर ने सिर्फ प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए वीके सक्सेना के खिलाफ गलत जानकारी के साथ आरोप लगाए। मेधा पाटकर ने 25 नवंबर, 2000 को अंग्रेजी में एक बयान जारी कर वीके सक्सेना पर हवाला के जरिये लेनदेन का आरोप लगाया था और उन्हें कायर कहा था।

### लखनऊ के होटल में मिला प्रेमी जोड़े का शव

**लखनऊ।** नाका में एक होटल के कमरे में सोमवार को प्रेमी जोड़े का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम भेजकर आगे की कार्रवाई में जुट गई। पुलिस उपायुक्त (मध्य) रवीना त्यागी ने बताया कि नाका थाना क्षेत्र के पानदरीबा स्थित होटल मिनी होटल में रविवार को युवक-युवती ने कमरा लिया था। सोमवार को दोनों काफी देर तक जब कमरे से नहीं निकले तो होटल मैनेजर विकास ने किसी प्रकार की अनहोनी का शक जाहिर करते हुए पलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने कमरा खोल कर देखा तो पंखे से फंदे के सहारे युवक-युवती के शव झूल रहे थे। फोरेंसिक और फील्ड यूनिट ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। होटल में जमा किए गए आधार कार्ड से मृतक युवक की पहचान बहराइच का रहने वाला मुन्ना (19) और जौनपुर की रहने वाली 19 वर्षीय युवती के रूप में शिनाख्त हुई है। डीसीपी ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए कार्रवाई की जा रही है।

# नए आपराधिक कानून के तहत देश में पहला मामला ग्वालियर में हुआ दर्ज

एजेंसी

**ग्वालियर।** देश में सोमवार से तीन नए आपराधिक कानून लागू हो गए हैं। इसके साथ ही इन कानूनों पर अमल भी शुरू हो गया है। नए कानून के तहत देश भर में पहला मामला ग्वालियर के हजीरा थाने में दर्ज किया गया है। यह जानकारी सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी है।

भारतीय न्याय संहिता लागू होते ही ग्वालियर के हजीरा थाने में रात 12.24 बजे जिले की पहली एफआईआर बाइक चोरी की दर्ज हुई। ग्वालियर के महाराजपुरा क्षेत्र के सीएसपी नागेन्द्र सिंह सिकरवार ने बताया कि मूलरूप से भिंड के गोरमी स्थित ग्राम कल्याणपुरा में रहने वाले सौरभ पुत्र नागेंद्र सिंह नरवरिया ग्वालियर के हजीरा इलाके में यादव धर्मकांटा के पास मां पीतांबरा कालोनी में किराए से रहते हैं। रविवार रात करीब 12 बजे वह घर आए और अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी कर दी। महज पांच मिनट बाद जब वह लौटकर आए तो बाइक गायब थी। वह तत्काल हजीरा थाने पहुंच गए, जहां थाना प्रभारी शिवमंगल सिंह सेंगर मौजूद थे। उन्होंने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता- 2023 की धारा 303 (2) के तहत एफआइआर दर्ज की। ग्वालियर के पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने कहा कि नए कानूनों में भारतीय न्याय संहिता के संपत्ति राजसात करने वाले प्रावधान से अपराधियों पर सख्त कार्रवाई हो सकेगी।

**नए कानूनों को राजनीतिक रंग देना ठीक नहीं : शाह**



नई दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को विपक्ष के इन आरोपों को कि तीनों नए आपराधिक कानून बिना चर्चा के पारित कर दिए गये, इसे पूरी तरह से खारिज करते हुए कहा कि इन्हें राजनीतिक रंग देना ठीक नहीं है। संसदीय शौध में केन्द्रीय गृहमंत्री शाह ने आज नए आपराधिक कानूनों पर पत्रकारवार्ता की। इसमें उन्होंने कहा कि करीब चार साल के विमर्श के बाद कानून लाया गया है और संसद की गृह मामलों की समिति में इस पर विस्तार से विचार किया गया। विपक्षी सांसदों सहित सदस्यों ने सुझाव दिए और कुछ राजनीतिक सुझावों को छोड़कर लगभग सभी सुझावों को इसमें शामिल किया गया है। लेकिन विपक्ष शायद संसद में, इस विषय पर चर्चा नहीं करना चाहता था। साथ ही उन्होने बताया कि जहां तक मीडिया में चल रही खबर है तो वे बताना चाहते हैं कि एक स्ट्रीट वेंडर के खिलाफ किसी नए प्रावधान के तहत मामला दर्ज नहीं हुआ है।

# राहुल गांधी का बयान यूपी व अयोध्या को बदनाम करने की साजिश : सीएम योगी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** संसद में अयोध्या में विस्थापितों को दिये गये मुआवजे को लेकर राहुल गांधी के भाषण पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करारा पलटवार किया है। सीएम योगी ने सोमवार को कहा कि राहुल का बयान यूपी और अयोध्या को बदनाम करने के लिए दिया गया है।

सदन में दिया गया राहुल का झूठा बयान अत्यंत ही निंदनीय और शर्मनाक है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अयोध्या में विभिन्न विकास कार्यों के दौरान विस्थापित हुए लोगों को 1733 करोड़ रुपये की धनराशि मुआवजे के तौर पर प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री सोमवार शाम अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे।मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हम सबने राहुल गांधी को लोकसभा चुनाव में झूठे और गुमराह करने वाले वक्तव्य देते हुए देखे हैं।



**कांग्रेस झूठ का पुलिंदा**

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हर कोई जानता है कि अयोध्या को उसकी पहचान से किसने वंचित किया है। राहुल गांधी और उनके सहयोगियों ने न केवल अयोध्या को वनवास दिया था,बल्कि सरयू को भी रक्तरंजित किया था। आज जब अयोध्या अपने वैभव को पुन: प्रतिष्ठापित करते हुए पूरी दुनिया को अपनी ओर आकर्षित कर रही है तो कांग्रेस इसे कैसे अच्छा मान सकती है। कांग्रेस झूठ का पुलिंदा है।

### लखनऊ में व्यापारी ने फांसी लगाकर जान दी

**लखनऊ।** अमीनाबाद इलाके में एक व्यापारी ने फांसी लगाकर जान दे दी। उसने आत्महत्या से पहले सुसाइड नोट लिखा, जिसमें खस्ता दुकानदार के खिलाफ प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने सुसाइड नोट और परिवार की तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। अमीनाबाद थाना में तैनात एसआई रमेश सोनकर ने बताया कि मॉडल हाउस में रहने वाला संजय अग्रवाल (52) घर के बाहर ही पर्चून की दुकान चलाता था। मरने से पहले संजय ने एक सुसाइड नोट लिखा था। इसमें उसने लिखा है कि लाटूश रोड स्थित दुर्गा खस्ता कार्नर के दुकानदार ध्रुव साहू मेरे रुपये वापस नहीं कर रहा है।

### यूपी में एक सप्ताह तक होती रहेगी झमाझम बारिश

**कानपुर, समृद्धि न्यूज।** दक्षिण पश्चिम मानसून पूरी तरह से सक्रिय है और उत्तर प्रदेश में बराबर बारिश हो रही है। आगामी एक सप्ताह तक कानपुर सहित पूरे प्रदेश में बारिश का पैटर्न बना हुआ है और झमाझम बारिश होगी। ऐसे में जुलाई के पहले 10 दिनों के भीतर प्रदेश में वर्षा की कमी प्रभावी रूप से दूर हो जाएगी। इससे किसानों की सूखी भूमि दोबारा भर जाएगी, जबकि तापमान में भारी गिरावट के कारण चल रहे गर्म और उमस भरे मौसम से राहत मिलेगी। यह बारिश जलाशयों को भी दोबारा भर देगी और सूखे को दूर करेगी। यही नहीं कृषि क्षेत्रों को भी फायदा मिलेगा। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. सुनील पाण्डेय ने सोमवार को बताया कि अगले 24 घंटों के दौरान पूर्वोत्तर भारत, सिक्किम, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तरी पंजाब, उत्तरी हरियाणा और उत्तराखंड में मध्यम से भारी बारिश संभव है। बिहार, झारखंड, दिल्ली, गुजरात, तटीय कर्नाटक, कोंकण और गोवा और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। गंगीय पश्चिम बंगाल, विदर्भ, मध्य महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, ओडिशा, केरल, लक्षद्वीप, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, आंतरिक कर्नाटक और लक्षद्वीप में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। उत्तर प्रदेश में हो रही बारिश से कृषि क्षेत्रों को फायदा मिलेगा।






**खुशी**

### डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव ने काटा केक, हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

# गुंजायमान हुए अखिलेश तुम जियो हजारों साल के उद्घोष

**पर्यावरण को बचाने के लिए लगाए पीपल बरगद, नीम के पेड़**

समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद।** सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के 51वें जन्म दिवस पर मेजर एस.डी. सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के कैम्पस के बाहर बेवर रोड पर विशाल भण्डारे के आयोजन के साथ केक काटकर धूमधाम से जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान उत्साही कार्यकर्ताओं ने अखिलेश तुम जियो हजारों साल, साल को दिन पचास हजार के उद्घोष किये।

इस मौके पर समाजवादी के प्रदेश सचिव डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव ने अखिलेश यादव के चित्र पर केक लगाकर उन्हें दीर्घायु जीवन जीने की शुभकामनायें दीं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन पर हम सभी संकल्प लेते हैं कि आने वाले विधानसभा चुनाव में भारी बहुमत से सपा को जिताकर राष्ट्रीय अध्यक्ष को पुनः मुख्यमंत्री की कुर्सी पर विराजमान करें। लोकसभा चुनाव से यह साबित हो गया है कि इस बार के विधानसभा चुनाव में भाजपा का सूफड़ा साफ हो जायेगा और सपा की प्रचंड बहुमत से सरकार बनेगी। इस मौके पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। राहगीरों ने जमकर भंडारा छका। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष द्वारा की गयी घोषणा के क्रम में एक वृहद वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। इस मौके पर बरगद, पीपल, नीम आदि के अनेकों पेड़ लगाये गये। इस मौके पर कहा गया कि पेड़ों से हमें जीवनरुपी ऑक्सीजन मिलती है। ऑक्सजीन के बिना हम जीवन का कल्पना नहीं कर सकते हैं। इसलिए सभी को वृक्ष अवश्य लगाने चाहिए। जिससे पर्यावरण प्रदूषण से मुक्त रहे। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी/जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह गौर, विधानसभा अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह भोला यादव, डा0 नवरंग सिंह यादव, बृजेश पाल, मनोज यादव, राजीव यादव, अजय राज यादव, मोहित यादव, ईश्वर दयाल यादव एवं समाजवादी पार्टी के बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



केक काटते प्रदेश सचिव डॉ जितेन्द्र सिंह यादव आदि कार्यकर्ता



पौधारोपड़ करते डॉ जितेन्द्र सिंह यादव, सुरेन्द्र सिंह गौर, भोला यादव आदि

# राजधानी में नए कानून के तहत पहली एफआईआर, चोरों ने घर पर बोला धावा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधाानी लखनऊ में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) का पहला मुकदमा दर्ज हुआ है। यह मुकदमा निगोहा थाना पुलिस ने चोरी के मामले में दर्ज किया है। धारा 305 लगाई गई है। घटना कुशमौरा गांव की है। चोरी की वारदात सोनू कश्यप के घर हुई है। वह कैटर्स का काम करते हैं।

सोनू ने बताया कि रविवार रात घर के बाहर सो रहे थे। तभी दीवार कूदकर घर के अंदर घुसे चोरों ने वारदात को अंजाम दिया है। बक्से




और आलमारी का ताला तोड़कर लाखों रुपए का सामान और नकदी उठा ले गए हैं। इस दौरान रात में गांव के श्याम लाल प्रजापति के घर से एक जोड़ी टप्स, सोने की झाला, मंगलसूत्र, पायल और 29 हजार की नगदी सहित अन्य सामान चोरी हुए थे। सोनू कश्यप को किसी की आहट सुनाई दी। वह नींद से जाग गए। इस दौरान दो लोग बाउंड्री पर खड़े थे। इस पर उन्हें शक हुआ। घर में जाकर देखा तो सामान बिखरा हुआ था। थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि मामले में पीड़ित की शिकायत के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। बीएनएस की धारा में मुकदमा दर्ज हुआ है। भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत एक जुलाई से सरकार द्वारा बनाए नए कानून लागू हो गए हैं। यानी नए कानून के तहत अब आरोपियों पर आईपीसी की जगह भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की कार्रवाई की जाएगी।

# दिव्यांग छात्र-छात्राओं को हुनरमंद बनाने का करें कार्य : राज्य मंत्री

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने सोमवार को डॉ. शकुन्तला मिश्रा, राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, मोहान रोड, लखनऊ का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं से उनकी समस्याओं के संबंध में वार्ता की तथा कुलपति एवं रजिस्ट्रार सहित विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ बैठक की। मंत्री कश्यप ने निर्देश दिए कि प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ अधिक से



▸ दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने डॉ. शकुन्तला मिश्रा, राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, मोहान रोड का किया निरीक्षण

अधिक दिव्यांगजन छात्र-छात्राओं को मिले। उन्होंने विश्वविद्यालय में कौशल विकास के नए कोर्स शुरू करने के निर्देश दिये और कहा कि इन कोर्सों के माध्यम से दिव्यांगजन छात्र-छात्राओं को हुनरमंद बनाने का कार्य किया जाए। उन्होंने विश्वविद्यालय में रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने का भी निर्देश दिया ताकि छात्रों को बेहतर शिक्षा प्राप्त हो सके।

मंत्री कश्यप ने छात्रावासों में सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए और कहा कि दिव्यांगजन छात्रों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण किया और इसका रिकॉर्ड रखने के निर्देश दिए। मंत्री ने विश्वविद्यालय के सोशल मीडिया को सक्रिय करने पर जोर दिया ताकि विश्वविद्यालय के कार्यों की जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सके। इसके अलावा, उन्होंने रोजगार मेला का आयोजन करने के भी निर्देश दिए ताकि दिव्यांगजन छात्रों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें।

मंत्री कश्यप ने भोजनालय का निरीक्षण किया और भोजन बनाने से लेकर परोसने तक की गतिविधियों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भोजनालय में सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए और भोजन में प्रयुक्त होने वाली सब्जियों को सही तरीके से धोकर पकाया जाए। निरीक्षण के उपरांत, मंत्री ने दिव्यांगजन छात्रों से उनकी समस्याओं के बारे में बात की और उनकी कुशलक्षेम भी पूछी।

## खबरें एक नजर में

### मुहर्रम दोनों महीना हमें कुर्बानी का जज्बा दिलाता है : आफाक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय सामाजिक कार्यकर्ता संगठन के संयोजक मुहम्मद आफाक ने अपने बयान में कहा कि मुहर्रम उल हराम का महीना बहुत जल्द आने वाला है। इतिहास गवाह है कि जिलहिज्जा बलिदान के साथ पूरा हुआ और मुहर्रम का महीना बलिदान के साथ शुरू हुआ। आगे उपस्थित विद्वानों के संरक्षण में मुहम्मद आफाक ने कहा कि मुहर्रम का महीना इस्लाम की यादों को ताजा करता है, लेकिन मुहर्रम की पहली तारीख से ही कुछ लोगों में शिया-सुन्नी के नाम पर फूट डाल दी जाती है और नफरत का माहौल पैदा किया जाता है। सैय्यद आरिफ मियां नक्शबंदी अशरफी कादरी और शिया उलमा ए, हिन्द के सचिव सैय्यद मौलाना अली हुसैन कुमी रिजवी ने संयुक्त रूप से कहा कि आपकी बात बिल्कुल सही है, लेकिन वह कौन है जो पैगंबर और अहल ए बैत के उपदेश मिम्बर पढ़ता है। इस्लामिक नववर्ष के दौरान सदस्यों से खूब बायान भी की जाती है। हम इस बात से कैसे इनकार करते हैं कि यह महीना जंग के दौर में चल रहा था और शहादत का सिलसिला 1 मुहर्रम से लेकर 10 मुहर्रम तक चलता रहा और इमाम हुसैन की शहादत के साथ खत्म हुआ।

### बाढ़ की तैयारियों का जिलाधिकारी ने लिया जायजा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में बाढ़ की तैयारियों का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार पहुंचे गोमती बैराज, लिया व्यवस्थाओं का जायजा। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवम राजस्व राकेश सिंह, अधिशाषी अभियन्ता सिंचाई विभाग सहित अन्य अधिकारी रहे उपस्थित। जन सामान्य को बारिश के मौसम में जल भराव की समस्या से बचाने के लिए नगर निगम और सिंचाई विभाग को ड्रेनेज मेकेनिज्म प्लान डेवलप करने के दिए निर्देश।

### अन्नपूर्ति योजना के लिए 11.96 करोड़ मंजूर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अन्न पूर्ति योजना हेतु 11,96,94,249 रूपये की वित्तीय स्वीकृति निर्गत करते हुए आयुक्त, खाद्य एवं रसद विभाग के निवर्तन पर रखने के निर्देश दिये हैं। इस सम्बन्ध में खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा जारी शासनादेश में कहा गया है कि अवमुक्त की गयी धनराशि का आहरण एवं व्यय आवश्यकतानुसार एवं नियमानुसार किया जायेगा। प्रस्तावित कार्यों की द्विरावृत्ति न हो, कार्य की गुणवत्ता, मानक एवं विशिष्टियों की जिम्मेदारी आयुक्त, खाद्य एवं रसद विभाग की होगी।

### ढह गई भाजपा के भ्रष्टाचार के पिलर पर खड़ी पानी टंकी : अजय

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मथुरा में सिर्फतीन वर्ष पुरानी पानी की टंकी भरभरा कर गिर गई। घटना के दौरान टंकी के नीचे दबकर दो लोगों की मौत और 12 लोगों के घायल होने की खबर है। घटना पर अपना रोष प्रकट करते हुए एवं मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि आजादी की बाद प्रदेश में इतनी भ्रष्ट सरकार कभी नहीं रही। योगी की सरकार आकंठ भ्रष्टाचार में लिप्त है। आदमी तो आदमी इस सरकार ने भगवान को भी नहीं छोड़ा है।श्री राय ने कहा कि पहली ही बारिश में भगवान राम के मंदिर में पानी चूने लगा। 311 करोड़ की लागत से बने रामपथ में गड्ढा हो गया है और इस तरह से रोड़ धंसने व रोड़ में गड्ढा होने की घटनाएं आम हो गई हैं जो योगी सरकार के भ्रष्टाचार की पोल खोलती हैं। जो मथुरा में हुआ वो निहायत शर्मनाक है। भाजपा के भ्रष्टाचार के पिलर पर खड़ी पानी की टंकी भरभराकर गिर गई और निर्दोष नागरिकों का काल बन गई। भ्रष्टाचार के उच्चतम पायदान पर बैठे योगी जी झूठी खबरों से साफसुथरी सरकार की धारणा गढ़ने में लगे है मगर जनता अब इनके वास्तविक चेहरे को पहचान चुकी है। पिछले सात सालों में जनता के लाखों करोड़ रूपया भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है।

### सीएमएस छात्रा को 79,000 अमेरिकी डॉलर की स्कॉलरशिप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस के छात्र नवतेज सिंह बावा को उच्चशिक्षा हेतु कैनडा की क्वीन्स यूनिवर्सिटी द्वारा 79,000 अमेरिकी डॉलर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। नवतेज को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा की अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। सी.एम.एस. छात्र ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. छात्र की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के जन-सम्पर्क अधिकारी श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है।

### व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने की पुलिस कमिश्नर से भेंट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस आयुक्त अमरेंद्र सिंह सेंगर से उनके महानगर स्थित कार्यालय में मुलाकात की। व्यापारियों ने पुलिस आयुक्त अमरेश सिंह सेंगर के साथ बैठक में व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए थाने स्तर पर अनिवार्य रूप से मासिक बैठकें आयोजित किए जाने एवं एसीपी स्तर पर व्यापारियों के साथ राजधानी में त्रैमासिक बैठकें किए जाने की बात कही। व्यापारियों ने पुलिस आयुक्त के सामने बाजारों के अस्थाई अतिक्रमण की समस्या का मुद्दा प्रमुखता से उठाया तथा राजधानी में यातायात जाम की समस्या भी बैठक में उठाई। व्यापारियों ने शराब की दुकानों के बाहर लगने वाले जमावाड़े के कारण बाजारों में होने वाली अव्यवस्था एवं समस्या का भी विषय उनके संज्ञान में दिया।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ बाढ़ प्रबंधन व जन-जीवन की सुरक्षा के लिए की बैठक, कहा

# बाढ़ की स्थिति से बचाव के लिए रहें तैयार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में अब मानसून अपना पूरा असर दिखा रहा है और जमकर बादल बरस रहे है। जिसे देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अपने अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में उन्होंने बाढ़ प्रबंधन और जन-जीवन की सुरक्षा के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा की और व्यापक जनहित में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



जानकारी के अनुसार, सीएम योगी ने इस बैठक में अफसरों को बेहतर समन्वय, त्वरित कार्रवाई और बेहतर प्रबंधन से बाढ़ की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने यह भी कहा कि जल शक्ति मंत्री एवं दोनों राज्य मंत्री अति संवेदनशील तथा संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण करेंगे और बाढ़ बचाव से जुड़ी परियोजनाओं का निरीक्षण करेंगे। आधिकारियों के मुताबिक प्रदेश के महराजगंज, कुशीनगर, लखीमपुर खीरी, गोरखपुर, बस्ती, बहराइच, बिजनौर, सिद्धार्थनगर, गाजीपुर, गोंडा, बलिया, देवरिया, सीतापुर, बलरामपुर, अयोध्या, मऊ, फर्रुखाबाद, श्रावस्ती, बदायूं, आंबेडकर नगर, आजमगढ़, संतकबीर नगर, पीलीभीत और बाराबंकी समेत 24 जिले बाढ़ की दृष्टि से 'अति संवेदनशील हैं। इसी तरह सहारनपुर, शामली, अलीगढ़, बरेली, हमीरपुर, गौतमबुद्ध नगर, रामपुर, प्रयागराज, बुलन्दशहर, मुरादाबाद, हरदोई, वाराणसी, उन्नाव, लखनऊ, शाहजहांपुर और कासगंज 'संवेदनशील की श्रेणी में आते हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को अति संवेदनशील और संवेदनशील क्षेत्रों में बाढ़ की आपात स्थिति के लिये पर्याप्त सामग्री जुटाने और इन स्थलों पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था तथा आवश्यक उपकरणों का भी इंतजाम करने के निर्देश दिए है। उन्होंने बाढ़ और अत्यधिक बारिश की स्थिति की लगातार निगरानी करने के निर्देश देते हुए कहा कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बलध्पीएसी बाढ़ इकाई तथा आपदा प्रबंधन दल दिन-रात मुस्तैद रहें। आपदा मित्र स्वयंसेवकों के साथ-साथ होमगार्ड जवानों की सेवाएं भी ली जानी चाहिए। किसकी तैनाती कब और कहां होनी है इस बारे में कार्ययोजना तैयार कर लें। सभी एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल बनाया जाए। सीएम ने यह भी कहा कि अत्यधिक बारिश से फसल खराब होने पर बिना देर किये उसकी क्षतिपूर्ति कराई जाए और इसके अलावा, किसानों को मौसम पूर्वानुमान से अवगत कराते हुए खेती के लिए अनुकूल परिस्थितियों के बारे में जागरूक किया जाए। उन्होंने राज्य और जिला स्तर पर बाढ़ राहत नियंत्रण कक्ष हर वक्त सक्रिय रखने की हिदायत दी और कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय द्वारा बाढ़ से प्रभावित जनपदों में 113 बेतार केंद्र अधिष्ठापित किए गए हैं।

### जनता दरबार में युवाओं ने उठाया रोजगार का मुद्दा

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री के जनता दरबार पहुंचे युवाओं ने रोजगार का मुद्दा उठाया। छात्रों की अगुवाई कर रहे युवा मंच के कार्यकारिणी सदस्य व तकनीकी संवर्ग प्रमुख इं.राम बहादुर पटेल ने बताया कि प्रशासन ने 1 जुलाई को जनता दरबार में रोजगार के सवाल पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कराने का आश्वासन दिया था। बावजूद इसके न तो आज जनता दरबार में सीएम मौजूद रहे और न प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा युवाओं को किसी तरह का आश्वासन दिया गया। इससे युवाओं में रोष है और यह रोजगार के सवाल पर सरकार के कतई गंभीर न होने को दिखाता है।

# यूपी विधानसभा उप चुनाव की तैयारियों में जुटी बीजेपी, लगी मंत्रियों की ड्यूटी

समृद्धि न्यूज

▸ 10 सीटों पर जीत के लिए भाजपा का प्रचार अभियान तेज

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश में 10 विधानसभा सीटों के लिए होने वाले उपचुनाव का सियासी रंग चढ़ने लगा है। दरअसल, 10 सीटों पर जीत के लिए भारतीय जनता पार्टी प्रचार अभियान तेज कर दिया है। इसके लिए संगठन ने विधानसभा वार मंत्रियों की ड्यूटी लगाई है। कटेहरी विधान सभा सीट पर स्वतंत्र देव सिंह और आशीष पटेल को जिम्मेदारी दी गई है। जबकि शीशामऊ विधान सभा सीट पर सुरेश खन्ना को पार्टी ने प्रचार के लिए लगाया है।

वहीं मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर सूर्य प्रताप शाही, करहल विधानसभा सीट पर जयवीर सिंह, फूलपुर सीट पर राकेश मझवां सीट पर अनिल राजभर, गाजियाबाद सीट पर सुनील शर्मा, मीरापुर विधानसभा सीट पर अनिल कुमार को जिताने की जिम्मेदारी दी गई है। जिन 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है उनमें से 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा ने 5 सीटें जीती थी जबकि तीन सीटें बीजेपी और एक सीट उसके सहयोगी दलों- निषाद पार्टी और आरएलडी ने जीती थी। आपा को बता दें कि 10 में से 9 सीटें विधायकों के सांसद चुने जाने की वजह से जबकि एक सीट सीसामऊ के सपा विधायक इरफान सोलंकी को अयोग्य ठहराए जाने की वजह से खाली हुई है।लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद इन 10 सीटों पर होना है।

राज्य में सरकार चला रही भाजपा की अगुवाई वाला एनडीए और समाजवादी पार्टी की अगुवाई वाला इंडिया गठबंधन उपचुनाव को लेकर अपनी-अपनी रणनीति तैयार करने में जुटे हैं। हालांकि अभी चुनाव आयोग ने तारीखों का ऐलान नहीं किया है। गौरतलब है कि हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में बीजेपी को 33 सीटों पर जीत मिली है जबकि उसकी सहयोगी आरएलडी ने दो और अपना दल (सोनेलाल) ने एक सीट जीती है। समाजवादी पार्टी ने 37 और इंडिया गठबंधन में ही शामिल कांग्रेस ने 6 सीटों पर जीत हासिल की है। इस उपचुनाव में बीजेपी के सहयोगी दल और कांग्रेस भी कुछ सीटों पर चुनाव लड़ना चाहते हैं।

# कार्यकर्ताओं ने मनाया सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के कार्यकर्ता सोमवार को पूरे प्रदेश में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन मना रहे हैं। इस दौरान उन्होंने पौधे लगाए, भंडारे आयोजित किए, रक्तदान किया और अन्य तरीकों से इस दिन को मनाया। यादव का जन्म एक जुलाई 1973 को हुआ था।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती समेत कई नेताओं ने सोशल मीडिया के जरिए यादव को जन्मदिन की बधाई दी है। सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने मीडिया से कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता पौधारोपण कर सादगी से जन्मदिन मना रहे हैं। उन्होंने कहा, ''सोमवार से प्रदेशव्यापी 'पीडीए पौधारोपण' कार्यक्रम शुरू हो गया है और यह सात जुलाई तक चलेगा। कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश के हर गांव में किया जा रहा है जिसके तहत बरगद, पीपल और नीम के पौधे पीडीए वृक्ष के रूप में लगाए जाएंगे। चौधरी ने कहा कि आने वाले समय में 'पीडीए पौधारोपण' अभियान को देशव्यापी आंदोलन बनाने का प्रयास किया जाएगा। लोकसभा चुनाव से पहले अखिलेश यादव ने पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) समुदायों के मतदाताओं को लुभाने के लिए पीडीए का नारा दिया था। सपा ने हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 37 सीट जीती थीं।

### नीट परीक्षा का स्थाई समाधान निकालना बहुत जरूरी : मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने नीट परीक्षा में व्याप्त अनिश्चितता पर चिंता जाहिर करते हुए समस्या का स्थाई समाधान निकालने की मांग की है। मायावती ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट किया कि देश में समय-समय पर होने वाली विभिन्न परीक्षाओं की पवित्रता के साथ ही वर्तमान में खासकर मेडिकल की नीट-यूजी एवं पीजी परीक्षाओं को लेकर जो अनिश्चितता बनी हुई है उससे लोगों में बेचौनी, चिन्ता व आक्रोश की लहर स्वाभाविक, जिसका शीघ्र सही स्थाई समाधान निकालना बहुत ही जरूरी। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने अगले ट्वीट में लिखा कि वैसे आल इण्डिया ही नहीं बल्कि यूपी समेत राज्यों में होने वाली परीक्षाओं में पेपर लीक व सरकारी भर्तियों में भ्रष्टाचार का मामला भी अति-गंभीर, दुःखद व चिन्तनीय। इन समस्याओं के प्रति किसी प्रकार की सरकारी लापरवाही और न ही राजनीति उचित बल्कि इसकी रोकथाम के लिए सख्त कदम उठाना आवश्यक है।

# लोगों की शिकायतों को त्वरित करें निस्तारित

▸ मुख्य सचिव ने की आईजीआरएस की समीक्षा अफसरों को दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्य सचिव श्री मनोज कुमार सिंह ने इन्टीग्रेटेड ग्रीवेंस रिडेअ्सल सिस्टम (आईजीआरएस) की गहन समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। समीक्षा के उपरांत मुख्य सचिव ने कहा कि आम जन की शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित, आसान और पारदर्शी निस्तारण के लिये आईजीआरएस बहुत अच्छा सिस्टम है।



आमजन से विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण कराया जाये। शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता और शिकायतकर्ता की संतुष्टि का विशेष ध्यान रखा जाये। असंतुष्ट फीडबैक एवं स्पेशल क्लोज होने वाली शिकायतों का रेण्डम गुणवत्ता परीक्षण किया जाये। उन्होंने कहा कि उनके कार्यालय द्वारा प्रतिदिन 5 शिकायतों का रेण्डम आधार पर परीक्षण किया जायेगा और आवश्यकतानुसार मौके पर सक्षम अधिकारी को भेजकर सत्यापन कराया जायेगा। फर्जी रिपोर्ट लगाकर शिकायत क्लोज करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त एक्शन लिया जायेगा। बैठक में विशेष सचिव मुख्यमंत्री प्रथमेश कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

### दशहरे से पूर्व रामलीला मैदानों के हो जाए जीर्णोद्धार व सौन्दर्यीकरण : जयवीर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने हरदोई, मैनपुरी, एटा, कुशीनगर तथा प्रतापगढ़ में रामलीला मैदानों की चहारदीवारी तथा सौन्दर्यीकरण के कार्य अक्टूबर में दशहरे से पहले हरहाल में पूरा कराने के निर्देश दिए हैं। आदेशों के अनुपालन में कार्यदायी संस्थाओं द्वारा निर्धारित समय में कार्य पूर्ण करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य कराया जा रहा है। प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटन मंत्री ने 12 जून को समीक्षा बैठक में संस्कृति विभाग के अधीन निर्माणाधीन परियोजनाओं, कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश दिए थे। मैनपुरी की नगर पंचायत कुसमरा के रामलीला मैदान की बाउन्ड्रीवॉल गेट निर्माण आदि का कार्य दशहरा से पहले करने के निर्देश दिए थे। हरदोई के रामलीला मैदान सण्डीला में भवन निर्माण एवं अन्य विकास कार्य भी समय से पूरा करने को कहा गया था। जसवंत नगर रामलीला मैदान की तर्ज पर समस्त रामलीला मैदानों में रामायण आदि रामलीला के म्यूरल चित्र टेरीकोटा से बनवाये जाने के लिए निदेशक ललित कला अकादमी को तेजी से कार्यवाही के निर्देश दिए गये थे। रामलीला की चहारदीवारियों पर मंच के निर्माण के अलावा समस्त कार्य वैदिक रूप से किये जाने के निर्देश दिए गए। एटा के अलीगंज रामलीला मैदान का सौन्दर्यीकरण दशहरे से पहले करने के निर्देश दिए गए। कुशीनगर में रामजानकी मठ पर सार्वजनिक रामलीला मैदान में चहारदीवारी एवं अन्य कार्य कराये जा रहे हैं। कार्य 30 प्रतिशत तक पूरे हो चुके हैं। कार्यदायी संस्था ने आश्वस्त किया है कि अक्टूबर तक कार्य पूरे कर लिए जायेंगे।

# स्कूल पहुंचे बच्चे, अपर मुख्य सचिव बेसिक व शिक्षा महानिदेशक ने गेट पर किया स्वागत

समृद्धि न्यूज

▸ बच्चों को नियमित मेन्यू के अनुसार ही दिया जाए भोजन

**लखनऊ।** राजधानी सहित प्रदेश भर में बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों में आज 1 जुलाई से बच्चों की पढ़ाई शुरू हो गई है।

स्कूल चलो अभियान की शुरूआत भी हो चुकी है। इसी क्रम में लखनऊ के प्राथमिक विद्यालय चिनहट प्रथम से स्कूल चलो अभियान की शुरूआत प्रमुख सचिव बेसिक डॉ एमके शनमुगा सुंदरम और शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने की।दोनो ही अधिकारियों ने विद्यालय पहुंचे बच्चों का गेट पर स्वागत किया और उनको तिलक लगाया। इस दौरान उन्होंने ने अपने हाथों से बच्चों को चाकलेट और टाफी भी वितरित की। बच्चे जब क्लास में पहुंचे तो उनको निशुल्क किताबो के सेट दिए गये। इस दौरान प्रमुख सचिव ने कहा कि प्रदेश सरकार तमाम तरह की सुविधायें विद्यालयों में दे रही है लेकिन बच्चे पढ़लिखकर निपुण बनें ये जिम्मेदारी शिक्षकों की है। स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में शिक्षकों का अहम रोल है।

इस मौके पर मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक श्याम किशोर तिवारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी लखनऊ राम प्रवेश, खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र कटियार सहित सभी शिक्षक व बच्चे उपस्थिति रहे। प्रमुख सचिव व शिक्षा महानिदशेक ने इस दौरान बच्चों से नियमित स्कूल आने की अपील की और शिक्षा का महत्व भी बताया। इस मौके पर शिक्षकों कहा गया कि एक भी बच्चा नामांकन से छूटने आये और सभी बच्चे नियमित पढ़ाई करें इसका विशेष ध्यान रखा जाये। प्रमुख सचिव बेसिक ने कहा कि विद्यालय में एक शैक्षिक माहौल बहुत जरूरी है। बच्चों को जब एक बेहतर माहौल मिलता है तो उनका रोज विद्यालय आने का मन करता है। हम जो पढ़ा रहे हैं वह बच्चों को समझ में आना चाहिए ये हमारी मुख्य जिम्मेदारी है। शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि बच्चों को भोजन नियमित मेन्यू के अनुसार ही दिया जाये। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो।

यूपी बोर्ड

बोर्ड सचिव ने जारी की अग्रिम पंजीकरण की समय-सारिणी

# 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों का प्रवेश पांच अगस्त तक

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने बोर्ड परीक्षा 2025 की तैयारी शुरू कर दी है। विद्यालय खुलने के साथ यूपी बोर्ड ने कक्षा नौ से 12 तक के विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए अग्रिम पंजीकरण की समय सारिणी घोषित कर दी। पांच अगस्त तक प्रवेश लिए जाएंगे।

बोर्ड सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने नए सत्र की समय सारिणी जारी कर दी है। सचिव के मुताबिक 10वीं एवं 12वीं की कृषि भाग-एक की परीक्षा में शामिल होने वाले पंजीकृत छात्रों के आवेदन पर ऑनलाइन अपलोड किए जायेंगे। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं से प्राप्त परीक्षा शुल्क 10 अगस्त तक प्रधानाचार्य कोषागार में जमा करा सकेंगे। शुल्क की सूचना एवं छात्र-छात्राओं के शैक्षिक विवरण वेबसाइट पर 16 अगस्त तक अपलोड किए जाएंगे। 10 अगस्त के बाद 100 रुपये विलंब शुल्क के साथ परीक्षा शुल्क 16 अगस्त तक जमा होगा, जिसकी सूचना और शैक्षिक विवरण 20 अगस्त तक अपलोड किए जा सकेंगे। इसका परीक्षण 21 से 31 अगस्त तक होगा। त्रुटि को एक से 10 सितंबर मध्य रात्रि तक सुधारने का अवसर रहेगा। 30 सितंबरतक कक्षा नौ से 12 तक के पंजीकृत अभ्यर्थियों की फोटोयुक्त नामावली एवं संबंधित कोषपत्र की एक प्रति परिषद के क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए डीआइओएस कार्यालय में प्रधानाचार्यों को जमा करनी होगी।बोर्ड ने कक्षा नौ व 11 के छात्र-छात्राओं के अग्रिम पंजीकरण कार्यक्रम जारी किया है।

परीक्षा वर्ष 2026 एवं वर्ष 2025 की कृषि भाग-एक की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले 11वीं के छात्र-छात्राओं के अग्रिम पंजीकरण आवेदन परिषद की वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे। हाईस्कूल कंपार्टमेंट परीक्षा उत्तीर्ण एवं सन्निरीक्षा स्क्रूटनी में उत्तीर्ण अभ्यर्थी कक्षा-11 में 20 अगस्त तक प्रवेश ले सकेंगे। कक्षा नौ व 11 के छात्र-छात्राओं के अग्रिम पंजीकरण शुल्क 50 रुपये कोषागार में चालान के माध्यम से जमा करने, पंजीकरण की सूचना व विवरण परिषद की वेबसाइट पर 25 अगस्त की मध्य रात्रि तक अपलोड किए जा सकेंगे। अपलोड विवरणों की जांच 26 अगस्त से पांच सितंबर तक होगी। इसमें मिली त्रुटि छह से 20 सितंबर की मध्य रात्रि तक सुधारी जा सकेगी।

### भाषा विवि के उर्दू विभाग के प्रो. अशरफी हुए सेवानिवृत्त

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के ऊर्दू विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर सैय्यद शफीक अहमद अशरफी के सेवानिर्वत कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के अटल सभागार में किया गया। प्रो. अशरफी ऊर्दू विभाग के साथ ही भाषा विश्वविद्यालय के भी वरिष्ठ प्रोफेसर रहे। आपने भाषा विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रशासनिक दायित्वों के साथ शैक्षणिक जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। प्रो. अशरफी भाषा विश्वविद्यालय के संस्थापक प्रोफेसरों में से रहे। फेयरवेल कार्यक्रम में ऊर्दू विभाग के डॉ. अकमल ने प्रो. अशरफी का जीवन परिचय दिया। अशरफी साहब के फेयरवेल कार्यक्रम के अवसर पर सभी शिक्षकों ने उनके साथ किए गए कार्यों के अनुभव को याद करते हुए मुबारकबाद दी।

# कृषि योग्य भूमि पर प्लाटिंग कर बसा रहे कॉलोनियां

- अवैध प्लाटिंग का धंधा जोरों पर, राजस्व विभाग मौन
- आरडीए को क्यों नहीं मिल रही जमीन
- अपनी योजनाओं का विस्तार करने में क्यों है पीछे




रिंकू मिश्रा

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** शहर और आसपास के इलाकों में जमीन के कारोबार पर माफिया सक्रिय हैं। नियम कायदे को ताक पर रखकर कालोनी काटी जा रही हैं। कृषि भूमि का भू-उपयोग बदलने के नियम का भी कड़ाई से पालन नहीं हो रहा है, जिसका फायदा माफिया उठा रहे हैं। यह खेल सियासत से गठजोड़ और प्रशासनिक स्तर पर सेटिंग से चल रहा है। इससे न केवल सरकार को राजस्व के रूप में नुकसान पहुंचाया जा रहा है, बल्कि अनधिकृत कालोनी में प्लाट खरीदने वालों को भी ठगा जा रहा है। मामला जवाहर विहार विस्तार, मालिकमऊ दुर्गा इंटर कॉलेज के पीछे का है जहां नियमों के विपरीत अवैध प्लाटिंग बिना नक्शा पास कराए कृषि उपयोग भूमि पर अवैध प्लाटिंग का खेल धड़ल्ले से हो रहा है। इस खेल में शामिल भू-माफिया किसानों से कृषि भूमि को सस्ते दाम पर खरीद रहे हैं। भूमि को कृषि उपयोगी दर्शाकर खरीदा जाता है, लेकिन उसमें कालोनी काटनी शुरू कर दी जाती है। क्योंकि कृषि भूमि की रजिस्ट्री करने में स्टांप शुल्क कम लगता है, जबकि आवासीय और व्यावसायिक उपयोग के लिए रजिस्ट्री कराने में छह गुना तक ज्यादा स्टांप शुल्क जमा करना पड़ता है।लेकिन रायबरेली जिले में रेरा के अधिनियत का रत्तीभर भी पालन नहीं हो रहा है। यहां कृषि योग्य भूमि पर प्लाटिंग कर जमीन की खरीद-बिक्री करने वाले अवैध तरीके से कॉलोनियां बसा रहे हैं। न नक्शा पास करा रहे हैं और न ही रजिस्ट्री के समय इसकी जानकारी दे रहे हैं। इससे राजस्व का भी नुकसान हो रहा है।

यही नहीं, रेरा में बिना रजिस्ट्रेशन भूमि के प्लाटिंग का कारोबार जिले में धड़ल्ले से चल रहा है। सब कुछ जानने के बाद भी जिम्मेदार इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं। हाटा तहसील क्षेत्र में भी रेरा अधिनियम की धज्जियां उड़ाई जा रहीं हैं।

### अवैध प्लॉटिंग क्यों नहीं नजर आती जिला प्रशासन को



भूमाफियाओं द्वारा कृषि योग्य भूमि, सीलिंग, बंजर तथा नदी-नालों तक की जमीनों पर अवैध रूप से अपने-अपने रकबो में मिलाकर खरीद फरोख्त कर रहे हैं। खरीदारों को इसकी कोई जानकारी नहीं हैं, लेकिन इसके नियमों के उल्लंघन पर सजा का प्रावधान है। रेरा अधिनियम की धारा 59 से 72 में अपराध, दंड और न्याय निर्णयन के संबंध में प्रावधान है। अधिनियम की धारा 59, 60 और 62 रेरा के तहत गैर-पंजीकरण के लिए प्रमोटरों और रियल स्टेट एजेंटों को सजा का प्रावधान है। रेरा एक्ट में प्रमोटर, रियल स्टेट एजेंट आदि के लिए अलग-अलग सजा है, जो रेरा एक्ट की उलंघना करने पर प्रोजेक्ट की लागत के हिसाब से 10 से 50 प्रतिशत जुर्माने के साथ 1 से 3 वर्ष की जेल तक हो सकता है।

### क्या सचिन से अपने आप को बड़ा समझते हैं एक्सईएन एम अहमद

जब अधिकारी अपने दायित्वों के प्रति गंभीर नहीं रहेंगे तो स्वाभाविक है सरकार और उसकी योजनाएं धरातल पर नहीं उतर पाएंगे और अवैध प्लाटिंग जैसे गंभीर मामले का कारोबार फलता फूलता रहेगा। साथ ही सरकार के राजस्व में चूना लगाने का काम भी किया जाता रहेगा और कहीं ना कहीं इस पूरे खेल में एससीएन साहब की मौन स्वीकृति समझी जा सकती है। क्योंकि जब भी किसी खबर में विकास प्राधिकरण का पक्ष जानने के लिए फोन मिलाया जाता है तो वह फोन उठाना मुनासिब नहीं समझते हैं जबकि आइडिया की सचिव अमृता सिंह लगभग जब भी फोन किया जाता है फोन उठाती हैं पूरी बात सुनती हैं और जहां पर गलत हो रहा है उस उसे पर कार्रवाई का आश्वासन भी देती है।

# एक माह में चोरियों की लगीं कतारें

- पुलिस हताश और निराश

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



बीते एक माह के अंदर लगभग एक दर्जन से अधिक हुई चोरियों के बाद एक बार फिर चोरों ने दो घरों को निशाना बनाते हुए थाना प्रभारी को चुनौती देने के साथ-साथ उन्हें हताश एवं पस्त कर दिया है। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की थाना क्षेत्र के पश्चिम गांव के रहने वाले श्याम पुत्र तेजराम एवं बुद्धिलाल पुत्र छोटू के घरों को चोरो ने निशाना बनाया और सेंध काट कर नगदी, जेवर सहित लाखों रुपए का माल पार कर दियाद्य श्याम ने बताया कि वह जब रात को 3:00 बजे भैंस के चारे के लिए उठा तो उसने देखा कि उसके घर के दो बक्से, एक बैग रु. 20000 से अधिक के जेवर तथा रु. 20000 नगदी घर से गायब मिले, वहीं बुद्धिलाल ने बताया कि उसके घर से थारा, बटुवा सहित गृहस्थी का अन्य सामान चोर पार कर ले गए। तत्पश्चात पीड़ितों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई है। इस बाबत थाना प्रभारी विजेंद्र शर्मा ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है, आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### छात्र-छात्राओं का डीएम ने किया स्वागत



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने दिनांक 1 जुलाई 2024 को नवीन सत्र मे नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के स्वागोत्सव कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय हरदासपुर,विकास क्षेत्र अमावां मे पहुंचकर तिलक लगाकर, फूल माला पहनाकर तथा मिष्ठान खिलाकर उनका स्वागत किया गया। जिलाधिकारी ने बच्चों को शिक्षा का महत्व समझाते हुए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने और अपने पठन-पाठन में रुचि लेने के साथ व्यायाम की भी शिक्षा लेने के लिए प्रेरित किया। बच्चों ने जिलाधिकारी के समक्ष डिजिटल उपकरणों यथा टेबलेट आदि को भी ऑपरेट करके दिखाया। जिसके लिए जिलाधिकारी ने उनकी प्रशंसा भी की। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी विद्यालय के स्टाफ के साथ बच्चों को भी संचारी रोगों के रोकथाम के लिए किए जाने उपायों के लिए शपथ दिलाई। स्वगोत्सव कार्यक्रम मे प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी,जिला विद्यालय निरीक्षक ओंकार राणा,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेन्द्र प्रताप सिंह ,खंड शिक्षा अधिकारी राही बृज लाल व विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के 37वीं शाखा का उद्घाटन



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की रायबरेली जिले में 37वीं शाखा का एम्स के डायरेक्टर अरविंद राजवंशी द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया तत्पश्चात एम्स परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया एम्स डायरेक्टर अरविंद राजवंशी ने स्टेट बैंक की शाखा एम्स के अंदर खुलने पर बैंक के अधिकारियों को धन्यवाद दिया और कहा की एम्स के कर्मचारियों को बैंक की सुविधा लेने के लिए बाहर जाना पड़ता था और अब एम्स परिसर बैंक खुल जाने से आने वाले तीमारदरों को भी आसानी हो जाएगी और कर्मचारियों को भी इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। इस मौके पर रीजनल मैनेजर बृजभान सिंह शाखा प्रबंधक अभिषेक प्रताप सिंह सौरभ श्रीवास्तव अनुज व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे

### न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में मनाया गया नेशनल डॉक्टर डे



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** सोमवार को न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू,महराजगंज रायबरेली में नेशनल डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महाराजगंज के अधीक्षक डॉ ज़्बीज़्केज़ श्रीवास्तव तथा डॉज़ राजेश कुमार श्रीवास्तव, डॉज़्नैंसी, डॉ. एस.के. राय, डॉ. अनुज को विद्यालय के छात्र-छात्रों द्वारा पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजीव सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक वर्ष 1 जुलाई का दिन भारत में नेशनल डॉक्टर डे के रूप में मनाया जाता है। इस दिन लोग डॉक्टर के काम और उनके सम्मान में उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। समाज के प्रति उनकी सेवा व समर्पण के लिए उन्हें धन्यवाद देते हैं। यह दिन देश के महान डॉक्टर विधान चंद्र राय को समर्पित है वे एक महान समाज सेवी, कुशल राजनेता एवं स्वतंत्रता सेनानी भी थे।1 जुलाई को डॉक्टर बी सी राय का जन्मदिन हुआ था इसलिए उन्ही के सम्मान में यह दिन देश भर में डॉक्टर्स डे के रूप में मनाया जाने लगा। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक भूपेंद्र शुक्ला व छात्र अदिति गुप्ता, निकिताशा, अंशिका गुप्ता व ओम आधार त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

# प्रभात युवा शक्ति ने जीत का मनाया जश्न



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

इंडिया की जीत पर प्रभात युवा शक्ति ने मनाया जश्न साउथ अफ्रीका पर जैसे ही भारत की सात रनों से जीत हुई पूरा देश उत्सव मनाने लगा वही महराजगंज नगर में प्रभात युवा शक्ति द्वारा ढोल नगाड़ों और डीजे के साथ पूरे नगर में लोगों को मिठाइयां बांटी गई आतिशबाजी की गई और डीजे पर युवाओं ने जमकर डांस किया तथा भारत माता की जय के नारे लगाते हुए विभिन्न मार्गो से होते हुए नगर की जनता को भारत की जीत पर हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी। इस मौके पर संरक्षक प्रभात युवा शक्ति पीयूष साहू एवं मुख्य अतिथि प्रभात साहू सुधीर साहू एवं सुनील मौर्या टीपी यादव सरवन नेता संतोष वर्मा बुद्धन सुरेश मोदनवाल राजकुमार वैश्य अरुण वर्मा सभासद नूरुल हसन विनीत वैश्य मुस्ताक अलीम अमित त्रिपाठी धर्मेंद्र वर्मा सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# प्रेम विवाह से नाराज युवती के परिजनों ने युवक पर किया जानलेवा हमला

**हरचंदपुर रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिले में एक युवक को गांव की ही युवती लड़की से प्रेम विवाह करना महंगा पड़ गया। युवती के परिजनों ने आधा दर्जन से अधिक लोगों के साथ युवक पर लाठी डंडों और कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर हालत में युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रेम विवाह के बाद युवक की अपील पर जान के खतरे को देखते हुए हाईकोर्ट से सुरक्षाकर्मी भी मिले थे। लेकिन हमले के समय सुरक्षाकर्मी युवक के साथ नहीं थे।



मामला हरचंदपुर थाना क्षेत्र के पूरे श्रद्धा का पुरवा गांव का है। जहां बबलू पुत्र राकेश ने 2018 में गांव की ही रहने वाली एक युवती से प्रेम विवाह कर लिया था। शादी के बाद दोनों ने अपना गांव छोड़ दिया था लेकिन 2021 में हाईकोर्ट से सुरक्षा मिलने के बाद फिर गांव वापस लौट आए थे।

सोमवार को बबलू दवा लेने के लिए जा रहा था तभी लड़की के पिता गया प्रसाद सिंह ने अपने लड़कों व लगभग आधा दर्जन से अधिक दबंग के साथ युवक पर लाठी डंडों व कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। दबंग के हमले में युवक लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा।

### घटना को अंजाम देकर सभी हमलावर मौके से फरार

वहीं घटना को अंजाम देकर सभी हमलावर मौके से फरार हो गए। युवक पर हमले के समय हाई कोर्ट से मिले सुरक्षाकर्मी भी मौजूद नहीं थे। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। पीड़ित ने लड़की के परिजनों सहित आधा दर्जन लोगों को नामजद करते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करके फरार हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। डॉक्टर रोशन पटेल ईएमओ जिला अस्पताल ने बताया कि बबलू सिंह को हरचंदपुर सीएससी से रेफर होकर आया है। उसके सिर में गंभीर चोट लगी है। युवक का उपचार किया जा रहा है।

# पीड़ित ने उपजिलाधिकारी से लगाई न्याय की गुहार

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



मोहम्मद शब्बीर पुत्र स्वर्गवासी मोहम्मद अय्यूब निवासी वार्ड नंबर एक गांधीनगर नगर टाउन एरिया महराजगंज जिला रायबरेली। ने उपजिलाधिकारी को लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया कि प्रार्थी के नाम भूमि स्थित टाउन एरिया महाराजगंज गाटा संख्या 35 .0 रकबा 0.274 हेक्टेयर भूमि में प्रार्थी सहखाते दार है तथा उक्त गाटा संख्या से मुझ प्रार्थी के पिता मोहम्मद अय्यूब पुत्र वली मोहम्मद ने उक्त गाटा संख्या से 6 मीटर चौड़ा व 24 मीटर लंबा भूमि का विक्रय किया था जो वहीद बेगम पत्नी मोहम्मद फरीद के हक में विक्रय किया था जो टाउन एरिया महराजगंज के निवासी हैं जो विकृत भूमि पर कब्जा हुआ निर्माण कार्य किए हुए हैं तथा जो शेष हिस्से की भूमि बच रही है उस भूमि पर कुछ हिस्से पर वहीद बेगम के पति और लड़के कब्जा किए हुए हैं ।तथा प्रार्थी के हिस्से की भूमि पर निर्माण कार्य व कब्जा किए हुए हैं तथा उक्त भूमि के संबंध में कई बार प्रार्थना पत्र दिया गया है परंतु मौके पर जाकर किसी प्रकार का निस्तारण नहीं किया जाता है। जिससे मुझ प्रार्थी की भूमि का नुकसान हो रहा है तथा उक्त भूमि का वाद बंटवारे का न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी के यहां लंबित है एवं उक्त वाद मे यथा स्थिति का आदेश भी पारित है। परंतु प्रतिपक्षीगण मुझ प्रार्थी की भूमि पर नाजायज तरीके से कब्जा किए हुए हैं तथा उक्त भूमि गाटा संख्या की सही जांच कर कर मुझ प्रार्थी के उक्त भूमि पर कब्जा दिलवाया जाए तथा जो अनाधिकार कब्जा किए हुए उनका नियमानुसार कब्ज़ा हटावाये जाने की कृपा की जाये।

# सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय के प्राचार्य बने डॉ. अभय सिंह



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** बछरावां विकासखंड की सेहंगो ग्राम सभा में स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय में पूर्व में प्राचार्य पद रिक्त होने के बाद आज महाविद्यालय के ही प्रवक्ता डॉक्टर अभय सिंह को महाविद्यालय प्रबंध समिति द्वारा महाविद्यालय का प्राचार्य नियुक्त किया गया है। हिंदी विषय के मर्मज्ञ, मृदु भाषी डॉ.अभय सिंह महाविद्यालय के लोकप्रिय शिक्षकों में से एक हैं। प्राचार्य पद पर उनकी नियुक्ति होने से क्षेत्र के प्रबुद्ध वर्ग के लोगों ने शुभकामनाएं दी हैं?। वही उनके बड़े भाई जय सिंह द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल करने पर सोशल मीडिया पर भी लोगों का बढ़िया का ताता लगा हुआ है।

# दिनदहाड़े टप्पेबाजों का आतंक

- बैंक के अंदर बैठकर एसी की हवा खाते हैं ड्यूटी पर तैनात सिपाही

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

आए दिन अपने नए-नए कारनामों से चर्चा में बने रहने वाले बछरावां के थाना प्रभारी विजेंद्र शर्मा एवं उनके अन्य स्टॉप की घोर लापरवाही का एक नया खेल सामने आया है। जब थाना क्षेत्र के कस्बा अंतर्गत दिनदहाड़े टप्पेबाजो का आतंक का पूर्ण रूप से देखने को मिल रहा हैद्य विदित हो कि रोशनी पत्नी जितेंद्र निवासी ग्राम डिघौरा सोममऊ थाना हरचंदपुर ने स्थानीय थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए अवगत कराया की प्रार्थिनी 30 जून 2024 को बछरावां में स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम में अपने एटीएम कार्ड से रुपए निकालने आई थी, वहां पर मिले अज्ञात व्यक्ति ने की मदद करने के बहाने से प्रार्थिनी का एटीएम कार्ड बदल गयाद्य अज्ञात व्यक्ति ने प्रार्थिनी एटीएम कार्ड से खाते में जमा रु. 10000 एवं 4500 दो बार निकाल लिये, प्रार्थिनी ने स्थानीय थाने में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। इस बाबत थाना प्रभारी विजेंद्र शर्मा ने बताया कि घटना का प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही हैद्य लेकिन बैंक पहुंचने वाले स्थानीय ग्राहकों का यह अभी कहना है कि स्थानीय थाने का जो भी सिपाही एटीएम की सुरक्षा के लिए तैनात किया जाता है, वह बैंक के अंदर एसी में बैठकर हवा खाता रहता है। चाहे बाहर कोई घटना हो उनको इसे कोई मतलब नहीं है।

# सर्पदंश से बालिका की मौत

**सरेनी रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रविवार की रात को कमरे में बिस्तर लेने गई बालिका को जहरीले सांप ने काट लिया इससे उसकी मौत हो गई। घटना से कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र के पूरे वदा ली मजरे रायपुर गांव के रहने वाले रामनरेश की 21 वर्षीय बेटी प्रीति बीती रात करीब 8:30 बजे कमरे में बिस्तर लेने गई थी। जहां बैठे जहरीले सांप ने उसे काट लिया इससे हड़कंप मच गया। परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे जहां के चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन रायबरेली पहुंचने के पहले ही प्रीति की हालत बिगड़ने लगी। गांव के दीपू मिश्रा ने बताया कि परिजन उसे सी एच सी लालगंज ले गए जहां के चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# कुत्ते को बचाने के प्रयास में गिरे बाइक सवार, एक की मौत, एक घायल

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



जनपद में बाइक सवार दो युवक आवारा कुत्ते से टकराकर हाईवे पर गिर गए। हादसे में एक युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां युवक की हालत नाजुक बतायी जा रही है। दरअसल, ये पूरा मामला लालगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सुल्तानपुर जाला गांव का है, जहां शुभम तिवारी (22) पुत्र भीम शंकर तिवारी निवासी कुड़वल थाना लालगंज अपने साथी तनुज तिवारी (उम्र 28 वर्ष) निवासी नाहरपुर थाना गुरुबक्सगंज के साथ बाइक से घर जा रहे थे। इस दौरान दोनों बाइक सवार आवारा कुत्ते से टकराकर घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने शुभम तिवारी को मृत कर दिया। वहीं, तनुज तिवारी की हालत गंभीर देखते हुए उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की विधिक कार्रवाई शुरू की है।

### अधेड़ को टोल प्लाजा की कार ने मारी टक्कर, मौत

जनपद के लालगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मधुकरपुर गांव में देर रात एक और दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। देर रात खाना खाकर टहलने निकले अधेड़ को टोल प्लाजा की पेट्रोलिंग कार ने जोरदार टक्कर मार दी। कार की टक्कर से बुजुर्ग की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान खैराती पुत्र रज्जब उम्र 50 वर्ष निवासी मधुकरपुर के रूप में हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया है।

# भाकपा (माले) ने तीन कानूनों को बताया जनविरोधी

- डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति व राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा
- तीनों नए कानून पास करके पुलिस को एक छत्र राज दिया जा रहा
- उत्तर प्रदेश में गरीबों के घरों पर बुलडोजर चलना बंद हो



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

भारत की कम्युनिस्टपार्टी मार्क्सवादी लेनिनवादी भाकपा माले ने पूरे देश में लागू किए गए तीनों नए कानून का विरोध करते हुए डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति व राज्यपाल के नाम का ज्ञापन सौंपा गया है।

सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी कार्यालय के सामने भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लेनिन वादी ने पास किए गए तीनों नए कानून का विरोध किया है। और जमकर नारेबाजी भी की है। पार्टी के पदाधिकारी विजय विद्रोही ने बताया कि मोदी सरकार लगातार किसानों के प्रति हमेशा से उदासीन रही है। और यह तीनों नए कानून पास करके पुलिस को एक छत्र राज दिया जा रहा है। पहले पुलिस अगर किसी आरोपी को पकड़ी थी तो 3 दिन के अंदर उसे मजिस्ट्रेट के सामने पेश करना पड़ता था। लेकिन नए कानून में ऐसा नहीं है। पदाधिकारीयों द्वारा मांग की गई है कि पास किए तीनो नए कानून पर रोक लगाई उन्हें उचित प्रशिक्षण और विचार विमर्श के लिए संसद में फिर से पेश किया जाए, उत्तर प्रदेश में गरीबों के घरों पर बुलडोजर चलना बंद हो। उनकी बेदखली रोकी जाए और दमनकारी बुलडोजर राज पर रोक लगाई जाए समूह की महिलाओं पर सरकारी और गैर सरकारी वित्तीय कंपनियों के सभी लघु ऋण माफ किया जाए ऐसी कई मांगों को लेकर पदाधिकारी ने ज्ञापन सौंप कर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया है।

# पौधरोपण कर मनाथा पूर्व सीएम अखिलेश यादव का जन्मदिन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के 51वें जन्मदिन के सुअवसर पार्टी के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी डॉ. शशिकांत शर्मा (संस्थापक प्रबन्धक न्यू स्टैण्डर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट) के द्वारा आईटीआई स्थित वृद्धाश्रम पहुँचकर सर्व प्रथम वृक्षारोपण के अन्तर्गत वहाँ पर नीम, पीपल एवं बरगद के पौधे रोपित कर राष्ट्रीय अध्यक्ष के दीर्घायु होने की कामना की। तद्पश्चात वृद्धाश्रम में उपस्थित वृद्धजनों को भोजन एवं फलवितरण किया।

डॉ. शशिकान्त शर्मा ने वहाँ उपस्थित सभी माताओं-बहनों को प्रणाम करते हुए कहा कि आज मेरे यहाँ आने का उद्देश्य यह है कि देश के पिछड़ा-दलित मोर्चा के प्रखर सूत्रधार अखिलेश यादव का जन्मदिन लोक-कल्याण दिवस के रूप में मनाया जा रहा है यह तभी सम्भव होगा जब हमारे साथ आप सभी वृद्धजनों का आशीर्वाद बना रहेगा। हम आश्रम की प्रगति के प्रति आत्मिक भाव से निरंतर संकल्पित रहेंगे। यह सुनकर वहाँ उपस्थित सभी वृद्धजनों ने मन की गहराईयों से माननीय श्री अखिलेश यादव जी और समाजवादी पार्टी की गति-प्रगति का आशीर्वाद दिया, साथ ही श्री रामबली सिंह, मैनेजर श्री धनन्जय सिंह एवं अनुज श्रीवास्तव के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर छोटेलाल यादव, राजकुमार (सभासद), बलराज राना, लालमणि चौधरी(पूर्व सभासद), राजू यादव, अब्दुल वाहिद, मो0 षकील, के.के. साहू (जिला अध्यक्ष साहू चौपाल), प्रभाकर गुप्ता(अध्यक्ष कसौधन समाज), जसवंत प्रधान नितिन सिंह, संजय श्रीवास्तव एवं अन्य सहयोगी साथी उपस्थित रहे।

# बीए की छात्रा ने जनपद में हासिल किया प्रथम स्थान

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



बेटियां आज हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है वह ट्रेन चलाने एरोप्लेन उड़ाने के साथ-साथ अंतरिक्ष में कदम रखने में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां पर देश की बेटियों ने सफलता हासिल ना कि हो अपनी प्रतिभा के दम पर समाज को बेटियों के बारे में गलत सोच रखने वालों को आइना दिखा रही हैं शिक्षा के क्षेत्र में डलमऊ क्षेत्र की बेटी ने ऐसा ही कुछ कारनामा कर दिखाया है सोमवार को घोषित हुए विश्वविद्यालय के परिणाम में डलमऊ क्षेत्र के प्रतिष्ठित महाराणा प्रताप महिला महाविद्यालय की छात्रा शमिता यादव पुत्री शैलेंद्र यादव ने बी. ए. तृतीय वर्ष की वार्षिक परीक्षा में अपने कठिन परिश्रम लगन एवं गुरुजनों के सही मार्गदर्शन से जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया यही नहीं छात्र ने पूरे विश्वविद्यालय में तृतीय स्थान हासिल कर माता-पिता विद्यालय एवं जनपद का नाम रोशन किया छात्र समित ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी कड़ी मेहनत गुरुजनों एवं माता-पिता को दिया महाविद्यालय प्रबंधक निरंजन सिंह ने बताया कि विद्यालय में बच्चों को उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान की जाती है तथा बच्चों को सही मार्गदर्शन देकर सफलता के गुण सिखाए जाते हैं महाविद्यालय परिवार द्वारा छात्र का मुंह मीठा कराकर बधाइयां दी गई तथा उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया गया इस मौके पर प्रबंधक निरंजन सिंह रघुवीर सिंह अजीत श्रीवास्तव प्रामालिनी शुक्ला प्रदीप यादव जसीम सहित अन्य अध्यापक एवं विद्यालय परिवार के लोग मौजूद रहे।

## क्रिकेट में बादशाहत

भारतीय क्रिकेट प्रेमियों के लिये शनिवार 'जीत के जश्न' का वार बन गया। सत्रह साल बाद टी-20 विश्वकप भारत ने अपनी झोली में डाला। एक समय लगा कि पूरे टूर्नामेंट में लगातार मैच जीतने वाली टीम इंडिया के हाथ से जीत फिसलने वाली है। भारतीय क्रिकेट प्रेमी दिल थामकर जीत की दुआ कर रहे थे। लेकिन पंद्रह ओवर के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने जिस तरह फिसलते मैच पर अपनी पकड़ बनाकर शानदार जीत हासिल की, उसने बताया कि सही मायनों में यह एक विश्व विजेता टीम है। बहरहाल, हकीकत यह है कि भारत दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर विश्व विजेता बन चुका है। भारत ने टॉस जीतकर बीस ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 176 रन बनाये थे। यह एक अच्छा स्कोर था, लेकिन क्रिकेट तमाम अनिश्चितताओं का खेल है। एक समय जब दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी बेहद आक्रामक अंदाज में खेल रहे थे, उन्हें तीस गेंद में तीस रन बनाने थे। उसके छह खिलाड़ी मौजूद थे। हेनरिक क्लासेन व डेविड मिलर की शानदार बल्लेबाजी से लगा था कि मैच भारत के हाथों से फिसल रहा है। लेकिन अंतिम पांच ओवर में कप्तान रोहित शर्मा की रणनीति के साथ भारतीय गेंदबाजों और फिल्डरों ने जैसा खेल दिखाया, वह इतिहास में दर्ज रहेगा। सोलहवें ओवर में बुमराह की सधी गेंदबाजी ने दक्षिणी अफ्रीकी खिलाड़ियों पर दबाव बनाया। फिर 17वें ओवर में हार्दिक पांड्या ने क्लासेन को आउट करके मैच की दिशा बदली। 18वें ओवर में बुमराह ने यानसन को चलता किया। दरअसल, भारतीय गेंदबाजों की शानदार गेंदबाजी व चुस्त फिल्डिंग ने मैच का पासा भारत के पक्ष में पलट दिया। 19वें ओवर में अर्शदीप की सधी गेंदबाजी के बाद आखिरी ओवर में दक्षिण अफ्रीका को 16 रन बनाने थे। हार्दिक की गेंद पर छक्का मारने की कोशिश के बीच सूर्य कुमार यादव ने जो अद्भुत कैच पकड़ा, उसने भारत का विश्व विजयी होना तय कर दिया। हार्दिक की अन्य गेंद पर सूर्य कुमार के कैच ने आखिरकार मोहर लगा दी कि भारत टी-20 क्रिकेट का बादशाह बन चुका है। इस तरह भारत के जुझारू खिलाड़ियों ने हार की तरफ जाती बाजी को दमदार खेल से जीत में बदल दिया। पूरे टूर्नामेंट में रोहित शर्मा की टीम अजेय टीम की तरह खेली। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में एक भी मैच हारे बिना ट्रॉफी अपने नाम कर दी। इस मैच में विराट कोहली के शानदार 76 रन जीत की आधारशिला बने, जबकि पहले पांच ओवर में ही भारत अपने तीन बड़े विकेट गवां चुका था। हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह की शानदार गेंदबाजी याद रहेगी। जिनके प्रयासों से मैच का पलड़ा भारत के पक्ष में झुका। लेकिन इस शानदार उपलब्धि का एक असहज करने वाला परिणाम यह भी है कि अब टी-20 के अंतर्राष्ट्रीय मैचों में रोहित शर्मा, विराट कोहली तथा रवींद्र जडेजा खेलते नजर नहीं आएंगे।

# प्लास्टिक खाकर पीकर जानलेवा बीमारियों से जल्द मर रहे

डॉ. प्रितम भि. गेडाम



**(अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस विशेष - 3 जुलाई 2024)**

**प्लास्टिक कचरे से हर साल 100 मिलियन समुद्री जीव मरते हैं, हर साल 100,000 समुद्री जीव प्लास्टिक में उलझने से जान गवांते है। गर्म खाद्य पदार्थों के लिए प्लास्टिक का प्रयोग जहर जैसा है क्योंकि जैसे ही प्लास्टिक का गर्म खाद्यपदार्थों से संपर्क होता है, तो प्लास्टिक अपने जहरीले रसायनों को छोड़ता है, जो खाद्यपदार्थों में मिलता है और उस खाद्य पदार्थों को खाकर इंसान जानलेवा बीमारियों का शिकार होता है, इसलिए प्लास्टिक प्रदूषण के द्वारा मौतों में लगातार वृद्धि हो रही है। प्लास्टिक में मौजूद जहरीले रसायन मानव शरीर में हार्मोन गतिविधि को बदल सकते हैं, प्लास्टिक में मौजूद विघटनकारी रसायन बांझपन, मोटापा, मधुमेह, प्रोस्टेट या स्तन कैंसर, थायरॉयड समस्याओं, हृदय रोग और स्ट्रोक के जोखिम को बढ़ाते हैं। प्लास्टिक की थैलियों को फोटोडिग्रेड होने में लगभग 300 साल और कुछ प्लास्टिक को हजार साल तक लग जाते हैं।**

पृथ्वी पर मानव ने अपनी सुविधा के लिए नवनवीन आविष्कार किये, परंतु जरूरत से ज्यादा प्राकृतिक संसाधनों का दोहन हुआ, आज अपने सुख के लिए मानव प्रकृति के साथ खिलवाड़ करके पृथ्वी को नष्ट करने पर तुला है, जबकि पृथ्वी पर मानव अस्तित्व के साथ ही सम्पूर्ण जीवसृष्टि के लिए भी धोखा निर्माण हो गया है, तेजी से बदलता जलवायु परिवर्तन मानव निर्मित कारणों का नतीजा है। अमेरिका के स्वतंत्र अनुसंधान संस्थान हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टिट्यूट की रिपोर्ट ने बताया कि 2021 में 81 लाख मौतें वायु प्रदूषण के कारण हुईं, भारत में 21 लाख और चीन में 23 लाख मौत के लिए वायु प्रदूषण जिम्मेदार है, मौतों का यह आंकडा बहुत ही ज्यादा है। वायु प्रदूषण के साथ ही जल प्रदूषण, प्लास्टिक प्रदूषण, मृदा प्रदूषण, ई-कचरा, जैव-चिकित्सा अपशिष्ट, घातक रसायनों का प्रयोग, लाखों लोगों को हर साल घातक बीमारियों से जकड़कर असमायिक मौत दे रहे हैं। प्रदुषण से पशु-पक्षी, वन्यजीव, समुद्रजीव तेजी से ख़त्म हो रहे हैं। पृथ्वी पर प्लास्टिक प्रदूषण इस तरह से बढ़ा है कि अगर आज पूरे विश्व में प्लास्टिक बंदी हो जाए तो भी हजार साल उसका अस्तित्व वातावरण में नजर आयेगा। आपको जानकर हैरानी होगी कि आज के वर्तमान युग में हम रोज प्लास्टिक खा रहे हैं, पी रहे हैं और प्लास्टिक मिश्रित ऑक्सीजन ले रहे हैं। वैश्विक स्तर पर, हर साल प्रति व्यक्ति संभावित रूप से 11,845 से 193,200 माइक्रोप्लास्टिक्स ग्रहण करता है, जो 7.7 ग्राम से 287 ग्राम प्रति व्यक्ति के बीच होता है, इसका सबसे बड़ा जरिया हमारा पीने का पानी है। क्रिश्चियन चैरिटी समूह टियरफ़ंड द्वारा किए गए शोध से पता चला है कि विकासशील देशों में हर 30 सेकंड में एक मौत के लिए प्लास्टिक कचरा जिम्मेदार है।

शोधकर्ताओं ने पाया कि हर साल चार लाख से दस लाख लोग कुप्रबंधित प्लास्टिक कचरे के संपर्क में रहने के कारण कैंसर जैसी घातक बीमारियों से मरते हैं। प्लास्टिक कचरे से हर साल 100 मिलियन समुद्री जीव मरते हैं, हर साल 100,000 समुद्री जीव प्लास्टिक में उलझने से जान गवांते है। गर्म खाद्य पदार्थों के लिए प्लास्टिक का प्रयोग जहर जैसा है क्योंकि जैसे ही प्लास्टिक का गर्म खाद्यपदार्थों से संपर्क होता है, तो प्लास्टिक अपने जहरीले रसायनों को छोड़ता है, जो खाद्यपदार्थों में मिलता है और उस खाद्य पदार्थों को खाकर इंसान जानलेवा बीमारियों का शिकार होता है, इसलिए प्लास्टिक प्रदूषण के द्वारा मौतों में लगातार वृद्धि हो रही है। प्लास्टिक में मौजूद जहरीले रसायन मानव शरीर में हार्मोन गतिविधि को बदल सकते हैं, प्लास्टिक में मौजूद विघटनकारी रसायन बांझपन, मोटापा, मधुमेह, प्रोस्टेट या स्तन कैंसर, थायरॉयड समस्याओं, हृदय रोग और स्ट्रोक के जोखिम को बढ़ाते हैं। प्लास्टिक की थैलियों को फोटोडिग्रेड होने में लगभग 300 साल और कुछ प्लास्टिक को हजार साल तक लग जाते हैं। वे छोटे-छोटे जहरीले कणों में टूट जाते हैं जो मिट्टी और जलमार्गों को प्रदूषित करते हैं और जब जानवर, पशुपक्षी या समुद्रीजीव गलती से ये प्लास्टिक खा लेते हैं, तो वे खाद्य श्रृंखला में प्रवेश कर जाते हैं। प्लास्टिक को जलाने से उन्हें खत्म नहीं किया जा सकता, क्योंकि जलाने पर वे वायुमंडल में जहरीली गैसें छोड़ते हैं जो वायु प्रदूषण का कारण बनती हैं। हर साल 3 जुलाई को दुनियाभर में जनजागृति के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस मनाया जाता है, इस वर्ष की थीम व्यक्तियों, व्यवसायों और संगठनों को प्लास्टिक के अन्य स्थायी विकल्प अपनाने के लिए प्रोत्साहित करें यह है, प्लास्टिक के उपयोग और अपशिष्ट को कम करने के लिए नीतिगत परिवर्तनों और प्रणालीगत समाधानों पर जोर दें। प्लास्टिक बैग पेट्रोलियम उत्पादों से बने होते हैं, प्लास्टिक खाद्य भंडारण पैकेज में जहरीले रसायन होते हैं, प्लास्टिक उत्पादन के दौरान जहरीले रसायन निकलते हैं। साल 2050 तक महासागरों में मछलियों की तुलना में प्लास्टिक कचरा अधिक होगा। हर साल दुनिया भर में करीब 500 बिलियन प्लास्टिक बैग इस्तेमाल किए जाते हैं, यह बहुत ज़्यादा बैग हैं। दुनिया भर में हर सेकंड 160,000 प्लास्टिक बैग का उपयोग किया जाता है, जिनका जीवनकाल लगभग 12 से 25 मिनट है। दुनिया भर में हर मिनट लगभग दस लाख प्लास्टिक पेय की बोतलें बेची जाती हैं, प्यू चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्ययन 2022 अनुसार, हर साल 11 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक प्लास्टिक समुद्र में प्रवेश करता है, जो पानी में मिलकर खाद्य श्रृंखला को बाधित करता है। ईए की रिपोर्ट के अनुसार, भारत एमडब्ल्यूआई में चौथे स्थान पर है, जहां 98.55 प्रतिशत उत्पन्न कचरे का कुप्रबंधन किया जाता है। भारत में प्लास्टिक कचरे का उत्पादन पिछले पांच वर्षों में चार गुना हो गया है। सरकार का कहना है कि देश का 60 प्रतिशत प्लास्टिक कचरा रिसाइकिल किया जाता है, जबकि सीपीसीबी डेटा पर आधारित सीएसई डेटा के मुताबिक, भारत अपने प्लास्टिक कचरे का केवल 12 प्रतिशत ही रिसाइकल कर पाता है। भारत देश में एकल उपयोग प्लास्टिक थैलियों पर प्रतिबंध है, बहुत बार प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड एवं महानगर पालिका या नगर निगम द्वारा दुकानों, कारखानों पर छापा मारकर प्लास्टिक थैलियों का अवैध माल जप्त किया जाता है। परंतु हम सभी जानते है कि पाबंदी के बावजूद बड़ी मात्रा में प्लास्टिक थैलियों का अवैध व्यापार और उपयोग धड़ल्ले से जारी है। दुकानदार के मना करने के बावजूद ग्राहक भी प्लास्टिक थैलियों की मांग करते है, ऐसे लोगों की बेवकूफी का खामियाजा अन्य लोगों और पर्यावरण को भुगतना पड़ता है, जिससे मासूमों जीवों की जान भी चली जाती है। बहुत बार हमें रास्ते, दुकान, स्ट्रीट वेंडर्स किराना दुकान, होटल, सब्जी भाजी फल वाले, खाद्यपदार्थ विक्रेता, छोटे-मोटे दुकानदार की तरफ बैन प्लास्टिक थैलियों का इस्तेमाल नजर आता है। थैलियां इस्तेमाल हो रही है मतलब, ऐसी अवैध प्लास्टिक थैलियों का उत्पाद शुरू है।

पृथ्वी पर मानव अस्तित्व और जीवसृष्टी को बचाना है तो, प्लास्टिक का इस्तेमाल तुरंत बंद करना होगा, प्लास्टिक के अन्य पर्याय का अनुकरण करके पर्यावरण की रक्षा करनी होगी। लोग प्लास्टिक का अधिक उपयोग करने के आदी हो गये हैं। आलस और स्वार्थवृत्ति छोड़कर कपड़े या कागज की थैलियों का उपयोग करें, पैसे से ज्यादा प्रकृति को प्राधान्य दें। कानून और सरकारी नीति नियमों का पालन करें। कचरा निर्मित न हो या कम हो इसका ध्यान रखें। हर वस्तु के पुनर्चक्रण के बारे में सोचें। प्लास्टिक पैक खाद्य उत्पादों को खरीदने से बचें। एकल उपयोग वाले डिस्पोजेबल प्लास्टिक मना करें। बाहर प्लास्टिक पानी की बोतल खरीदने के बजाय घर से स्टील की बोतल लेकर निकलें।

## विचार

# मोदी 3.0 सरकार आज से पहली अग्निपरीक्षा से गुजरेगी

डॉ. ज्ञान पाठक




**देश भर के राज्यों के बार काउंसिल और बार एसोसिएशनों की ओर से कई ज्ञापन बार काउंसिल ऑफइंडिया (बीसीआई) को भेजे गए हैं, जिसे बीसीआई ने 26 जुलाई को पारित अपने प्रस्ताव में स्वीकार किया है, जिसमें तीन नए आपराधिक कानूनों के खिलाफकड़ा विरोध व्यक्त किया गया है और जब तक इन कानूनों को वापस नहीं लिया जाता या निलंबित नहीं किया जाता, तब तक अनिश्चितकालीन आंदोलन और विरोध प्रदर्शन करने की उनकी मंशा का संकेत दिया गया है।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को अपने तीसरे कार्यकाल (मोदी 3.0) में1 जुलाई से पहली अग्निपरीक्षा से गुजरना होगा। तीन नए आपराधिक कानूनों - भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) के क्रियान्वयन की तिथि एक जुलाई से ही निर्धारित की गई है। देश भर में राज्य बार काउंसिल और बार एसोसिएशन सहित समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा इसका कड़ा विरोध किया जा रहा है और भारत की संसद द्वारा व्यापक समीक्षा की मांग की जा रही है, जहां देश के लोगों ने अभी-अभी बहुत मजबूत विपक्ष को चुनावों में जिताकर भेजा है। ये कानून भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (आईईए) की जगह लेंगे। देश भर के राज्यों के बार काउंसिल और बार एसोसिएशनों की ओर से कई ज्ञापन बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) को भेजे गए हैं, जिसे बीसीआई ने 26 जुलाई को पारित अपने प्रस्ताव में स्वीकार किया है, जिसमें तीन नए आपराधिक कानूनों के खिलाफकड़ा विरोध व्यक्त किया गया है और जब तक इन कानूनों को वापस नहीं लिया जाता या निलंबित नहीं किया जाता, तब तक अनिश्चितकालीन आंदोलन और विरोध प्रदर्शन करने की उनकी मंशा का संकेत दिया गया है, जिसमें भारत की संसद द्वारा व्यापक समीक्षा सहित गहन राष्ट्रव्यापी चर्चा शामिल है।

यह याद रखने योग्य है कि मोदी सरकार ने दिसंबर 2023 में आयोजित शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा में लगभग पूरे विपक्षी सदस्यों को निलंबित कराकर लोकसभा में तीन आपराधिक कानूनों पर किसी भी सार्थक चर्चा से सफ्लतापूर्वक परहेज किया था। इन्हें 21 दिसंबर को पारित किया गया, सरकार ने 25 दिसंबर, 2023 को जल्दबाजी में राष्ट्रपति की सहमति प्राप्त की और उसी दिन अधिसूचित किया। गृह मामलों पर विभागीय संसदीय स्थायी समिति के विपक्षी सदस्यों ने अंतिम रिपोर्ट में अपनी असहमति दर्ज कराई थी, हालांकि, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला द्वारा लगभग पूरे विपक्ष को लोकसभा से निष्कासित करने की कार्रवाई के बाद मोदी सरकार ने भारत की संसद में बहुमत के बल पर इन कानूनों को पारित करवाया था। हाल ही में, विपक्ष ने इन तीनों कानूनों की संसदीय समीक्षा की मांग की है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र भेजकर आग्रह किया है कि केंद्र को इन कानूनों को लागू नहीं करना चाहिए क्योंकि इन्हें अनुचित जल्दबाजी में पारित किया गया था। उन्होंने इनकी व्यापक संसदीय समीक्षा की मांग भी की। हालांकि, पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले केंद्र ने कहा है कि वह 1 जुलाई, 2024 से तीनों आपराधिक कानूनों को लागू करने के लिए पूरी तरह से और व्यापक रूप से तैयार है। अब तक, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने मौजूदा अपराध और आपराधिक ट्रैकिंग नेटवर्क और सिस्टम (सीसीटीएनएस) एप्लिकेशन में 23 कार्यात्मक संशोधन किये हैं, जिसके तहत अब देश के हर पुलिस स्टेशन में सभी मामले दर्ज किये जाते हैं। एनसीआरबी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नयी प्रणाली लागू करने में मदद करने के लिए तकनीकी सहायता भी प्रदान कर रहा है, जिसमें आपराधिक न्याय प्रणाली में प्रौद्योगिकी के अधिक उपयोग की परिकल्पना की गई है, जिसके लिए राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) ने तीन ऐप विकसित किए हैं- ई-सक्ष्य, न्यायमूर्ति और ई-समन - जो अपराध स्थलों की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी, न्यायिक सुनवाई और इलेक्ट्रॉनिक रूप से अदालती समन की डिलीवरी की सुविधा प्रदान करेंगे। शुरू में, मोदी सरकार ने लोकसभा चुनाव 2024 से पहले तीन कानूनों को लागू करने की योजना बनाई थी, लेकिन इस विचार को छोड़ना पड़ा क्योंकि कानूनों ने पूरे देश में कड़ा प्रतिरोध और विरोध ने आकर्षित किया। अधिसूचना के एक सप्ताह बाद ही, देश भर के ट्रक ड्राइवरों ने नये आपराधिक कानूनों के कुछ प्रावधानों के खिलाफ तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल की। पूरे देश को आपूर्ति में अभूतपूर्व व्यवधान का सामना करना पड़ा, जिसने 2 जनवरी, 2024 को हड़ताल के दूसरे दिन केंद्र को यह महसूस करने के लिए मजबूर किया कि तीन नये आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन का सत्तारूढ़ प्रतिष्ठान पर बड़ा राजनीतिक प्रभाव पड़ना तय है। इसने घोषणा की कि परिवहन क्षेत्रों से संबंधित प्रावधानों को तब तक लागू नहीं किया जायेगा जब तक कि आंदोलनकारी अखिल भारतीय मोटर परिवहन कांग्रेस के साथ उन पर चर्चा नहीं की जाती। केंद्र और ट्रक चालक संघ के साथ बातचीत के बाद, परिवहन कांग्रेस ने हड़ताल वापस ले ली थी, लेकिन उस हड़ताल ने यह स्पष्ट कर दिया कि तीन नये आपराधिक कानूनों का कार्यान्वयन भानुमति का पिटारा साबित होगा, जिसमें बहुत सारी बुराइयां हैं।


## पुलिस राज की शुरुआत

पिछली लोकसभा में पारित नये कानूनों के सोमवार से लागू होने के साथ ही भारत में नये सिरे से पुलिस राज की शुरुआत हो रही है। ऐसे वक्त में जब दुनिया भर के विकसित व लोकतांत्रिक देशों की सरकारें अपने नागरिकों को अधिक आजाद और अधिकार सम्पन्न कर रही हैं, भारत को श्लोकतंत्र की जननीश् कहने वाली सरकार ने जिस न्याय संहिता को लागू करने का ऐलान किया है, उससे नागरिकों पर पुलिस के जरिये उसका सख्त पहरा बैठ जायेगा।

उसकी आजादी को जैसा बड़ा खतरा नयी न्याय संहिता से होने जा रहा है, वैसा पहले कभी नहीं रहा। अनेक पुराने कानूनों को हटाकर या बदलकर औपनिवेशिक गुलामी से मुक्ति दिलाने के नाम पर भारतीय दण्ड संहिता में व्यापक फेरबदल कर दिये गये हैं जिनसे जहां एक तरफ काफी समय तक व्यवहारिक दिक्कतें तो आयेंगी ही, पुलिस दमन की राहें भी खुल जायेंगी। अनेक न्यायविद एवं वकालत के पेशे में रहने वाले भी इस परिवर्तित संहिता से खौफजदा दिख रहे हैं। उनका मानना है कि नये कानून पुलिस के हाथ मजबूत करेंगे और नागरिकों को न्याय मिलने की आशाएं धूमिल हो जायेंगी। न्याय पाना और भी कठिन हो जायेगा, जो पहले से दुरुह है। भारत के सन्दर्भ में पहले ही कहा जाता है कि यहां की न्यायिक प्रक्रिया अपने आप में सजा पाने से कम नहीं है, जिसमें दोषी व निरपराध दोनों एक सरीखे पिसते हैं। सिर्फपहुंच और पैसा राहत देता है- निर्दोष को भी, अपराधी को भी। वैसे तो नये कानूनों को लेकर पहली आपत्ति यही की गई है कि अपराधों को दर्ज करने से लेकर मुकदमे चलाने सम्बन्धी धाराओं का अभ्यस्त होने में पुलिस अधिकारियों, वकीलों व जजों को काफी समय लग जायेगा। न सिर्फ समझना, बल्कि उसकी व्याख्या करना व कोर्ट के समक्ष उसे प्रस्तुत करना अपने आप में बड़ी कवायद होगी, जिसका खामियाजा और किसी को नहीं वरन मामले के पक्षकारों को भुगतना होगा। पहले से लाखों की तादाद में न्यायालयों में लम्बित मामलों के ढेर बढ़ते जाने तय हैं। अब तक जिन धाराओं के अंतर्गत विभिन्न अपराधों को परिभाषित किया गया था, वे सभी सम्बन्धित एजेंसियों एवं पेशेवरों की जुबानों पर रटे हुए थे। अब इसके क्रमांक भी बदल दिये गये हैं। अनेक की परिभाषाएं एवं व्याख्याएं भी बदल गई हैं। इनकी सजाओं में भी बदलाव कर दिये गये हैं। पूरे पुलिस विभाग को अपराधों को पंजीबद्ध करने, वकीलों को उन्हें प्रस्तुत एवं न्यायपालिका को उन्हें समझकर न्याय देने में नयी माथापच्ची करनी पड़ेगी। यह तो रहा नये कानूनों का व्यवहारिक पक्ष, लेकिन जिन इरादों के साथ ये कानून लाये गये हैं और जैसा उनका प्रभाव पड़ने जा रहा है, वह कहीं अधिक भयावह है। उनमें से कुछ का उल्लेख किया जाना समीचीन होगा। पुलिस व न्यायिक अभिरक्षा में आरोपी को रखने की वैध मियाद को 15 दिनों से बढ़ाकर अब 90 दिनों तक कर दिया गया है। यह बतलाने की जरूरत नहीं है कि अपराधी हों या निर्दोष, इन दोनों तरह की कस्टडियां किस तरह सभी के लिये एक जैसी नारकीय हैं। फिर, पुलिस लॉकअप हो अथवा जेलें- दोनों में क्षमता से अधिक आरोपी या सजायाफ्ता रखे जाते हैं।

मानव गरिमा के विपरीत परिस्थितियां तो उनमें पहले से मौजूद हैं, इस बात की कल्पना सहज की जा सकती है कि बढ़ी हुई संख्या में वे किस तरह से सलाखों के पीछे दिन काटेंगे। उन्हें जीवनावश्यक सुविधाएं मुहैया कराना भी अपने आप में एक बड़ी चुनौती होगी।

राजद्रोह शब्द तो नयी न्यायिक संहिता से हटा दिया गया लेकिन बहुत से नये आधार बनाकर लोगों को जेलों में बगैर मुकदमा चलाना आसान तथा जमानत प्रक्रिया को कठिन बना दिया गया है। देश की एकता व अखंडता को नुकसान पहुंचाने वाले कृत्यों के खिलाफ लाये गये कानून अप्रत्यक्ष रूप से सरकार के खिलाफउठने वाली आवाजों को खामोश करने का बढ़िया जरिया बन जायेंगे। यह धारा लगाने का विवेकाधिकार भी अपेक्षाकृत निचले स्तर के अधिकारी के पास हो गया है। इनमें भी लम्बे समय तक जमानत न मिलने के प्रावधान कर दिये गये हैं।



## राशिफल

**मेषः**- विचारों की अस्थिरता आपको उलझनपूर्ण परिस्थिति में डालेगी। नौकरी-व्यवसाय के क्षेत्र में स्पर्धायुक्त वातावरण रहेगा। नए कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे। प्रवास की संभावना है।

**वृषभः**- मन की दुविधा ठोस निर्णय पर आने से रोकेगी जिससे हाथ आए अवसर आप खो देंगे। झक्की व्यवहार के कारण संघर्ष में उतरने की संभावना है। नए कार्य के लिए दिन अच्छा नहीं है।

**मिथुनः**- आज का दिन लाभदायक साबित होने की आशा रख सकते हैं। सुबह से ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव होगा। आर्थिक लाभ मिलने के साथ-साथ कहीं से गिफ्ट प्राप्त हो सकता है।

**कर्कः**- शरीर और मन में बेचैनी और अस्वस्थता का अनुभव होगा। मन की संदिग्धता और दुविधा आपकी निर्णयशक्ति को कसौटी के शिखर पर चढ़ाएंगे। वाद-विवाद से दूर रहें।

**सिंहः**- आज के दिन आपको विविध लाभ मिलने की संभावना है। ऐसे समय में मन का ढीलापन आपको लाभ से वंचित न कर दे, इसका ख्याल रखें। पदोन्नति और आय वृद्धि का योग है।

**कन्याः**- नए कार्य शुरू करने के लिए निर्मित योजनाओं को अमल में लाने का आज उत्तम समय है। व्यापार में लाभ होगा। बकाया वसूली के पैसे वापस मिलेंगे। पिता की तरफ से लाभ होगा।

**तुलाः**- लंबी दूरी की यात्रा या धार्मिक स्थान की मुलाकात होगी। विदेश यात्रा के लिए अनुकूलता रहेगी। फिर भी आपको संतान और स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंता रहेगी। धन का खर्च होगा।

**वृश्चिकः**- आज का दिन सावधानीपूर्वक बिताएं। नए कार्य शुरू न करें। क्रोध, आवेश और अनैतिक आचरण आपको कठिनाई में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें।

**धनुः**- बौद्धिक, तार्किक, विचार-विनिमय और लेखन कार्य के लिए शुभ दिन है। भागीदारी में लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ के सम्बंधों में अधिक घनिष्ठता रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा।

**मकरः**- आज से आपके व्यापार-धंधे का विकास होगा। आर्थिक रूप से लाभदायक दिन होने से पैसे की लेन-देन में सरलता रहेगी। परिवार में सुख- शांति का माहौल रहेगा।

**कुंभः**- आज आप संतान और अपने स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंतित रहेंगे। अपच, पेट-दर्द से परेशान होंगे। विचारों में तेजी से परिवर्तन मानसिक स्थिरता में खलल पहुंचाएगा।

**मीनः**- शारीरिक- मानसिक भय रहेगा। कुटुंबीजनों के साथ वाद-विवाद होगा। माताजी का स्वास्थ्य खराब होगा। अनचाही घटनाओं से आपके उत्साह में कमी आएगी। अनिद्रा से परेशान रहेंगे।

# अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव-जो बाईडेन व डोनाल्ड ट्रंप के बीच प्रथम डिबेट संपन्न

किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया



**प्राइमरी और कॉकस चुनाव में जो जीतता है वह दोनों पार्टियों की ओर से औपचारिक उम्मीदवार बनता है। इसके बाद प्रत्येक राजनीतिक दल के उम्मीदवार अपने पार्टी सदस्यों का समर्थन जुटाने के लिए पूरे देश में प्रचार करते हैं। राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव की प्रक्रिया रिपब्लिकन पार्टी और डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ के औपचारिक रूप से उम्मीदवारों की घोषणा के बाद शुरू होती हैअपनी-अपनी पार्टीके उम्मीदवार के तौर पर जीतने वाले दोनोंउम्मीदवार राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ते हैं। चरण 2 अमेरिकी चुनाव के दूसरे चरण में राष्ट्रीय सम्मेलन शामिल है। प्रत्येक सम्मेलन में, राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार एक उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुनता है। उपराष्ट्रपति पद के लिए प्रत्येक पार्टी अंतिम राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार का चयन करने के लिए एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करती है।वोटिंग के छह हफ्ते पहले दोनों उम्मीदवारों के बीच टीवी पर राष्ट्रपति पद के लिए तीन बार बहस होती है।गौरतलब है कि राष्ट्रपति बाइडन और डोनाल्ड ट्रम्प के बीच पहली बहस 27 जून को आयोजित की गई।**

वैश्विक स्तरपर दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत नें 4 जून 2024 को अपना निर्णय सुनाया अबबारी दुनियां के सबसे पुराने लोकतंत्र अमेरिका में 5 नवंबर 2024 को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जिसमें दो सशक्त उम्मीदवारों में चार चरणों की डिबेट की प्रक्रिया शुरू हुई है, जिसमें 27 जून 2024 को प्रथम चरण की डिबेट शुरू हुई जो भारतीय समय के अनुसार शुक्रवार सुबह 7 से 8 बजे व अमेरिकी समय के अनुसार देर रात्रि 9 बजे शुरू हुई जिसमें 64 साल के बाद इस डिबेट को टीवी स्टूडियो में आगे लाइव कराया गया।

भी इस डिबेट के कुछ अंश टीवी चैनल के माध्यम से देखें जो काफी अहम महसूस हुए। यह वोटर्स के लिएबहुत सहायक सिद्ध होंगे, क्योंकि विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर डिबेट से एक पूरा विजन झलकता है और पूर्ण पारदर्शिता दिखाई पड़ती है, जिसे पूरे विश्व की मीडिया ने महसूस किया होगा। चूंकि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव 5 नवंबर 2024 को जो बिडेन व डोनाल्ड ट्रंप के बीच प्रथम डिबेट संपन्न हुई दूसरी 10 सितंबर 2024 को होगी इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अमेरिका के 47 वें राष्ट्रपति चुनाव के लिए प्रक्रिया चार चरणों के डिबेट पर आई तथा अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव से पहलेउम्मीदवारों के बीच अहम मुद्दों पर डिबेट के आधार पर वोटर को अपनी राय बनाना सराहनीय प्रक्रिया है।

साथियों बात अगर हम अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावी प्रक्रिया में चार चरणों के डिबेटको समझने की करें तो, चरण 1 इसमें पहला चरण प्राइमरी और कॉकस चुनाव का होता है। हर पार्टी में ऐसे कई लोग होते हैं जो राष्ट्रपति बनना चाहते हैं। प्रत्येक के पास सरकार के काम करने के तरीके के बारे में अपने विचार होते हैं और एक मत वाले लोग एक ही राजनीतिक दल से हो सकते हैं, यहीं पर प्राइमरी और कॉकस की भूमिका सामने आती है। प्राइमरी में पार्टी के सदस्य आम चुनाव में उनका प्रतिनिधित्व करने वाले सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवार के लिए वोट करते हैं। वहीं दूसरी ओर कॉकस में पार्टी के सदस्य चर्चाओं और मतदान के माध्यम से सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवार का चयन करते हैं। प्राइमरी और कॉकस चुनाव में जो जीतता है वह दोनों पार्टियों की ओर से औपचारिक उम्मीदवार बनता है। इसके बाद प्रत्येक राजनीतिक दल के उम्मीदवार अपने पार्टी सदस्यों का समर्थन जुटाने के लिए पूरे देश में प्रचार करते हैं। राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव की प्रक्रिया रिपब्लिकन पार्टी और डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ के औपचारिक रूप से उम्मीदवारों की घोषणा के बाद शुरू होती हैअपनी-अपनी पार्टीके उम्मीदवार के तौर पर जीतने वाले दोनोंउम्मीदवार राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ते हैं। चरण 2 अमेरिकी चुनाव के दूसरे चरण में राष्ट्रीय सम्मेलन शामिल है। प्रत्येक सम्मेलन में, राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार एक उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुनता है। उपराष्ट्रपति पद के लिए प्रत्येक पार्टी अंतिम राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार का चयन करने के लिए एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करती है।वोटिंग के छह हफ्ते पहले दोनों उम्मीदवारों के बीच टीवी पर राष्ट्रपति पद के लिए तीन बार बहस होती है।गौरतलब है कि राष्ट्रपति बाइडन और डोनाल्ड ट्रम्प के बीच पहली बहस 27 जून को आयोजित की गई। दो और बहस होनी बाकी है।चरण 3 तीनों बहस होने के बाद मतदान की प्रक्रिया होती है जो अमेरिका चुनाव प्रक्रिया का तीसरा चरण होता है। इस चरण में देश भर के हर राज्य में लोग एक राष्ट्रपति और एक उप राष्ट्रपति के लिए वोट करते हैं। जब लोग अपना वोट डालते हैं, तो वे वास्तव में एक ऐसे समूह के लिए वोट कर रहे होते हैं, जिन्हें इलेक्टर कहा जाता है। चरण 4~चौथे और अंतिम स्थान पर आता है इलेक्टोरल कॉलेज। दरअसल, अमेरिका के चुनाव में इलेक्टोरल कॉलेज सिस्टम बेहद अहम है। यह लोगों का समूह होता है जो 538 इलेक्टर्स को चुनता है। जिसे 270 इलेक्टर्स का समर्थन मिल जाता है, वह अमेरिका का राष्ट्रपति बनता है। इलेक्टोरल कॉलेज सिस्टम में, प्रत्येक राज्य को कांग्रेस यानी संसद में उसके प्रतिनिधित्व के आधार पर एक निश्चित संख्या में इलेक्टर मिलते हैं। आम चुनाव के बाद प्रत्येक इलेक्टर वोट डालता है और जिस उम्मीदवार को 538 इलेक्टोरल वोट में से आधे से अधिक (270) वोट मिलते हैं, वह जीत जाता है। जीत के बाद नव निर्वाचित राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति जनवरी 2025 में पदभार ग्रहण करेंगे।

साथियों बात अगर हम 27 जून 2024 को देर रात्रि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के दो उम्मीदवारों के बीच प्रथम चरण के डिबेट की करें तो मीडिया के अनुसार, अमेरिका में आगामी राष्ट्रपति चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# नये कानून लागू, लोगों को किया जागरुक

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

यूपी समेत पूरे भारत में एक जुलाई से नए कानून लागू होते ही थाना परिसर में पुलिस अधिकारियों ने नगर के संभ्रांत लोगों के साथ एक बैठक कर नए कानून की जानकारी देते हुए जागरूक किया। इस दौरान नगर के एक सैकड़ा लोगों सहित पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे।




अंग्रेजों के बनाए कानून अब खत्म हुए और नए कानून में पहली बार छोटे अपराधों में सजा के तौर सामुदायिक सेवा का भी प्रविधान किया गया है। पुलिस विवेचना में अब तकनीक का उपयोग अधिक से अधिक होगा इसके लिए डिजिटल साक्ष्यों को पारंपरिक साक्ष्यों के रूप में मान्यता दी गई है साथ ही पीड़ित को ई-एफआइआर व जीरो एफआइआर की भी व्यवस्था की गई है। आतंकवाद व संगठित अपराध जैसे नए विषय भी जोड़े गए हैं। मौदहा थाना परिसर में पुलिस क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी ने नगर के संभ्रांत लोगों के साथ बैठक कर एक जुलाई से लागू हुए नए कानून की विस्तृत चर्चा करते नए कानूनों के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से चर्चा कर जानकारी दी।

उन्होंने कहा की नए कानूनों में मामलों की समय सीमा भी निर्धारित की गई है ताकि पीड़ित को समय से न्याय मिल सके साथ ही महिलाओं व बच्चों के खिलाफ अपराधों की जांच को प्राथमिकता दी गई है। दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के मामलों में जांच दो माह के भीतर पूरी करने की व्यवस्था की गई है। नए कानून के तहत पीड़ित को 90 दिन के भीतर अपने मामले की प्रगति पर नियमित रूप से जानकारी पाने का अधिकार होगा। किसी अपराध में बालक को शामिल कराने वाले को तीन से 10 वर्ष तक की सजा की व्यवस्था की गई है। पांच व उससे अधिक व्यक्तियों की भीड़ द्वारा मूल वंश, जाति, समुदाय, लिंग व अन्य आधार पर किसी व्यक्ति की हत्या पर आजीवन कारावास से मृत्युदंड तक की सजा हो सकती है बैठक में मुख्य रूप से कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज, क्राइम इंस्पेक्टर चंद्र शेखर, एसआई पंकज तिवारी, मनोज त्रिपाठी सहित नगर के अवधेश पालीवाल, राम प्रकाश पथिक, विजय आनंद, लाला मास्टर, सतीश त्रिवेदी बाबू राना आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

### बंदियों को नये कानूनों के बारे में दी जानकारी



सोमवार को जिला कारागार में जेल अधीक्षक द्वारा एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमे ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण समिति के चीफ लीगल एड डिफ़ेंस काउन्सिल आनन्द कुमार सक्सेना व डिप्टी चीफ लीगल एड डिफ़ेंस काउन्सिल श्री हरिनाम सिंह और असिस्टेंट लीगल एड डिफ़ेंस काउन्सिल श्री फिरोज़ आलम व असिस्टेंट लीगल एड डिफ़ेंस काउन्सिल श्री सत्यम ने प्रतिभाग किया सेमिनार में समस्त जेल अधिकारीगण बंदीरक्षक व बंदी तथा कुछ गणमान नागरिक व जिला प्रोवेसन अधिकारी उपस्थित रहे जिसमे चीफ लीगल एड डिफ़ेंस काउन्सिल द्वारा सेमिनार को संबोधित करते हुए नये कानूनो व उनके प्राक्रियाओं में बदलाओ की विसरित जानकारी दी गई जेल अधिकारियो द्वारा भी सेमिनार को संबोधित करते हुए कानूनो के बारे में जानकारी दी गई अंत में जेल अधीक्षक महोदय द्वारा आगन्तुकों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया और बताया गया कि समय समय पर ऐसे सेमिनार कराते जाते रहेंगे।

### शिक्षिका के साथ महिलाओं ने की मारपीट पुलिस से शिकायत

**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** कस्बे के जीजीआईसी स्कूल में कार्यरत शिक्षिका के साथ राग़ौल रेलवे स्टेशन में तीन महिलाओं ने मारपीट कर अभद्रता की शिक्षिका ने पुलिस से लिखित शिकायत की है।

नगर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में सहायक अध्यापिका के पद पर तैनात सुषमा सिंह पत्नी आनंद बहादुर सिंह कानपुर निवासी ने पुलिस को बताया कि वह कस्बे के मराठी पुरा मोहल्ले में किराए पर रहकर इंटर कॉलेज में अध्यापन का कार्य कर रही है रविवार की शाम कानपुर से पैसेंजर ट्रेन से आते समय तीन अज्ञात महिलाओं ने सीट में बैठने के विवाद को लेकर रेलवे स्टेशन पर खासा हंगामा कर दिया इतना ही नहीं उन तीनों अज्ञात महिलाओं ने फोन कर अपने सगे संबंधियों को बुला लिया। मौके पर पहुंचे मेरे पति व मेरे साथ मारपीट करते हुए गाली गलौज कर अराजकता फैलाई यह मामला घंटो तक स्टेशन परिसर में चलता रहा मौके पर मौजूद रेल यात्रियों की खासी भीड़ भी एकत्रित हो गई माहौल बिगड़ता देख आरपीएफ के जवानों ने बीच बचाव कर कोतवाली पुलिस को अवगत कराया मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने किसी तरह मामले को शांत करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## फर्जी मुकदमे की धमकी से आहत युवक ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या

**सुमेरपुर (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**



कस्बे के नेहा चौराहा के समीप सोमवार को सुबह एक युवक ने प्रेम प्रसंग के मामले में फर्जी मुकदमे की धमकी से परेशान होकर अवैध तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक अपने माता-पिता के इकलौती संतान है।

कस्बे में नेहा चौराहा के पास बांकी मार्ग में रजवा सोनी की ब्रेकरी एंड कोल्ड ड्रिंक्स की दुकान है। इस दुकान में रजवा सोनी के अलावा उसका इकलौता पुत्र मोंटी सोनी 26 वर्ष भी बैठता था। सुबह करीब 10: 00 बजे इसने प्रतिदिन की तरह दुकान खोली और दुकान में बैठा था घर के सभी सदस्य दुकान के पीछे मकान में मौजूद थे। करीब 10:30 बजे उसने अवैध तमंचे से सिर में गोली मार ली। इसकी मौके पर ही मौत हो गई। गोली चलने की आवाज सुनकर अंदर से पिता रजवा सोनी पत्नी कलावती संग दौड़कर दुकान में आए तो देखा मोंटी लहुलुहान काउंटर के नीचे पड़ा था। उसकी मौत हो चुकी थी। इससे घर में कोहराम मच गया। मृतक के पिता ने बताया कि शनिवार कस्बे के तीन लोगों ने पुत्री से प्रेम प्रसंग का आरोप लगाकर उसके साथ मारपीट की थी और उसकी बाइक छीनकर थाने में खड़ी करा दी थी। उन्होंने उसे छेड़खानी जैसे मुकदमे फसाने की धमकी दी थी। इसी से आहत होकर उसने आत्मघाती कदम उठाया।

घटना की सूचना पाकर थानाध्यक्ष, एस आई राजवीर सिंह, कस्बा इंचार्ज राहुल मिश्रा के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेने की कार्यवाही शुरू की। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### टैंकर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

**समृद्धि न्यूज, घाटमपुर।** कानपुर– सागर नेशनल हाईवे पर सोमवार दोपहर बाद टैंकर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई जब कि पति बाल बाल बच गया यह हादसा सयोदी लल ईपुर गाव के पास की है। बताया जाता है कि एचपी गैस एजेंसी का टैंकर कानपुर से हमीरपुर की ओर जा रहा था और जैसे ही ग्राम सयोदी ललईपुर के पास पहुंचा की आगे जा रही बाइक पर टक्कर मार दिया जिससे मोटरसाइकिल में पीछे बैठी महिला सड़क पर जा गिरी और ऊपर से टैंकर का पहिया निकल गया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गयी, सजेती कस्बे के शनि सचान अपनी पत्नी साधना 25 वर्ष के साथ घाटमपुर आया था दोपहर बाद वो वापस सजेती लौट रहा था कि हादसा हो गया, पुलिस टैंकर सहित चालक को हिरासत में ले कर शव को पोस्ट मार्टम के लिये भेजा है।

### बेदाग सेवानिवृत्त होना एक बड़ी उपलब्धि : नरोत्तम



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** कोषागार बहराइच में आयोजित विदाई समारोह में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले सहायक कोषाधिकारी बाबू राम, मुख्य रोकड़िया हरि शंकर श्रीवास्तव व लेखाकार प्रदीप कुमार श्रीवास्तव को भावभीनी विदाई दी गयी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण ने कहा कि अनुशासन में रहते हुए बेदाग सेवानिवृत्त होना एक बड़ी उपलब्धि है।सेवानिवृत्त कार्मिकों से हमें यही सीख मिलती है कि हमें पूरे अनुशासन और लगन के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए ताकि सेवाकाल के दौरान हम ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ पहुॅचा सकें। विदाई समारोह के दौरान वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण, पेंशनर्स कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेश चन्द्र, पूर्व कोषागार कार्मिक वीरेन्द्र मिश्रा, सियाराम मिश्र, जीवन लाल सिंह, पेंशनर एसोसिएशन के सदस्य आर. मशरिकी, सरदार सर्वजीत सिंह एवं एच. पाठक सहित अन्य कोषागार कार्मिकों ने सेवानिवृत्त कार्मिकों पुष्पगुच्छ व उपहार भेंट कर बधाई देते हुए शेष सुखमय जीवन की कामना की।

### पूर्व सीएम के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने किया पौधरोपण



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिवस के अवसर पर समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष नंदेश्वर नंद यादव के नेतृत्व में यादवपुरी फखरपुर में पीडीए पेड़' कार्यक्रम के तहत पीपल वृक्ष, नीम, बरगद आदि तमाम छायादार 51 पेड़ लगाकर अखिलेश यादव की दीर्घायु की कामना की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से लोहिया वाहिनी जिला उपाध्यक्ष अमरदीप यादव, जिला उपाध्यक्ष यूथ बिग्रेड विनोद यादव, आलोक श्रीवास्तव, ललित यादव, पुत्तन यादव, धनलाल यादव, अजय यादव, शिवपूजन यादव, पंकज यादव, अजीत यादव, छोटू यादव, बलराम यादव आदि तमाम सपा नेता कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### वन महोत्सव का आगाज, विधायक ने किया पौधरोपण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** पर्यावरण का संरक्षण करना हम सब की पहली जिम्मेदारी है ऐसा कर हम अपने आने वाली पीढियां के लिए स्वस्थ जीवन की जटिलताओं को कम कर सकते हैं हम सभी को समय देकर प्रकृति के लिए पर्यावरण संरक्षण में योगदान देना चाहिए हमारे बेहतर कल के लिए आज प्रकृति का संरक्षण करना बहुत ही अनिवार्य है यह बातें मुख्य अतिथि महसी विधायक सुरेश्वर सिंह ने तेजवापुर ब्लॉक के मरी माता मंदिर परिसर में आयोजित वन महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा।पेड़ लगाओ–पेड़ बचाओ जन अभियान के तहत तेजवापुर के मरी माता मंदिर परिसर में आयोजित वन महोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महसी विधायक सुरेश्वर सिंह, विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमाकर पांडेय, जिपंस गंगू राम निषाद रहें। कार्यक्रम की शुरुआत से पहले विधायक सुरेश्वर सिंह व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमाकर पांडेय ने मन्दिर परिसर में पाकड़, आंवला,पीपल,बरगद व कदम पेड़ लगाएं। इस मौके पर डीएफओ संजीव कुमार, एसडीओ अजीत प्रताप सिंह,वन सुरक्षा अधिकारी दीपक सिंह,रेंजर मोहम्मद शाकिब, डिप्टी रेंजर अमित वर्मा, वन दारोगा अमित श्रीवास्तव, प्रशिक्षण वर्मा, केसरी नंदन, वागीश शुक्ला समेत अन्य लोग मौजूद रहें हैं। विधायक सुरेश्वर सिंह ने कहा कि हमारा पहला दायित्व है कि ज्यादा से ज्यादा पेड़–पौधे लगाकर धरती को हरा भरा करें। वर्तमान में पर्यावरण की अवहेलना के गंभीर परिणाम सामने आ रहे हैं। कोविड महामारी में ऑक्सीजन की कमी इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है इस दौरान मौजूद लोगों से पर्यावरण पर संरक्षण का संकल्प लेकर पेड़ लगाओ– पेड़ बचाओ का नारा देकर जीवों की रक्षा करने का संदेश देने को कहा।

## सपाइयों ने केक काटकर धूमधाम से मनाया अखिलेश का जन्मदिन



**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर स्थित सपा कार्यालय में सपाईयों ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया।

कस्बे के हुसैनगंज स्थित सपा कार्यालय में पूर्व जिला उपाध्यक्ष जावेद मेजर के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने केक काटकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। वहीं सपाईयों ने केक काटकर एक दूसरे का मुंह मीठा कर जन्मदिवस की बधाई दी और निकलने चलने वाले राहगीरों को मिठाई बांटी गई। इस दौरान मुन्ना मेम्बर, रियाज़ उद्दीन, जाहिद मसूद, मन्नू, सद्दाम, राशिद सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

### शादी के तीन दिन पहले युवती की सीढ़ी से गिरने से मौत

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** अपनी शादी के लिए घर की सफाई करते समय सीढियों से गिरकर होने वाली दुल्हन की मौत हो गई जिससे शादी की खुशियां मातम में बदल गयी।

ग्राम छिरका निवासी उदित की पुत्री नेहा का तीन दिन बाद विवाह होना था जिसके लिए घर की साफ सफाई का काम चल रहा था जिस में होने वाली दुल्हन नेहा (19)भी हाथ बंटा रही थी लेकिन रविवार दोपहर अचानक नेहा का सीढियों से पैर फिसल गया जिसे गंभीर हालत में परिजनों द्वारा इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहाँ पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शादी के घर में हुई इस घटना से कोहराम मच गया है और परिजनों सहित रिश्तेदारों का रो रो कर बुरा हाल है।

## प्रभारी निरीक्षक ने दी नए कानूनों की जानकारी

**पनवाड़ी, समृद्धि न्यूज।**



प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार पांडे ने सोमवार सुबह थाना परिसर में बैठक कर एक जुलाई से देश भर में लागू तीन नए कानूनों को लेकर जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि नए प्राविधान में अंग्रेजों के जमाने से चली आ रही भारतीय दण्ड संहिता 1860 (आईपीसी) का नाम बदलकर भारतीय न्याय संहिता 2023 (बीएनएसएस) रखा गया है। इसके अलावा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम ने भारतीय दंड संहिता 1860, दंड प्रक्रिया संहिता,1973 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 की जगह ली है।

पांडे ने बताया कि नए कानून में लड़कियों अथवा महिलाओं से शादी का वादा कर धोखा देने के मामले में 10 साल तक की जेल होगी। वहीं, नस्ल, जाति- समुदाय, लिंग के आधार पर मॉब लिंचिंग के मामले में आजीवन कारावास की सज़ा और छिनैती के लिए तीन साल तक की जेल का प्राविधान किया गया है। पांडे ने बताया, नए कानून के अनुसार पुलिस को शिकायत के तीन दिन के भीतर एफ़आईआर दर्ज करनी होगी। एफ़आईआर अपराध और अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम (सीसीटीएनएस) के माध्यम से दर्ज की जाएगी। ये प्रोग्राम राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के तहत काम करता है। सीसीटीएनएस में एक-एक बेहतर अपग्रेड किया गया है, जिससे लोग बिना पुलिस स्टेशन गए ऑनलाइन ही ई-एफआईआर दर्ज करा सकेंगे। ज़ीरो एफ़आईआर किसी भी पुलिस स्टेशन में दर्ज हो सकेगी चाहे अपराध उस थाने के अधिकार क्षेत्र में आता हो या नहीं। पहले केवल 15 दिन की पुलिस रिमांड दी जा सकती थी। लेकिन अब 60 या 90 दिन तक दी जा सकती है। इसके अलावा नए कानून में बलात्कार के लिए धारा 376 और 375 की जगह धारा 63, सामूहिक बलात्कार की धारा 70 और हत्या के लिए धारा 302 की जगह धारा 101 के तहत केस दर्ज किया जाएगा।

## खनिज न्यास से मेडिकल कॉलेज की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए जिले में मेडिकल कॉलेज की मांग ने जोर पकड़ लिया। अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने अन्य अधिवक्ताओं ने सांसद को मांग पत्र सौंपते हुए खनिज न्यास से मेडिकल कॉलेज का निर्माण कराने की मांग उठाई है।



जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष भारत विशाल शुक्ला के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने सांसद अजेंद्र सिंह लोधी को मांग पत्र सौंपते हुए मेडिकल कॉलेज के निर्माण की मांग उठाई है। मांग पत्र में कहा गया है कि लंबे समय से जिले में मेडिकल कॉलेज की मांग का मुद्दा उठ रहा है। शहर से दो हाइवे निकले है जिससे मार्ग दुर्घटनाओं में आए दिन लोग जान गंवा रहे है। पत्थर उद्योग नगरी कबरई में वाहनों की धमाचौकड़ी भी दुर्घटनाओं का कारण बन रही है। पूर्व महामंत्री चंद्रशेखर स्पर्णकार ने कहा कि सरकार ने हर जिले में अगला मेडिकल कॉलेज के निर्माण का निर्णय लिया। जिले में पीपीपी लेख मॉडल पर मेडिकल कॉलेज के निर्माण को लेकर अब तक निवेश न मिलने के कारण मामला अधर में लटका हुआ है। 250 करोड की लागत से प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज के लिए सरकार ने 134 करोड़ रुपये ट्रामा सेंटर और 200 बेड हास्पिटल के लिए स्वीकृत किया है। मेडिकल कॉलेज के निर्माण में हो रही देरी से लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। खनिज न्यास से मेडिकल कॉलेज के निर्माण की मांग उठाते हुए मामले को सदन में जोरदार तरीके से उठाने की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में अमित तिवारी, मनमोहन सिंह सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

## कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की याद में किया पौधरोपण

**चरखारी (महोबा), समृद्धि न्यूज।**



पौधरोपण अभियान की शुरुआत 29 जून 2024 को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व सांसद प्रभारी उत्तर प्रदेश माननीय अविनाश पांडे जी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय जी के निर्देशन में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत जनपद महोबा में विभिन्न बूथों पर वृक्षारोपण किया गया बूथ क्रमांक 31 पवा में राम आश्रय राजपूत के नेतृत्व में बूथ संख्या 44 नाथूपुरा प्रेम नगर में मानसिंह राजपूत जिला सचिव वृंदावन कुशवाहा जिला सचिव के नेतृत्व में बूथ संख्या 195 बम्हौरी कुर्मिन मैं शैलेंद्र विश्वकर्मा जिला महासचिव के नेतृत्व में बूथ संख्या 236 टिंगुरा ब्यारजौ मैं जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह राजपूत जी के नेतृत्व में बूथ संख्या 239 टोला पांतर में छक्की लाल राजपूत जिला महासचिव राजबहादुर राजपूत कार्यवाहक ब्लॉक अध्यक्ष पनवाड़ी के नेतृत्व में बूथ संख्या 200 बहादुरपुर कला अमर चंद्र सक्सेना जिला अध्यक्ष सेवा दल कांग्रेस अरविंद श्रीवास के नेतृत्व में बूथ संख्या 341 बम्हौरी खुर्द मैं तुलसीदास लोधी जिला अध्यक्ष नंदराम मुखिया ब्लॉक अध्यक्ष चरखारी के नेतृत्व में वृक्षारोपण किया गया।

### दीवार व पिकअप के बीच फंसकर मजदूर की मौत

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** सरकारी बीच गोदाम में पिकअप गाड़ी को बैक करा रहे मजदूर की दीवार व पिकअप के बीच में फंसकर मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन ने कोतवाली में सूचना भेज दी है। जनपद हमीरपुर के कालपी चौराहा निवासी अवधेश ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी करता है। सोमवार को वह सरकारी तिल के बीज की गाड़ी उतारने के लिए बाराखंबा में स्थित बीज गोदाम में आया था। साथ में उसका 28 वर्षीय बड़ा भाई सुरेश पुत्र काली चरन था। बताया बीज गोदाम के अंदर उसका भाई पिकअप गाड़ी को पीछे खड़े होकर साइड में लगवा रहा था। तभी पिकअप चालक राधे निवासी हमीरपुर ने जैसे ही गाड़ी पीछे की तो उसके भाई की गर्दन दीवार व पिकअप के बीच में दब गई।? वहां मौजूद अन्य मजदूर सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक अखिलेश सिंह ने उसे मृत घोषित कर दिया है। मृतक के भाई ने बताया कि उसका भाई भी पल्लेदारी करता कर परिवार का भरण–पोषण करता था। मृतक अपने पीछे एक सात वर्षीय पुत्री आरजू छोड़ गया है। पति की मौत पर पत्नी प्रीति और मां गिरजा का रो रोकर बुरा हाल है।

## केसीसी से 27 हजार रुपये धोखाधड़ी कर निकाला

**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

**बैंक मैनेजर ने कहा आरोप निराधार**

किसान के क्रेडिट कार्ड खाते से धोखाधड़ी करते हुए सत्ताइस हजार रुपए निकाल लेने के मामले पर पीड़ित किसान ने आरोपी के विरोध धोखाधड़ी जान से मारने की धमकी व गाली गलौज अभद्रता करने के मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के तिदुही गांव निवासी उदित नारायण सिंह ने पुलिस को बताया कि साढ़े तीन वर्ष पूर्व में मुख्य शाखा इंडियन बैंक से किसान क्रेडिट कार्ड से 35 हजार रुपये निकाले थे बाकी शेष रकम खाते में पड़ी हुई थी जब से लेकर किसी तरह का कोई लेन-देन नहीं किया गया और बीते रविवार को गांव के ही अमित कुशवाहा जो आपनें पास पासबुक रखे हुए था जो शाखा के अधिकारियों से अच्छे सांठगांठ रखने वाले व्यक्ति है जिससे अपनी पासबुक मांगी तो वह गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा खास बात यह है कि मेरे खाते से आरोपी युवक व बैंक के कर्मचारियों की मिली भगत से 27000 रुपए का लेनदेन मेरे बगैर जानकारी में निकाले हैं।इस संबंध में आरोपी युवक अमित कुशवाहा ने बताया कि शाखा प्रबंधक अनिल कुमार वर्मा ने किसान क्रेडिट कार्ड लोन का पैसा जमा करने के लिए दबाव बनाया तो उक्त युवक मेरे ऊपर आरोप लगने लगा जो सरासर निराधार है।

इस संबंध में इंडियन बैंक के मैनेजर अनिल कुमार ने बताया कि जांच करने के बाद खाता धारक में अपने केसीसी अकाउंट से पैसा निकाले हैं और कर्मचारियों के ऊपर लगाया गया आरोप निराधार है।

### अभ्युदय कोचिंग की प्रवेश परीक्षा सम्पन्न

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज, समृद्धि न्यूज।**

रविवार को जनपद में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत यूपीएससी व यूपीएसएससी व अन्य एक दिवसीय कक्षाओं में निःशुल्क कोचिंग प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा कराई गई। जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी ने बताया कि परीक्षार्थियों की अधिक संख्या होने के कारण परीक्षा दो पालियों में संपन्न कराई गई ।प्रथम पाली में यूपीएससी व यूपीएसएससी में 235 परीक्षार्थियों में से 154 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी तथा द्वितीय सायंकालीन पाली में 462 परीक्षार्थियों में से 301 परीक्षाओं ने परीक्षा दी। कोर्स क्वार्डिनेटर रूपेश पाण्डेय ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 रविंद्र कुमार, मुख्य नियंता आरबी सिंह बघेल, प्रो0 बीपी सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर अवधेश कुमार वर्मा वअन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कानपुर-सागर हाइवे पर डंफर व ट्राला की जोरदार टक्कर में दोनों चालक घायल

**समृद्धि न्यूज़ घाटमपुर।**

**आधा घंटे केबिन में फंसे तड़फते रहे चालक, तीन घंटे तक जाम रहा कानपुर-सागर हाइवे**




रविवार देर रात कानपुर - सागर नेशनल हाईवे पर कस्बा पतारा के निकट डंपर व ट्राला ट्रक की जोरदार टक्कर हो गई, टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों ट्रकों की केबिन एक दूसरे में समा सी गयी केबिन मे फसे चालकों को देख राहगीरों ने हादसे की जानकारी पुलिस को दी, बाद में पीएनसी की क्रेन मंगवा कर दोनों ट्रकों को अलग किया गया, तथा केबिन में फंसे चालकों को निकालवा कर इलाज के लिए पतारा सीएचसी भेजा गया जहा प्राथमिक उपचार के बाद एक को जिला अस्पताल रिफर रेफर कर दिया गया।

बताया जाता है कि ट्राला ट्रक कानपुर से घाटमपुर की ओर आ रहा था और जैसे ही कस्बा पतारा के पास पहुंचा कि तभी सामने यानी घाटमपुर से कानपुर की ओर जा रहे डफर से कट लगने के बाद ट्राला ट्रक एक दूसरे डफर सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनो वाहनो के केबिन एक दूसरे में चिपक सा गय, हादसा होने के बाद पुलिस दोनो वाहनों को क्रेन से एक किनारे करवाकर यातयात बहाल कराया इस दौरान करीब तीन घंटे तक हाईवे पर जाम लगा रहा।

### जेवर चोरी करने का लगाया आरोप, पुलिस से की शिकायत

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** कस्बे के मियांपुरा मोहल्ला निवासी संजय सिंह पुत्र रमन पाल सिंह ने बताया कि उसका एक मकान देहरादून में है। काम के सिलसिले में वह देहरादून में रहता है। कभी कभी पत्नी व बच्चों के साथ राठ अपने मकान में आता जाता रहता है। बताया कि उसने अपनी बेची हुई जमीन का 25 लाख रुपए मियांपुरा वाले मकान में रख दिए थे। साथ में पत्नी का 20 लाख रुपए का जेवर रखा हुआ था। मकान की चाबी सुनील कुमार शर्मा निवासी दीवानपुरा व चरखारी रोड निवासी अभय सिंह भदौरिया के पास रहती थी। दोनों लोग मकान की देखरेख करते थे। बताया कि 12 मई को सुनील शर्मा ने मोबाइल पर सूचना दी कि मकान में आग लग गई है। उस समय वह देहरादून में था। बताया कि जब वह घर आया तो अलमारी में रखा 25 लाख की नकदी व 20 लाख रुपए के जेवरात गायब थे। जब उसने रुपए व जेवरात की मांग की तो दोनों ने बताने से मना कर दिया। बताया कि बार बार पूछने पर दोनों बहाने बनाने लगे और दोनों गायब हो गए। पीड़ित ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

## वन महोत्सव का आगाज, सांसद ने किया पौधरोपण

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

वन महोत्सव के आगाज पर अधिकारियों द्वारा पौध रोपित कर वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डाला गया। अधिकारियों ने कहा कि वृक्षों का मानव जीवन में विशेष महत्व है। बिना वृक्षों के मानव जीवन का कल्पना नही की जा सकती।



विधिक सेवा प्राधिकरण के बैनरतले वन महोत्सव में पौधरोपण किया गया। प्राधिकरण के सचिव तेजेंद्र पाल ने मौल श्री का पौधा रोपित करते हुए कहा कि हर इंसान को पौधरोपण करने के साथ वृक्षों की देखभाल करनी चाहिए। पर्यावरण संरक्षण के लिए लोग पौधरोपण का हिस्सा बनें। जन्म दिन सहित अन्य उत्सवों में पौधरोपण करने की शुरुआत करें। प्रभागीय वनाधिकारी डॉ0 नरेंद्र सिंह ने बताया कि 1 से 7 जुलाई तक वन महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। 5 जुलाई को एक पौध मां के नाम अभियान के तहत वृहद स्तर पर पौधरोपण कराया जाना है। बताया कि जिर अगला हरा भरा करने के लिए विभागों को पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारि लेख किया गया है उधर सांसद अजेंद्र लोधी ने भी पौधरोपण में हिस्सा लिया। कहा कि पौधे खुशहाली के प्रतीक हैं। अत्याधिक गर्मी से भी वृक्ष बचाव करते हैं। वन विभाग द्वारा रेंज कार्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों में वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डाला गया है। जैतपुर रेंज में अजनर में सचिवालय में ग्राम प्रधान नन्हेराम ने पौधरोपण किया। पौधरोपण अभियान में सपा के प्रान सिंह यादव, रमेश चंद्र शिवहरे, पुष्पेन्द्र यादव, शाहिद राजू सहित ब्रम्हकुमारी बहनों ने हिस्सा लिया।

# राज्यमंत्री ने संचारी रोग अभियान का किया शुभारंभ



**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

पहली जुलाई से 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 11 जुलाई से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यक्रम के सफल संचालन एवं जन-जागरूकता के लिए कार्यक्रम का शुभारम्भ जीआईसी आडिटोरियम् में मयंकेश्वर शरण सिंह राज्य मंत्री, संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग, उ० प्र० द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया तथा आयोजित जन-जागरूकता रैली को डांडी दिखाकर रवाना किया गया। जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार द्वारा उपस्थित आशा बहुओं, संगिनियों, आगनबाडी कार्यकर्ता तथा स्कूली बच्चों को जागरूक करते हुए बताया गया कि इस अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग नोडल के रूप में तथा नगर विकास, पंचायती राज, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, ग्राम्य विकास, कृषि विकास, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, पशु पालन, दिव्यांग कल्याण, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग सक्रिय सहभागिता करते हैं। संचारी रोगों के प्रसार पर नियंत्रण हेतु घरों के आस-पास तथा कूलर आदि में जलभराव न होने देने, फुल अस्तीन के कपडे पहनने तथा मच्छरदानी का उपयोग करने हेतु उपस्थित बच्चों व आशा बहुओं को जागरूक किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवधेश कुमार यादव द्वारा बताया गया कि दस्तक अभियान के बारे में स्वास्थ्य कार्यकताओं को बताया गया। उक्त कार्यक्रम में आये हुए 05 आयुष्मान लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड तथा प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत 05 क्षयरोग से ग्रसित मरीजों को पोषण पोटली का वितरण भी किया गया।

इस जन-जागरूकता कार्यक्रम में सदस्य विधान परिषद अंगद कुमार सिंह, विधायक कुर्सी साकेन्द्र प्रताप वर्मा, डॉ. बृजेश राठौर, उ० प्र०, पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी. सुदन, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला पुरुष तथा महिला चिकित्सालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समस्त अपर/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, जिला समन्वयक पाथ संस्था व अन्य अधिकारी व कर्मचारी तथा आशा बहुओं, आंगनबाडी कार्यकर्ता, स्कूली बच्चों, सफाईकर्मियों द्वारा प्रतिभाग किया।

## बाइकों की टक्कर में दो युवक घायल

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** बाइक से बाइक की टक्कर में दो युवक गम्भीर रूप से हुये घायल 108 एम्बुलेंस से संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। मामला बदोसरांय से टिकैत नगर मार्ग पर रसूलपुर गांव के महफूज धर्मकांटा के सामने का है ग्राम सिरौलीगौसपुर के गंगाराम 25 वर्ष अपनी बाइक से नोमानी भटठा की ओर आ रहा था कि कोटवाधाम से बदोसरांय की तरफ आ रही बाइक की टक्कर आमने सामने हो गई जिसमें थाना रामनगर क्षेत्र के देवसानी गांव का रहने वाला 22 वर्षीय ओमकार व उसके साथ बैठा हरभजन भी घायल हो गये 112 पुलिस ने 108 एम्बुलेंस बुलवा कर तीनों घायलों को संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर में भर्ती कराया है।

## बरगद का पौध रोपित कर हरियाली बढ़ाने का लिया संकल्प

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



लक्ष्य फाउंडेशन द्वारा सोमवार को कस्बे के सुबेहा रोड स्थित उद्यान मे बरगद का पेड़ रोपित कर धरती पर हरियाली बढ़ाने का सन्देश दिया. लक्ष्य संस्था के अध्यक्ष पीयूष मिश्रा ने अपनी माताजी के पुण्यतिथि पर बरगद का पेड़ रोपित करके उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

विदित हो लक्ष्य फाउंडेशन द्वारा बीते कई वर्षों से अनवरत धरती पर हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया जाता है इसी क्रम मे आज वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया पुरे बरसात के मौसम मे लक्ष्य संस्था के स्वयंसेवको द्वारा धरती पर हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से क्षेत्र के अनेक स्थानों पर वृक्षारोपण कार्यक्रम किया जायेगा एवं लोगो ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया जायेगा इस अवसर पर पीयूष मिश्रा, पूर्व एनवाईवी आदर्श अवस्थी,अनंत राम मिश्रा, श्यामू सिंह, शुभम गोयल सहित लक्ष्य संस्था के स्वयंसेवक मौजूद रहे।

## बैंक से पैसा निकालने गये युवक की बाइक चोरी

**जैदपुर ,बाराबंकी।** ग्रामीण बैंक से पैसा निकालने गये युवक की मोटरसाइकिल दिन दहाड़े गायब हो जाने से लोगों में दहशत का माहौल कायम हो गया। पीड़ित ने थाना जैदपुर में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। मामला जैदपुर थाना क्षेत्र के कस्बे के मोहल्ला चमरहिया के पास स्थित ग्रामीण बैंक के सामने का जहां बसीनगर के नसरूद्दीन पुत्र कमरूद्दीन की मोटर साइकिल यूपी 32 जे यू 3613 सूपर लेकर उसका दोस्त राकेश निवासी धिसयावन पुरवा थाना जैदपुर बैंक में पैसा निकालने आया था? पैसा निकाल वापस पहुंचा तो जिस जगह मोटर साइकिल खड़ी की थी। वहां से गायब देख उसके होश उड़ गये। पीड़ित द्वारा इस घटना की शिकायत जैदपुर पुलिस से करने पर पुलिस द्वारा जांच पड़ताल शुरू करने के साथ साथ आस पास लगे कैमरे को भी खंगाला जा रहा है।

# पूजा अर्चना के साथ शिक्षा सत्र शुरु, छात्र-छात्राओं का हुआ स्वागत



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

स्कूल खुलने के बाद पहले दिन बीडीओ हैदरगढ़ संजीव कुमार गुप्ता द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर पूजा अर्चना करने के उपरांत प्रधानाध्यापक आशा देवी कि मौजूदगी में आय हुए नव प्रवेशी एवं अन्य बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया एवं पुस्तक वितरण किया गया। बच्चों द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया। बीडीओ द्वारा बताया सभी बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करें ।आप सभी को सरकार द्वारा मुफ्त शिक्षा के साथ ड्रेस जूता मोजा स्वेटर बैग आदि के लिए डीबीटी के माध्यम से धनराशि सीधे खाते में भेजी जा रही है मुफ़्त पुस्तकें दी जा रही है आप सभी मन लगाकर पढ़ाई करे एवं देश का नाम विश्व पटल पर रोशन करे। इस मौक़े पर श्रवण शुक्ल, रुद्रकांत, सावना मिश्रा, राम शंकर, हरिश्चंद्र, राम दत्त अवस्थी आदि मौजूद रहे।

## लोगों की परेशानी का सबब बना खडंजा उखाड़ा गया

**रामनगर, बाराबंकी।** रास्ते के मध्य में खडन्जे को उखड़वा कर छः माह पूर्व बनाई गई नाली की दोनों ओर किनारों के पड़े रहने कारण ग्रामीणो में घोर परेशानी का सबब बनी हुई है। लेकिन ग्राम प्रधान ग्रामीणो को समस्या से निजात दिलाये जाने से इतर उन्हीं लोगों से किनारों को पाट लेने की बात कह रहे हैं। जिससे वह पुनः खडन्जे का लगवाकर मार्ग को सुगम बना सके। यह मामला विकास खंड रामनगर के ग्राम पहाड़ पुर का है।यहां महन्त जयसीराम के घर से राजेन्द्र के घर तक लगे खडन्जा मार्ग को करीब छः माह पूर्व ग्राम पंचायत की ओर से पानी निकासी के लिये नाली बनवा दी गयी।तब से खडन्जे की ईंटे बिखरी हुई पड़ी होने साथ मार्ग भी वैसे ही पड़ा हुआ है। ढक्कन भी आधे अधूरे रक्खे गये है।



# बीपीसीएल पेट्रोल पंप हुसैनाबाद के मालिक ने गौशाला को दान किया 50 कुंतल भूसा

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड त्रिवेदीगंज के ग्राम दूदीपुर स्थित गौशाला में बीपीसीएल पेट्रोल पंप के मालिक वीरेंद्र कुमार शुक्ला और शशांक शुक्ला द्वारा 50 कुंतल भूसा खंड विकास अधिकारी त्रिवेदीगंज आदित्य श्रीवास्तव पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर धनेश गुप्ता की मौजूदगी में दान दिया गया। इस अवसर पर वीरेंद्र शुक्ला ने कहा कि गौ सेवा संसार की सबसे बड़ी सेवा है और हमारी संस्था द्वारा गौ सेवा हेतु समय-समय पर दान देती रहती है। पशुधन प्रसार अधिकारी शिवेंद्र वर्मा ने कहा कि गोवंशों की सुरक्षा के लिए हम सब हमेशा तैयार रहते है यदि कोई गोवंश बीमार पड़ता है तो उसकी जांच करके इलाज किया जाता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रधान निहारिका वर्मा प्रधान प्रतिनिधि राकेश वर्मा अलगू चौधरी नेता अरविंद वर्मा पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर बिपाशा सिंह रामू अवस्थी गोविंद अवस्थी अनिल पांडे नीरज वर्मा आदि मौजूद रहे।

# पौधरोपण कर मनाया अखिलेश का जन्मदिन

▸ **पदाधिकारियों ने अखिलेश यादव के दीर्घायु होने की कामना की**

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का 51 वां जन्मदिन समारोह पार्टी के जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता में पूर्व मंत्री विधायक हाजी फरीद महफूज किदवई, सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, पूर्व विधायक रतनलाल राव सहित अन्य पार्टी पदाधिकारियों ने जिला पार्टी कार्यालय पर केक काटकर एक दूसरे को केक खिलाकर मुंह मीठा कराकर मनाया गया। सभी ने अखिलेश यादव के दीर्घायु होने की कामना की। अखिलेश यादव के दिशा निर्देश पर वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत छात्र सभा के जिला अध्यक्ष मोनू रावत द्वारा ग्राम शुक्लाई में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद एवं सदर विधायक धर्मराज सिंह सुरेश यादव ने पहुंचकर वृक्षारोपण किया।

इसी क्रम में विधानसभा कुर्सी में पूर्व कारागार मंत्री राकेश कुमार वर्मा,जैदपुर विधायक गौरव कुमार रावत, पूर्व प्रमुख जनाब यासिर अराफ़ात किदवई,प्रदेश सचिव डॉ विकास यादव ने वृक्षारोपण कर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के दीर्घायु होने की कामना करते हुए जन्मदिन मनाते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी।

जन्मदिन समारोह एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद, पूर्व मंत्री विधायक हाजी फरीद महफूज किदवई, सदर विधायक धर्मराज सिंह सुरेश यादव, पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह, वर्मा पूर्व विधायक राम गोपाल रावत, पूर्व विधायक रतनलाल राव, राष्ट्रीय सचिव अल्पसंख्यक सभा समीम चौधरी, प्रदेश सचिव राजेंद्र वर्मा पप्पू ,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश चंद्र गौतम, हुमायूं नईम खान, प्रदेश उपाध्यक्ष अधिवक्ता सभा नरेंद्र वर्मा, प्रदेश सचिव प्रबुद्ध सभा ज्ञान प्रकाश मिश्रा, जिला महासचिव हिमांशु यादव, जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, जिला उपाध्यक्ष अजय वर्मा बबलू, कामता यादव, नसीम कीर्ति, अजय प्रताप सिंह पप्पू, राजेश वर्मा, मोहम्मद आफाक, जिला सचिव विनय पांडे, उमाकांत यादव, तौकीर करार्र, जयसीराम यादव सहित पार्टी पदाधिकारी नेताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की लंबी उम्र की कामना करते हुए एक दूसरे को जन्मदिन की बधाई दी।

## खबरें एक नजर में

### थाने पर बैठक कर नए कानूनों की दी जानकारी



**मसौली, बाराबंकी।** प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह की अध्यक्षता मे सोमवार को थाना मुख्यालय पर आयोजित बैठक मे आज से लागू हुए भारतीय न्याय संहिता, 2023 , भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023,व भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जानकारी दी गयी। बैठक मे जनप्रतिनिधि सहित अधिवक्ता एव पत्र प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक मे उपस्थित सम्भ्रान्त जनो से रूबरू होते हुए प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने कहा कि रविवार मध्य रात्रि से भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम व भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 लागू हो गयी अब पुलिस को तीन साल से अधिक और सात साल से कम वाले मामलों में गिरफ्तारी से पहले पुलिस अधीक्षक से अनुमति लेनी पड़ेगी। इसके साथ ही धाराएं भी बदल जाएंगी जो अंग्रेजों के जमाने में बनाए गए थे आईपीसी सीआरपीसी और इंडियन एवेडेंस एक्ट की जगह लेंगे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि नई व्यवस्था लागू होने के बाद किसी को गवाही के लिए अदालत या पुलिस थाने जाने की जरूरत नहीं है। लोग अपने स्थान से ही गवाही दे सकेंगे। उन्होंने जीरो एफआईआर, ई एफआईआर के क्रियान्वयन के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। बैठक का समापन राष्ट्रगान के साथ हुई। इस मौक़े पर अतरिक्त प्रभारी निरीक्षक सनत मिश्रा, उपनिरीक्षक अनिल कुमार सिंह, राकेश यादव, अमन सोनी अभय गुप्ता, ग्राम प्रधान कलीम चौधरी, अनीस अफजाल अंसारी, रामसिंह यादव, वसीम अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।

### ग्राम सचिव के खिलाफ जांच के आदेश

**सहजनवां, गोरखपुर।** विकास खंड सहजनवां में लम्बे समय से तैनात सचिव अभय कुमार गौड़ के विरुद्ध जांच के लिए दो सदस्यीय समित का गठन का आदेश दिया गया है। विकास खंड के प्रधान कटसहरा,ग्राम प्रधान सहिजना,तथा ग्राम प्रधान बकुलहीं एवं ग्राम प्रधान भेऊसा ने अलग अलग प्रार्थना पत्रों के माध्यम से मुख्य विकास अधिकारी से गुहार लगाई थी। ब्लाक पर तैनात सचिव अभय कुमार अब तक सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार में लिप्त रहते हैं कई अन्य ग्राम प्रधान भी इनके कार्यशैली से खासे नाराज हैं, पीड़ित प्रधानों ने मिडिया से बात करते हूए बताया की अभय कुमार की अधिकारियों के बीच गहरी पैठ होने के वजह से इनके खिलाफ आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

### केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसो. का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**उतरौला,बलरामपुर।** नगर के एस एन मैरिज हॉल उतरौला में केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन उतरौला द्वारा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि राकेश सिंह प्रदेश संगठन मंत्री सीडीएफयू पी एवं विशिष्ट अतिथि अजय श्रीवास्तव प्रदेश रीजनल सचिव एवं जिला अध्यक्ष बलरामपुर रघुनाथ अग्रवाल एवं नगर पालिका अध्यक्ष उतरौला प्रतिनिधि अनूप चंद्र गुप्ता जिला महामंत्री गोंडा सुभाष चंद्र शर्मा और जिला कोषाध्यक्ष गोंडा नवनीत सिंघल एवं चंदन तिवारी जिला बलरामपुर फूड सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार पांडे उपस्थित रहे।

## अतिक्रमण हटाने को लेकर हुई शिकायत

**रामनगर, बाराबंकी।** अतिक्रमण के मामले मे तहसील प्रशासन की मनमानी को लेकर चेयरमैन रामशरण पाठक ने मुख्यमंत्री के जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत की है।चेयरमैन श्री पाठक ने मुख्यमंत्री के जन सुनवाई पोर्टल पर की गई शिकायत में कहा है कि रामनगर से सहादतगंज जाने वाली रोड के दोनों तरफ अतिक्रमण हटाकर सड़क चौड़ी किया जाना हैं लेकिन उपजिलाधिकारी पीडब्ल्यूडी और नगर पंचायत के अभिलेखों में दर्ज सड़क की लंबाई चौड़ाई मानने को तैयार नहीं है। जिला अधिकारी ने तीन दिन के अंदर अतिक्रमण हटाने के लिए एसडीएम को निर्देशित किया था। मुख्यमंत्री के द्वारा भी लगातार अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये जा रहे हैं।

# डीएम ने मिठाई खिलाकर बच्चों का किया स्वागत

**उरई, जालौन समृद्धि न्यूज।**



सोमवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने ग्रीष्मकालीन अवकाश के पश्चात परिषदीय विद्यालयों में नए सत्र के प्रारंभ के अवसर पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं का टीका, माल्यार्पण व बैच अलंकरण कर तथा मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि सर्वसमाज के छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। जनपद में कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा, इसके लिए विद्यालय प्रबंध समिति को निर्देशित किया कि घर-घर जाकर अभिभावकों को प्रेरित कर शत प्रतिशत नामांकन कराया जाए, पढ़ाई का चक्र टूटने न पाए और कोई भी बच्चा शिक्षा से छूटने न पाए, हम सभी की जिम्मेदारी है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह जाए, हम इस जिम्मेदारी का निर्वहन करें यह देश की सबसे बड़ी सेवा है। उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कक्षा एक से कक्षा आठ तक के छात्र-छात्राओं को निशुल्क यूनिफॉर्म, जूता-मोजा, पाठ्य पुस्तक व स्कूल बैग आदि के लिए डीबीटी के माध्यम से धनराशि माता-पिता, अभिभावकों के खाते में भेजी गई है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आप उस पवित्र कार्य से जुड़े हैं आपका आचरण एक शासकीय अधिकारी की तरह नहीं बल्कि समाज के एक मार्गदर्शक के रूप में एक शिक्षक के रूप में होना चाहिए।

# जनहित में पुराने कानूनों में बदलाव करना था जरूरी : विधायक

**कालपी, उरई समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को नये कानूनों को लेकर प्रशासनिक जिम्मेदारों ने क्षेत्रीय विधायक व अधिवक्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान विधायक ने नये कानूनों को जनहित में बताया और कहा कि समय के अनुसार बदलाव जरूरी है।

कोतवाली के सभागार में आयोजित बैठक के दौरान क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि प्रचलित कानून काफी पुराने थे जिन्हें अंग्रेजों ने उस समय की परिस्थिति के अनुसार बनाया था लेकिन अब काफी सामाजिक व आर्थिक परिवर्तन हो चुका है इसलिए कानूनों में बदलाव भी आवश्यक हो गया है जिससे जनता को समय से न्याय मिल सकेगा। इस दौरान मौजूद उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने भी कहा कि प्रचलित कानून काफी पुराने हो चुके थे जो 1905 से लेकर 1800 ई. तक बनाए गए थे जो अग्रेजों द्वारा शासन करने की नियति से बनाए गए थे उन्होंने कहा कि बदलाव के बाद कुछ दिनों तक परेशानियों का तो सामना करना पड़ेगा लेकिन चलन में आने के बाद सब कुछ सामान्य हो जाएगा। इस मौके पर उन्होंने राजस्व संहिता का हवाला दिया और कहा कि पहले परेशानी हुई थी लेकिन अब सब कुछ सामान्य हो गया है। इस मौके पर सीओ डॉ. देवेंद्र पचौरी ने नये कानूनों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि नये कानून में सब की जिम्मेदारी तय की गई।

# पाली ब्लॉक के सचिव व प्रधान पर लगा धन के बंदरबाट का आरोप

**सहजनवां गोरखपुर समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड पाली के जिम्मेदारों के उपर सरकारी धन का फर्जी तरीके से गमन करने का शिकायतकर्ता ने सचिव सहित ब्लॉक के तमाम जिम्मेदारों के ऊपर आरोप लगाया है शिकायतकर्ता ने बताया की मिनवा सिवान से आशा पब्लिक स्कूल तक 2021-22 में नहर के सिल्ट सफाई कार्य एवं पटरी पर मिटटी, सिल्ट साफ़ सफ़ाई कार्य, के नाम पर फर्जी तरीके से लाखों की धनराशि निकाली गईं हैं *वही इस संदर्भ में सचिव अरविंद कुमार चौधरी से पुछा तो सचिव साहब का साफ जवाब था कि हमारे पास एनओसी नहर विभाग के द्वारा दिया गया था और उसी के आधार पर हमने कार्य कराया था और बिना एनओसी का कार्य करने का हमारा अधिकार ही नहीं

**लेकिन जब वही नहर विभाग के जिम्मेदार जेई साहब से पूंछा तो:** साहब ने साफ कह दिया नहर विभाग के द्वारा किसी भी प्रकार का कोई एनओसी ब्लॉक को नहीं दिया गया है वही नहर विभाग के सरयू कैनाल प्रथम के अधिशासी अभियंता के द्वारा शिकायतकर्ता के द्वारा मांगी गई आरटीआई सूचना में साफ शब्दों में लिखा गया है। ग्राम पंचायत नरौली विकासखंड पाली हेतु सन 2020 में किसी कार्य के बाबत कोई आदेश निर्गत नहीं किया गया।

## युवक-युवती ने भागकर की शादी, पिता से मांग रहे है संपत्ति में हिस्सा

**जालौन, उरई।** गांव के युवक ने युवती के साथ भाग कर शादी कर ली। शादी के बाद युवक, युवती के पिता को संपत्ति में हिस्सा न देने पर जान से मारने धमकी दे रहा है। पीड़ित ने एसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुढ़ार सालाबाद निवासी महेंद्र कुमार ने एसपी को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि उनकी बेटी को गांव का ही युवक अपने साथ बीती पांच मार्च को बहला फुसलाकर ले गया था। इसकी रिपोर्ट उन्होंने कोतवाली में दर्ज कराई थी। इस दौरान युवक ने उनकी बेटी से शादी कर ली है। शादी करने के बाद युवक उन्हें धमकी दे रहा है कि उन्होंने उनकी शादी में व्यवधान डाला है।

# सर्पदंश में पीड़ित को तत्काल ले जायें नजदीकी अस्पताल : सीएमओ

**उरई, जालौन समृद्धि न्यूज।**

▸ **बारिश के मौसम में सबसे ज्यादा होती सर्पदंश की घटनायें**

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एनडी शर्मा ने बताया कि बारिश के मौसम में सर्पदंश से अधिक जनहानि होती है, सर्पदंश से होने वाली जनहानि को रोकने के लिये क्या करें एवं क्या न करें तथा सर्पदंश से होने वाले लक्षण एवं बचाव निम्नवत है।

उन्होंने सर्पदंश के लक्षण के सम्बंध में बताया कि सर्पदंश वाले स्थान पर तेज दर्द होना, दंश वाले हिस्से में सूजन, पलकों का भारी होना एवं बेहोशी आना, पसीना आना एवं उल्टी महसूस होना, सांस लेने में तकलीफ होना, आंखो मे धुंधलापन छाना। उन्होंने सर्पदंश होने पर क्या करें के सम्बंध में बताया कि सांप के रंग और आकार को देखने और याद रखने की कोशिश करें, जिस जगह पर सर्पदंश है वहां से सभी प्रकार के आभूषण जैसे घडी, अंगूठी आदि को निकाल दे, सर्पदंश पीडित व्यक्ति को शांत और स्थिर रहने के लिये कहें, सर्पदंश पीड़ित व्यक्ति को तुरन्त नजदीकी अस्पताल ले जायें, पीड़ित व्यक्ति का सिर ऊचां करके लिटाये या बैठायें, घाव को तुरन्त गर्म पानी या साबून से साफकरे, काटे हुये अंग को पटटी या सूती कपड़े से बांध दे।


## मुहर्रम में बिजली व अतिक्रमण हटाने की उठाई मांग

**जालौन (उरई)।** ताजिया कमेटी के अध्यक्ष की अगुवाई में पदाधिकारियों ने एसडीएम को छह सूत्रीय मांग पत्र सौंपकर मुहर्रम में बिजली, साफ़ सफ़ाई व अतिक्रमण हटाने की मांग की है। एसडीएम ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया है। ताजिया कमेटी के अध्यक्ष शमशाद खां की अगुवाई में मेला कमेटी अध्यक्ष नसीम खान, करबला कमेटी अध्यक्ष इमरान अहमद, उस्मान राईन, इम्मान शाह, नौशाद खां आदि ने एसडीएम अतुल कुमार को ज्ञापन सौंपकर बताया कि 14 जुलाई की रात मुहर्रम की अलम निकलेगी, 15 जुलाई को दिन में छड़ का जुलूस निकलेगा। 16 जुलाई की रात को ताजिया निकाले जाएंगे और अगले दिन 17 जुलाई को दिन में ताजिया निकाले जाएंगे। उन्होंने मांग की है कि मुहर्रम के पर्व से ताजिया निकालने के लिए निर्धारित मार्ग पर जमीन के नजदीक झूलते तारों को ठीक कराया जाए। ताजिया मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कर रास्ते में पड़ने वाले पेड़ों की टहनियों को कटवाया जाए। इसके अलावा कर्बला मैदान और ताजिया मार्ग की साफसफ़ाई करा दी जाए। मोहल्ला सहावनाका में ताजिया मार्ग पर लकड़ी रखी है। से हटवाया जाए।

# लाइन जोड़ते समय युवा संविदा कर्मी की मौत, साथी झुलसा

**उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज**

लाइन जोड़ते समय युवा संविदा कर्मी की मौत हो गई जबकि साथी संविदा कर्मी बचाने के प्रयास में झुलस गया। थाना गैंड़ास बुजुर्ग के ग्राम गैंड़ास बुजुर्ग निवासी बिजली संविदा कर्मी अफजल अली पुत्र स्व.फते मोहम्मद 24वर्ष व थाना कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत बालपुर निवासी देवेन्द्र कुमार पुत्र कृष्णा प्रसाद यादव 26वर्ष रविवार की रात्रि 9:00 बजे लाइन जोड़ने के लिए ग्राम सभा भैरमपुर के मजरा बिलासपुर गांव गए हुए थे। कि अचानक बिजली के आ जाने से अफजल अली व देवेन्द्र कुमार बुरी तरह झुलस



गए।ग्रामीणों के प्रयास से एंबुलेस की मदद से दोनों को सीएचसी गैंड़ास बुजुर्ग ले जाया गया।जहां चिकित्सक ने अफजल अली को मृत्यु घोषित कर दिया तथा देवेन्द्र कुमार को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। बताते चलें कि मृतक अफजल अली के पिता फते मोहम्मद की भी पिछले दो वर्ष पूर्व में ग्राम गैंड़ास बुजुर्ग के मजरा भरथापुर में लाइन जोड़ते समय मृत्यु हो गई थी। घटना की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# राप्ती नदी के कटान बिंदुओं-तटबंधों पर रखे निगाह : डीएम



**बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**

▸ **सभी बाढ़ चौकिया व राहत केंद्र को सक्रिय किए जाने का डीएम ने दिया निर्देश**

संभावित बाढ़ से बचाव एवं सुरक्षा के दृष्टिगत डीएम पवन अग्रवाल द्वारा कोडरी एवं सिसई घाट का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कोडरी घाट पर जल स्तर के बढ़ने पर कटान को रोकने के लिए पूरी तैयारी पूर्ण कर लिए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ खंड द्वारा कटानरोधी एवं फ्लड फाइटिंग कार्य के लिए परक्यूपाइन , जिओ बैग , नायलॉन क्रेट के स्टॉक का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बाढ़ खंड द्वारा सभी कटान बिंदु एवं तटबंध पर सतर्क निगाह रखी जाए । नदी के जल स्तर बढ़ने पर कटान आदि पर युद्ध स्तर पर काटन रोधी कार्य की जाए। इस दौरान उन्होंने सिसई घाट पर सेंट्रल वाटर कमीशन के गेज का निरीक्षण किया तथा राप्ती नदी के जल स्तर पर सतर्क निगाह रखे जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता बाढ़खंड, सहायक अभियंता बाढ़ खंड उपस्थित रहे।

## डोर टू डोर चलाया जाए जागरूकता अभियान : डीएम



**बलरामपुर। समृद्धि न्यूज।** सोमवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान /दस्तक अभियान का शुभारंभ डीएम पवन अग्रवाल , विधायक बलरामपुर सदर पलटूराम द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर में फीता काटकर एवं जागरूकता वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया। इन अवसर पर डीएम द्वारा उपस्थित अधिकारियों , कर्मचारियों को दस्तक / संचारी अभियान का शपथ दिलाया गया। उन्होंने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 31 जुलाई 2024 तक चलेगा तथा दस्तक अभियान ग्यारह से इकतीस जुलाई तक चलेगा। संचारी रोग नियंत्रण अभियान का मुख्य उद्देश्य शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में साफ–सफाई पर विशेष ध्यान देना तथा संचारी रोगों के प्रसार को प्रत्येक दशा में रोकना है। उन्होंने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान / दस्तक अभियान के तहत स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा डोर टू डोर जागरूकता अभियान चलाया जाए। स्वास्थ्य विभाग , पंचायती राज विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष साफ सफाई अभिनय , फॉगिंग , एंटी लारवा स्प्रे आदि गतिविधियां कराई जाएगी। इस दौरान डीएम ने अत्यंत सराहनीय कार्य करते हुए सीएमओ कार्यालय में दिव्यांग बोर्ड में दिब्यंगता प्रमाण पत्र लेने आए दिव्यांग बडेंलाल को मौके पर ही दिव्यांग प्रमाण पत्र दिलवाया।

## सूचना

मैं No 3012177H Hav Clk (SD) Ashok KumarR/O S/O Umashankar Yadav, House No 13, Mahaveerpuram, Maharajpura, Gird, Distt-Gwalior (MP), PIN-474020 घोषणा करता हूं कि मेरे सेवा अभिलेखों में पिता का गलत नाम Umashankar दर्ज है। उनका वास्तविक नाम आधार कार्ड के अनुसार Umashankar Yadav है व माता का गलत नाम Rajkumari और जन्म दिनांक 07 Nov 1978 दर्ज है। उनका वास्तविक नाम आधार कार्ड के अनुसार Rajkumari Yadav और जन्म का दिनांक 01 Jan 1976 है। जिसे दर्ज किया जाए।

# सांसद के जन्मदिवस पर कहीं कटा केक तो कहीं हुआ पौधरोपण

- अखिलेश के दीर्घायु होने व संगठन की मजबूती एवं एकजुटता का संकल्प लिया

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

**नगर व** क्षेत्र में पूर्व मुख्यमंत्री व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कन्नौज सांसद का 51 वां जन्मदिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समाजवादी शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष ने एवं पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी ने समर्थकों के साथ केक काटकर एक दूसरे को खिलाकर उनके दीर्घायु होनें व संगठन की मजबूती संकल्प लेनें के उपरान्त आगामी विधानसभा चुनाव की सफलता के लिए एकजुट होनें पर बल दिया।

शनिवार को क्षेत्र के ग्राम मधई नगला में अखिलेश यादव के छायाचित्र के समक्ष केक काटकर एक दूसरे को खिलानें के उपरान्त सपा शिक्षक सभा जिलाध्यक्ष अमित यादव नें कहा कि बीते लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को मिली अपार सफलता का श्रेय केवल एक ही व्यक्ति को जाता है और वो हैं राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव। जिस प्रकार उन्होंने युवाओं को मनोवैज्ञानिक रूप से प्रोत्साहित किया उससे पार्टी के लिए कार्य करने में युवाओं को काफी प्रेरणा मिली और जो लोकसभा चुनाव में पार्टी के लिए हितकारी साबित हुआ। इस दौरान जिला महासचिव रामसेवक राजपूत, प्रधान मेघनाथ, आदिल परवेज, अर्पित शुक्ला, जितेन्द्र कुमार, सोनू यादव, मनमोहन, संजय कुमार सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे। उधर नगर तिर्वारोड स्थित आवास कार्यालय पर पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी राजसिंह चौहान उर्फ छोटे ठाकुर ने समर्थकों के साथ सपाध्यक्ष, कन्नौज सांसद अखिलेश यादव के जन्मदिन पर केक काटनें के उपरान्त एक दूसरे को खिलाकर मुंह मीठा कराया। इस दौरान उन्होनें कहा कि पीडीए जननायक अखिलेश यादव की कार्यकुशलता के चलते लोकसभा चुनाव में पार्टी को प्रदेश में सबसे अधिक सीटें जीतने का मौका मिल सका। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दलित, पिछड़ों को पार्टी में वरीयता देते हुए समुदाय विशेष के ठप्पे को तोड़ दिया है। वहीं नगर अध्यक्ष मुकीम खान के नेतृत्व में पौधरोपण भी किया गया है। इस मौके पर विभिन्न स्थानों पर सपा नेता कोची यादव, अमन खॉन, विकास गुप्ता सहित पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष राम सेवक बाथम, रंधीर ठाकुर, विजय गुप्ता, दारा कुशवाहा, सलीम खान, निजाम खान, अज़ीम सिद्दीकी, शेरे रजा, संदीप मिश्रा, मनी गुप्ता, नाहर यादव, चंद्र प्रकाश कुशवाहा, लईक अहमद, अमन खान, शादाब खान आदि मौजूद रहे।



# धान की भरपूर उपज हेतु नर्सरी प्रबंधन जरूरी: डॉ. अरविंद

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़

**क्षेत्र के** कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी के वैज्ञानिक डॉ अरविंद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि एक हेक्टर क्षेत्रफल की रोपाई के लिए 800-1000 वर्ग मी. क्षेत्रफल में महीन धान का 30 किग्रा0 मध्यम धान का 35 किग्रा0 और मोटे धान का 40 किग्रा0 बीज पौध तैयार करने हेतु पर्याप्त होता है। ऊसर भूमि में यह मात्रा सवा गुनी कर दी जाय। शंकर धान उत्पादन में 15-20 किलोग्राम बीज प्रति हेक्टेयर पर्याप्त होता है जो की सामान्य प्रजातियां की बीज दर का आधा होता है। एक हेक्टर नर्सरी से लगभग 15 हेक्टर क्षेत्रफल की रोपाई होती है। समय से नर्सरी में बीज डालें और नर्सरी में 100 किग्रा0 नत्रजन तथा 50 किग्रा0 फास्फोरस प्रति हेक्टर की दर से प्रयोग करें। ट्राइकोडर्मा का एक छिडकाव नर्सरी लगने के 10 दिन के अन्दर कर देना चाहिये। बुवाई के 10-14 दिन बाद एक सुरक्षात्मक छिड़काव रोगों तथा कीटों के बचाव हेतु करें खैरा रोग के लिए एक सुरक्षात्मक छिड़काव 5 किग्रा0 जिंक सल्फेट को 20 किग्रा. यूरिया या 2.5 किग्रा0 बुझे हुए चूने के साथ 1000 लीटर पानी में घोलकर प्रति हेक्टर की दर से पहला छिड़काव बुवाई के 10 दिन बाद एवं दूसरा 20 दिन बाद करना चाहिए ।

सफेदा रोग के नियंत्रण हेतु 4 किग्रा. फेरस सल्फेट को 20 किग्रा. यूरिया के घोल के साथ बनाकर छिड़काव करना चाहिए। नर्सरी में लगने वाले कीटों से बचाव हेतु 1.25 लीटर क्लोरोपाइरीफास 20 ई.सी. प्रति हेक्टेयर का छिड़काव करें। नर्सरी में पानी का तापक्रम बढ़ने पर उसे निकाल कर पुनः पानी देना सुनश्चित करें।



जानकारी देते वैज्ञानिक डॉ अरविंद कुमार

# खबरें चलते-चलते

## 2012 से 2022 तक हुए विकास कार्यों की होगी जांच: मोहसिन खान

- तालग्राम के नगर वासियों के हित में लगातार समर्पित रहूंगा



**तालग्राम,कन्नौज समृद्धि न्यूज।** तालग्राम नगर पंचायत अध्यक्ष मोहसिन खान ने बताया कि नगर पंचायत तालग्राम नगर वासियों की खुशहाली व उनकी सहूलियत के लिए लगातार ठोस कदम उठाये जा रहे है। मुझे लोगों की सेवा करने का जो अवसर प्राप्त हुआ है, उसे मैं पूरी तरह से निभाने में प्रयासरत हूं। आगे उन्होने अपने विरोधियों पर जमकर हमला बोला कहा कि को जिस तरह से आम लोगों के लिए सेवा भाव से समर्पित हूं, वह कुछ लोगों को रास नहीं आ रहा है, राजनैतिक द्वेष भावना से मेरी लोकप्रियता व छवि खराब करने के लिए आये दिन उन्हीं लोगों के द्वारा मेरे खिलाफ तरह-तरह के षड़यंत्र रचे जाते है। हालांकि षड़यंत्र वाले लोगों के बारे में जनता भली भांति जानती है, कि वह वही लोग हैं, जो जनता के हक पर डाका डालकर एश-ओ-आराम कर रहे है। तभी जनता ने उनको नकार भी दिया है। आपको बताना चाहता हूं कि मेरे कार्यकाल से पहले नगर पंचायत तालग्राम के विकास के लिए जो धनराशि स्वीकृत होती थी, उसका जिस तरह दुरूपयोग किया जाता था, वह जनता से छिपा नहीं है, इससे पूर्व में भी शिकायतें की गई है, जो आप सभी को मालूम ही होगी, वर्ष 2012 से लेकर वर्ष 2022 तक की कराये गये विकास कार्यों की जांच कराई जाए, वो कार्यवाही जल्द शुरू की जायेगी। मेरे खिलाफ चाहे जितने षडयंत्र क्यों न रचे जायें, लेकिन मैं नगर पंचायत तालग्राम के विकास व नगर वासियों के हित में लगातार समर्पित रहूंगा।

## महिला के साथ टप्पेबाजी

**छिबरामऊ।** मोहल्ला कस्सावान निवासी आशा देवी पत्नी सुरेन्द्र सिंह जो कि पोस्ट आफिस मे चतुर्थ श्रेणी के पद पर कार्यरत है।आज सुबह अपने पोस्ट आफिस के खाते से 2300 रुपये निकलकर अपने घर जा रही थी तभी रास्ते मे मिले अज्ञात युवक ने टप्पेबाजी कर महिला से तेईस सौ रूपेश व एक अनूठी, एक चेन,मोबाइल ले लिया और भंग गया। महिला ने बताया कि युवक ने उसे बताया कि वह हरिद्वार से आया है।फिर महिला ने इसकी सूचना अपने परिजनो को दी।परिजन महिला को लेकर कोतवाली पुलिस के पास पहुचकर सूचना दी।मेन चोकी ईचाज ज्ञानेन्द्र सिह ने घटना स्थल पर पहुचकर लोगो से घटना के विषय मे जानकारी ली।महिला के साथ हुई घटना की पुष्टि करी पर युवक का कोई भी पता नही चला ।प्रभारी निरीक्षक ने बताया की अभी महिला कोतवाली नही आई है आती है तो कार्यवाई की जायेगी।

## सपाईयों ने धूमधाम के साथ मनाया सपा मुखिया का जन्मदिन

**तिर्वा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कन्नौज सांसद अखिलेश यादव का 51वां जन्मदिन क्षेत्र में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों व समर्थकों ने केक काटे। मिठाईयां वितरित की। आतिशाबाजी छुड़ाकर उनके दीर्घायु होन की कामना की। सपा के विधानसभा कार्यालय में विधानसभा अध्यक्ष शरद यादव के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन पर केक काटा गया। उनके दीर्घायु होने की कामना की गई। इस मौके पर हसेरन के पूर्व ब्लाक प्रमुख उमाशंकर बेरिया, मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के जिलाध्यक्ष मुनेश राठौर, प्रान्तीय कार्यकारिणी सदस्य देवेन्द्र प्रताप सिंह, विधानसभा प्रभारी राजू वर्मा, नगर अध्यक्ष शानू सिद्दीकी समेत कई सपाई मौजूद रहे। उधर मेडिकल कॉलेज के निकट आयोजित कार्यक्रम में बरिष्ठ सपा नेता अवनीश यादव ने केक काटकर सपा मुखिया का जन्मदिन मनाया। इस मौके पर सपा नेता अभिषेक यादव, मेराज खान, सौरभ यादव, मुनेन्द्र सिंह सहित कई सपाई मौजूद रहे। उधर जिला पंचायत सदस्य श्याम सिंह यादव ने अलमापुर गांव में कार्यक्रम का आयोजन कर सपा मुखिया के जन्मदिन पर वृक्षारोपण कर उनके दीर्घायु होने की कामनाएं की।

# तीनों नये कानूनों के क्रियान्वयन का हुआ जन जागरूकता कार्यक्रम

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

- कोतवाली में दी गई विस्तृत जानकारी, किया नगर में प्रचार-प्रसार

**01 जुलाई** 2024 से तीन नए कानून 'भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रभावी होने के संदर्भ में स्थानीय कोतवाली परिसर में जन जागरूकता .कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके बाद नगर में भ्रमण कर जनजागरूकता के लिये किया प्रचार प्रसार। सोमवार को प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे नें संबोधित करते हुये कहा कि इन तीन कानून का उद्देश्य दंड देने का नहीं है, बल्कि न्याय देने का है। भारतीय न्याय संहिता, जो आईपीसी की जगह लेगा में पहले की 511 धाराओं के स्थान पर अब 358 धाराएं होगी, 175 धाराओं में बदलाव किया गया है। 10 नयी धाराएं जोड़ी गयी है और 19 धाराओं को निरस्त किया गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, जो सीआरपीसी की जगह लेगा, में अब 531 धाराएं रहेंगी, 160 धाराओं को बदल दिया गया है। 09 नयी धाराएं जोड़ी गई हैं और 15 धाराओं को निरस्त किया गया है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम एविडेंस एक्ट की जगह लेगा, में पहले की 167 के स्थान पर अब 170 होंगी, 23 धाराओं में बदलाव किया गया है, 2 नयी धाराएं जोड़ी गयी है और 11 धाराएं निरस्त की गयी हैं। इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से शिकायत देने पर 03 दिन के भीतर शिकायत दर्ज होनी है, (एसईसी 173 बीएनएसएस), बलात्कार के मामलो में मेडिकल जांच रिपोर्ट 7 दिन के भीतर देनी होगी। (एसईसी 184 बीएनएसएस) पहली सुनवाई के 60 दिनों के भीतर आरोप तय करना है। (एसईसी 251 बीएनएसएस) आपराधिक मामलो में मुक़दमे की समाप्ति के 45 दिनों के भीतर निर्णय देना होगा। (एसईसी 258 बीएनएसएस) आपराधिक कार्यवाही में दो से अधिक स्थगन देने की अनुमति नहीं है। अब छोटे मोटे व कम गंभीर मामलो में समरी ट्रायल अनिवार्य है। 3 वर्ष तक की सजा में मजिस्ट्रेट समरी ट्रायल कर सकता है। (एसईसी 283 बीएनएसएस) आपराधिक कार्यवाही शुरू करने, गिरफ्तारी, जांच, आरोप पत्र, मजिस्ट्रेट के समक्ष कार्यवाही, कॉग्नीज़न्स, चार्जेज, प्ली बार्गेनिंग, सहायक लोक अभियोजक की नियुक्ति, ट्रायल, जमानत, जजमेंट और सजा, दया याचिका के लिए एक समय सीमा निर्धारित की गयी है। यह कानून महिलाओ और बच्चो पर केंद्रित है। महिला एवं बच्चे के खिलाफ अपराध को भारतीय न्याय संहिता, 2023 के नए अध्याय 05 के तहत समेकित किया गया है। महिलाओं व बच्चो के अपराध से संबंधित 37 धाराएं है। 18 वर्ष से कम आयु की बच्चियों के सामूहिक दुष्कर्म मामले में आजीवन कारावास या मृत्यु दंड का प्रावधान किया गया है। (एसईसी 69बीएनएसएस), चिकित्सकों को बलात्कार कि पीड़िता की मेडिकल रिपोर्ट सात दिनों के भीतर जांच अधिकारी को भेजनी अनिवार्य है। यह विक्टिम सेंट्रिक है। जीरो एफआईआर को संस्थागत किया गया है। अब एफआईआर कही भी दर्ज की जा सकेगी। वादी को एक थाने से दूसरे थाने के लिए भटकने की ज़रूरत नहीं है। जीरो एफआईआर दर्ज होने के बाद जिस भी क्षेत्र का केस होगा वहां एफआईआर ट्रांसफर कर दी जाएगी। पीड़ित को एफआईआर की एक प्रति प्राप्त करने का अधिकार है। विक्टिम को 90 दिनों के भीतर जांच में प्रगति के बारें में सूचित करना पड़ेगा। भारतीय न्याय संहिता में पहली बार आतंकवाद की व्याख्या करके इसे दंडनीय अपराध बना दिया गया है।

# नया सत्र शुरू विद्यालयों में पहुंचे बच्चें लौटी रौनक



**समधन, समृद्धि न्यूज़।** वर्ष 2024 विद्यालयों का नया सत्र शुरू स्कूल पहुंचे बच्चें लौटी रौनक बच्चों को स्कूल पहुंचते ही खिले चेहरे क्षेत्र के ग्राम झूसीनागर प्राथमिक विद्यालय में पहले दिन पहुंचने वाले सभी बच्चो का विद्यालय के हेड मास्टर द्वारा जोरदार स्वागत किया गया 1 जुलाई वर्ष 2024 से विद्यालयों का नया सत्र सोमवार से शुरू हो गया क्योंकि छुट्टी के बाद 1 जुलाई को बच्चे जब प्राथमिक विद्यालय झूसी नागर में आए तो हेड मास्टर शैलेंद्र सिंह यादव ने सभी प्यारे बच्चो को मिठाई खिलाकर मूंह मीठा कराकर फूलों की वर्षा करते हुए तिलक कर स्वागत किया गया सरकार की मंशा के अनुसार बच्चों की पढ़ाई लिखाई को मजबूत करने के उद्देश्य से सभी बच्चों को फल भी वितरित किए गए बच्चे मिठाई और फल खाकर बहुत खुश हुए ब्लाक तालग्राम के खंड शिक्षा अधिकारी श्री रमेश चंद्र चौधरी के निर्देशानुसार क्षेत्र के समस्त विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए गए झूसीनागर, सिंहपुर, गुरौली, रौरा, तमियामऊ, भैसियापुर, रायपुर,अमरौली,आलमपुर सभी विद्यालय में बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया इस अवसर पर प्रभाकर, प्रभा, विवेक, सोनपाल ,अनुज , सुरेंद्र, अनूप, शिव सागर ,संदीप आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# डॉक्टर्स- डे के उपलक्ष्य में निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर आयोजित

- सात दिनों तक चलता रहेगा शिविर का आयोजन
- प्रथम दिन 50 मरीजों का परीक्षण कर दिया परामर्श

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़

**कई वर्षों** से लगातार डॉक्टर्स डे पर डॉ वरुण सिंह कटियार द्वारा शहर में स्थित डेंट केयर डेंटल हॉस्पिटल में निःशुल्क दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मरीजों के निःशुल्क दंत परीक्षण के साथ- साथ खराब दांत निकलवाने के इच्छुक मरीजों के निःशुल्क दांत निकाले जाते है। इसी के उपलक्ष्य में इस वर्ष भी डॉ वरुण सिंह कटियार द्वारा निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 49 मरीजों का निःशुल्क दंत परीक्षण किया गया एवं एक मरीज का निःशुल्क दांत निकाला गया। उन्होंने बताया कि शिविर डॉक्टर्स दे प्रतिदिन 7 दिनो तक चलेगा। दांतो की समस्या अधिक ना बढ़े इसलिए जागरूकता हेतु। डॉ कटियार द्वारा दंत रोग जागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगो को जागरूक भी किया जा रहा है।



महिला के दांतों का परीक्षण करते डॉ. वरुण कटियार

# केक काटकर मनाया गया कन्नौज सांसद का 51वां जन्मदिवस

समधन, समृद्धि न्यूज़

**बीता लोकसभा** चुनाव में समाजवादी पार्टी को मिली अपार सफलता का श्रेय केवल एक ही व्यक्ति को जाता है और वो हैं राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी को। जिस पर उन्होंने युवाओं को मनोवैज्ञानिक रूप से प्रोत्साहित किया उससे पार्टी के लिए कार्य करने में युवाओं को काफी प्रेरणा मिली और जो लोकसभा चुनाव में पार्टी के लिए हितकारी साबित हुआ।

यह बात सोमवार को कन्नौज सांसद के जन्मदिवस कार्यक्रम के दौरान समाजवादी शिक्षकसभा के जिलाध्यक्ष अमित कुमार यादव ने कही। ब्लाक तालग्राम के अंतर्गत ग्राम मधई नगला में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने कन्नौज सांसद एवं पीडीए जननायक अखिलेश यादव के 51वें जन्मदिन बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। शिक्षकसभा जिलाध्यक्ष की अगुवाई में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने केक काटकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया और पार्टी लोकसभा की भांति विधानसभा चुनावों में भी अपार जीत सुनिश्चित करने के लिए निष्ठा व लगन के साथ जुटने का प्रण लिया।

इस मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि पीडीए जननायक अखिलेश यादव की कार्यकुशलता का परिणाम सुखद रहा जिससे लोकसभा चुनाव में पार्टी को उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक सीटें जीतने का मौका मिल सका। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दलित, पिछड़ों को पार्टी में वरीयता देते हुए समुदाय विशेष के ठप्पे को तोड़ दिया है। उन्होंने युवा कार्यकर्ताओं से अभी से विधानसभा चुनाव के लिए कमर कसने का आहवान किया। साथ ही उन्होंने अधिक से अधिक पौधरोपण करने का भी संकल्प लिया। इस मौके पर जिला महासचिव रामसेवक राजपूत, प्रधान मेघनाथ, आदिल परवेज, अर्पित शुक्ला, जितेन्द्र कुमार, सोनू यादव, मनमोहन, संजय कुमार सहित सैकड़ों सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# सपा सुप्रीमो पूर्व मुख्यमंत्री सांसद व पूर्व विधायक का जन्मदिन कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कन्नौज के सांसद अखिलेश यादव का एवं छिबरामऊ विधायक अरविंद सिंह यादव का52 जन्मदिन के अवसर पर सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी धूमधाम से मनाया गया आवास विकास कॉलोनी में पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव के आवास पर सपा सुप्रीमो पूर्व मुख्यमंत्री कन्नौज सांसद अखिलेश यादव व पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया एवं जोशीले नारों के गंज के साथ तमाम कार्यकर्ताओं ने मिशन 2027 को पूरा करने का संकल्प लिया इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि रिपू यादव ने कार्यकर्ताओं के साथ जन्मदिन मनाते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता आज जन्मदिन पर संकल्प लेकर जाएं की सभी लोग जरूर एकजुट होकर काम करें और पूरी निष्ठा के साथ पार्टी की नीतियों पर जन-जन तक पहुंचाएं कार्यक्रम का संचालन युबा सपा नेता आदिल परवेज ने किया इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष उमेशपाल लालू ठेकेदार कमलेश प्रधान हृदय नारायण दुबे अर्पित शुक्ला देवेंद्र सिंह मोनू चौहान अमन खान तस्लीम मस्कुलर हसन मोहित यादव विवेक डॉक्टर सुमित अनुराग बाजपेई नीलू तिवारी आशीष पाल विनोद यादव पूर्व प्रधान धनपाल सिंह देवेंद्र यादव प्रखर द्विवेदी अनिल कमलेश प्रधान मनोज सह आदिलशाह घनश्याम जितेंद्र प्रजापति लोग मौजूद रहे।



**सम्मान** लाइन्स क्लब कन्नौज ने प्राचार्य व सीएमएस समेत एक दर्जन डॉक्टरों को किया सम्मानित

# धरती पर भगवान का दूसरा रूप होते है डॉक्टर्स: लाइन्स क्लब

- डॉक्टर्स डे पर मेडिकल कॉलेज के एलटी-3 सभागार में आयोजित हुआ कार्यक्रम

तिर्वा। समृद्धि न्यूज

**राजकीय** मेडिकल कॉलेज के एलटी-3 सभागार में सोमवार को डॉक्टर्स-डे पर लाइन्स क्लब कन्नौज द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें लाइन्स क्लब ने मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य व सीएमएस समेत करीब एक दर्जन चिकित्सकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

एलटी-3 सभागार में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत लाइन्स क्लब कन्नौज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजीव वर्मा ने गांगवेल बजाकर की। इसके बाद ध्वज वंदना व राष्ट्रगान गाया गया। लाइन्स क्लब के बरिष्ठ सदस्य अमित मिश्रा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत रत्न डॉ.वीसी राय कि जन्म जयंती पर डॉक्टर्स डे का आयोजन किया जाता है। उन्होने कहा कि ईश्वर की कृपा से मानव का जन्म होता है। पर धरती पर मानव का जीवन बचाने की जिम्मेदारी डाक्टर्स की है। इसीलिए डॉक्टर्स को धरती का भगवान भी कहा जाता है। उन्होने कहा कि लाइन्स क्लब कन्नौज समाजसेवा के क्षेत्र में बढ़-चढ़कर काम कर रहा है। लाइन्स क्लब के अध्यक्ष राजीव वर्मा व सह संयोजक डॉक्टर आशीष द्विवेदी ने इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.सीपी पाल व विशिष्ठ अतिथि मेडिकल कॉलेज के सीएमएस डॉ.दिलीप सिंह के अलावा एचओडी डॉ.भावना तिवारी, डॉ. मोहम्मद अतहर, डॉ.अनीता ओमहरे, डॉ.मंजू ज्योति चैधरी, डॉ.प्रीती वर्मा, डॉ.प्रेम प्रकाश बाजपेई, डॉ.आलोक रंजन, डॉ.प्रेम सिंह, डॉ.सैफ अनीसा, डॉ. विनीत गुप्ता को प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति के अलावा कन्नौज का इत्र भेंटकर सम्मानित किया।




मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को सम्मानित करते लाइन्स क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष

## एसबीआई तिर्वा ने भी डॉक्टरों का किया सम्मान

तिर्वा। डॉक्टर्स-डे के मौके पर भारतीय स्टेट बैंक की तिर्वा शाखा ने भी कार्यक्रम का आयोजन कर मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों को सम्मानित किया। एसबीआई तिर्वा शाखा के प्रबंधक नवनीत कुमार पाण्डेय ने मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य कक्ष में आयोजित कार्यक्रम के दौरान करीब आधा दर्जन चिकित्सकों को सम्मानित किया।

इस मौके पर लाइन्स क्लब के सचिव रजनीश श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष सुमित कुशवाहा, मानव सेवा समिति कन्नौज के संस्थापक सचिव दिनेश दुबे, बरिष्ठ सदस्य अरविन्द गुप्ता, प्रफुल्ल केलकर, निर्वतमान अध्यक्ष अनिल वर्मा, आलोक वर्मा सहित कई सदस्य व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# दंड अब इतिहास बना, नये कानून में न्याय का प्रावधान

- नये कानून का पालन कराने के लिए प्रतिबद्ध है पुलिसः एसपी
- कार्यशाला में पुलिसकर्मियों व व्यापारियों की दी गयी जानकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**रविवार रात** 12 बजे के बाद यानी एक जुलाई से घटित हुए सभी अपराध नये कानून में दर्ज किये जाएंगे। 01 जुलाई से देश में आईपीसी, सीआरपीसी और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह तीन नये कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनिमय लागू हो गये है। जिनकी जानकारी देने के लिए पुलिस लाइन में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें नये कानूनों की जानकारी दी गयी। सोमवार को पुलिस लाइन सभागार में एसपी आलोक प्रियदर्शी के साथ ही विधायक भोजपुर नागेन्द्र सिंह राठौर, विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य, विधायक कायमगंज डॉ0 सुरभि आदि की मौजूदगी में नये कानूनों की जानकारी दी गयी। गोष्ठी में बताया गया कि 01 जुलाई से लागू हो रहे आपराधिक प्रक्रिया तय करने वाले तीन नये कानूनों में त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए एफआइआर से लेकर फैसले तक को समय सीमा में बांधा गया है। आपराधिक ट्रायल को गति देने के लिए नये कानून में 35 जगह टाइम लाइन जोड़ी गई है। शिकायत मिलने पर एफआइआर दर्ज करने, जांच पूरी करने, अदालत के संज्ञान लेने, दस्तावेज दाखिल करने और ट्रायल पूरा होने के बाद फैसला सुनाने तक की समय सीमा तय है। बैठक में व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा बॉबी, प्रमोद गुप्ता, राजू गौतम, मुकेश गुप्ता, प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत, प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर, सुमन राठौर आदि व्यापारी, शिक्षक एवं अधिवक्ता मौजूद रहे।


बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधि, पुलिसकर्मी, व्यापारी व प्रधानाचार्य आदि

### नये कानून से जल्द निपटेंगे मुकदमे

गोष्ठी में बताया गया कि आधुनिक तकनीक का भरपूर इस्तेमाल और इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों को कानून का हिस्सा बनाने से मुकदमों के जल्दी निपटारे का रास्ता आसान हुआ है। शिकायत, सम्मन और गवाही की प्रक्रिया में इलेक्ट्रानिक माध्यमों के इस्तेमाल से न्याय की रफ्तार तेज होगी। अगर कानून में तय समय सीमा को ठीक उसी मंशा से लागू किया गया जैसा कि कानून लाने का उद्देश्य है तो निश्चय ही नये कानून से मुकदमे जल्दी निपटेंगे और तारीख पर तारीख के दिन लद जाएंगे।

### तीन दिन के अंदर दर्ज करनी होगी एफआईआर

गोष्ठी में बताया गया कि आपराधिक मुकदमे की शुरुआत एफआइआर से होती है। नये कानून में तय समय सीमा में एफआइआर दर्ज करना और उसे अदालत तक पहुंचाना सुनिश्चित किया गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) में व्यवस्था है कि शिकायत मिलने पर तीन दिन के अंदर एफआइआर दर्ज करनी होगी। तीन से सात साल की सजा के केस में 14 दिन में प्रारंभिक जांच पूरी करके एफआइआर दर्ज की जाएगी। 24 घंटे में तलाशी रिपोर्ट के बाद उसे न्यायालय के सामने रख दिया जाएगा।

### क्या है नये कानून में

1. पहली बार आतंकवाद को परिभाषित किया गया, 2. राजद्रोह की जगह देशद्रोह बना अपराध
3. मॉब लिंचिंग के मामले में आजीवन कारावास या मौत की सजा, 4. पीड़ित कहीं भी दर्ज करा सकेंगे एफआइआरए जांच की प्रगति रिपोर्ट भी मिलेगी, 5. राज्य को एकतरफा केस वापस लेने का अधिकार नहीं। पीड़ित का पक्ष सुना जाएगा, 6. तकनीक के इस्तेमाल पर जोर, एफआइआरए केस डायरी, चार्जशीट, जजमेंट सभी होंगे डिजिटल, 7. तलाशी और जब्ती में आडियो वीडियो रिकार्डिंग अनिवार्य, 8. गवाहों के लिए ऑडियो वीडियो से बयान रिकार्ड कराने का विकल्प, 9. सात साल या उससे अधिक सजा के अपराध में फारेंसिक विशेषज्ञ द्वारा सबूत जुटाना अनिवार्य, 10. छोटे मोटे अपराधों में जल्द निपटारे के लिए समरी ट्रायल ;छोटी प्रक्रिया में निपटाराद्ध का प्रविधान,11. पहली बार के अपराधी के ट्रायल के दौरान एक तिहाई सजा काटने पर मिलेगी जमानत, 12. भगोड़े अपराधियों की संपत्ति होगी जब्त, 13. इलेक्ट्रानिक डिजिटल रिकार्ड माने जाएंगे साक्ष्य, 14. भगोड़े अपराधियों की अनुपस्थिति में भी चलेगा मुकदमा कौन सा कानून लेगा किसकी जगह, 15. इंडियन पीनल कोड (आइपीसी) 1860 की जगह लागू हुआ है भारतीय न्याय संहिता 2023, 16. क्रिमिनल प्रोसीजर कोड (सीआरपीसीद्ध) 1973 की जगह लागू हो हुआ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, 17. इंडियन एवीडेंस एक्ट 1872 की जगह लागू हो रहा है भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023।

## थाने पहुंचकर दंपति ने किया सुलह समझौता



**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** पति पत्नी ने थाने पहुंचकर बिना किसी जोर दबाव के आपस में समझौता कर लिया। इस दौरान दंपति ने पुलिस को लिखित में समझौता पत्र सौंपा। बाद में दोनों राजी खुशी अपने घर चले गये। स्वार्थी पत्नी उधीर कुमार निवासी गिरधारलालपुर थाना पटियाली जनपद कासगंज शमशाबाद थाने पहुंची। बताते चलें कि पति पत्नी के मध्य आपसी पारिवारिक विवाद हो गया था। पुलिस की मौजूदगी में बिना जोर दबाव के दोनों पति-पत्नी ने आपसी सुलह समझौता कर लिया। पीड़िता अपने बच्चों सहित अपने पति उधीर कुमार के साथ अपने ससुराल चली गयी।

# इंसाफ दिलाने में मील का पत्थर साबित होगा नया कानून

- थाना प्रभारी की अध्यक्षता में की गयी जागरुकता गोष्ठी

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज**

**थाना अमृतपुर** में नये कानून के संबंध में लोगों को जागरुक करने के लिए थाना प्रभारी मीनेश पचौरी की अध्यक्षता में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें अमृतपुर क्षेत्र के सभी संभ्रांत प्रधानों व अन्य लोगों को नए कानून की विस्तार से जानकारी दी गई। सभी ग्राम प्रधानों को अपने-अपने गांव में नए कानून हेतु लोगों को जागरूक करने के आदेश दिए गए। नए कानून की जानकारी देने के लिए पुलिस ने पंपलेट बाँटे। भारतीय दंड संहिता सी.आर.पी.सी. में 484 धाराएं थीं, जबकि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में 531 धाराएं हैं। इसमें इलेक्ट्रॉनिक तरीके से ऑडियो-वीडियो के जरिए साक्ष्य जुटाने को अहमियत दी गई है। नए कानून में किसी भी अपराध के लिए अधिकतम सजा काट चुके कैदियों को प्राइवेट बॉन्ड पर रिहा करने की व्यवस्था है। कोई भी नागरिक अपराध होने पर किसी भी थाने में जीरो एफआईआर दर्ज करा सकेगा। इसे 15 दिन के अंदर मूल जूरिडिक्शन, यानी जहां अपराध हुआ है वाले क्षेत्र में भेजना होगा।


गोष्ठी में जनता को जागरुक करतीं थानाध्यक्ष

सरकारी अधिकारी या पुलिस अधिकारी के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए संबंधित अथॉरिटी 120 दिनों के अंदर अनुमति देगी। यदि इजाजत नहीं दी गई तो उसे भी सेक्शन माना जाएगा। एफआईआर दर्ज होने के 90 दिनों के अंदर आरोप पत्र दायर करना जरूरी होगा। चार्जशीट दाखिल होने के बाद 60 दिन के अंदर अदालत को आरोप तय करने होंगे। केस की सुनवाई पूरी होने के 30 दिन के अंदर अदालत को फैसला देना होगा। इसके बाद सात दिनों में फैसले की कॉपी उपलब्ध करानी होगी। हिरासत में लिए गए व्यक्ति के बारे में पुलिस को उसके परिवार को ऑनलाइन, ऑफलाइन सूचना देने के साथ-साथ लिखित जानकारी भी देनी होगी। महिलाओं के मामलों में पुलिस को थाने में यदि कोई महिला सिपाही है, तो उसकी मौजूदगी में पीड़ित महिला का बयान दर्ज करना होगा।177 प्रावधानों में संशोधन किया गया है।इसके अलावा 14 धाराएं हटा दी गई हैं। इसमें 9 नई धाराएं और कुल 39 उप धाराएं जोड़ी गई हैं। अब इसके तहत ट्रायल के दौरान गवाहों के बयान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दर्ज हो सकेंगे। सन 2027 से पहले देश के सारे कोर्ट कम्प्यूरीकृत कर दिए जाएंगे।

# संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए वार्डों में चलाया गया सफाई अभियान

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**शासन के** निर्देश पर संचारी रोग नियत्रण अभियान के तहत तहसील के न्यायिक मजिस्ट्रेट/अधिशासी अधिकारी रजनी कान्त पाण्डेय ने वार्डों में सफाई का निरीक्षण किया। साथ ही विशेष सफाई अभियान चलाया गया। नगर पालिका परिषद वार्ड न0 1 जगजीवन पुरम सहित विभिन्न कालोनी तथा स्थानों पर पहुँचकर नगर पालिका टीम द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट/अधिशासी अधिकारी ने बताया कि गलियों, सड़क व नालियां की सफाई की गयी। साथ ही दवा का छिड़काव किया गया। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई से हम संचारी रोगों पर काफी हद तक रोक लगा सकते हैं। जैसे बाहर से आने पर साबुन से हाथ धोयें, नाखून काटकर रखें, सड़ गले फलों का सेवन न करें, अपने आसपास गड्ढों में पानी में एकत्रित न होने दें। रात के समय मच्छरदानी का प्रयोग करें, कूड़े को डस्टविन में ही डालें, इससे हम संचारी रोगों से बचाव कर सकते हैं। इस दौरान वरिष्ठ लेखाकार राम भुवन यादव, सफाई नायक सुभाष चन्द्र, ब्रजेन्द्रपाल, उमेश एव वार्ड सभासद हासिम मौजूद रहे।


नाली की सफाई करवाते ईओ

# खबरें चलते-चलते

## नये कानून से महिलायें होंगी सशक्तः एसपी


जानकारी देते पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नये कानून के संबंध में पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने पुलिस कर्मियों, व्यापारियों व अन्य मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जो नये कानून के तहत हमें ताकत मिली है उसका हम प्रयोग करें। महिलाओं के कानून मे अमूलचूल परिवर्तन हुआ है। महिलाओं पर होने वाले उत्पीड़न के दृष्टिगत कानून सख्त किए गए हैं। महिलाओं का उत्पीड़न रोकने के लिए कई नई धाराएं भी बनाई गई हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नये कानून का प्रचार प्रसार कराया जायेगा। जिससे जनता इसके बारे में जान सके और इसका प्रयोग कर सके। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नये कानून में कई धारायें कम की गयी हैं। 511 में से मात्र 358 धारायें रह गयी हैं। इससे जनता को जल्दी न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि नये कानून का सख्ती से पालन कराया जायेगा।

## पुलिस की कार्यप्रणाली से असंतुष्ट विधायक ने एसपी से की शिकायत

**फर्रुखाबाद।** पुलिस अधीक्षक की कार्यशाला में मौजूद अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने अपना दुखड़ा रोते हुए एसपी से कहा कि पुलिस कई मामलों में कार्यवाही नहीं करती है तथा समझौता होने के बाद भी लोगों को थाने में बैठाकर रखती है। जिससे मुझे थाने में फोन करना पड़ता है। जिस पर एसपी ने समस्त थाना प्रभारियों व थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि पुलिस ऐसा कोई काम न करें, जिससे जनता के बीच उसकी छवि धूमिल हो। जनता को न्याय दिलाना उसकी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।

## अज्ञात कारणों के चलते युवक फांसी पर झूला


मृतक का फाइल फोटो

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। असमय घटी इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक दिल्ली में नौकरी करता था। वह बीते दिन ही घर आया था। जानकारी के अनुसार ग्राम अमैयापुर पश्चिम निवासी 22 वर्षीय रमाकांत पुत्र सुखपाल दिल्ली में रहकर काम करता था। सोमवार को वह अपने घर आया था। परिजनों से मिला बातचीत की और खेत में काम कर रहे पिता के पास जाकर उनका भी हाथ बंटाया। दोपहर होते-होते उसके दिमाग में कुछ ऐसा खुमार चढ़ा कि वह गांव से थोड़ी दूर जाकर खेत में खड़े पेड़ पर रस्सी डालकर झूल गया। गले में फंदा डालने से पहले उसने मोबाइल पर फंदा डालकर स्टेटस लगाया और उसके बाद मौत को गले लगा लिया। घर वालों का कहना है की मौत का कारण क्या है इसकी उन्हें जानकारी नहीं है। मृतक की शादी 18 अप्रैल 2024 को राम कांति के साथ हुई थी। इस समय पत्नी अपने मायके में थी। मृत्यु के बाद पुलिस को सूचना दी गई। परिजन मौके पर पहुंचे और मृतक की डेड बॉडी को नीचे उतारकर रोने लगे। थाना पुलिस द्वारा मृतक के पंचनामा की कार्रवाई शुरू कर दी गई।

# अलग-अलग स्थानों पर दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद/शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली फतेहगढ़ पर पंजीकृत मु0अ0सं0 84/2024 धारा 420, 120बी आई.पी.सी. व 66 आई.टी.एक्ट से सम्बन्धित नामजद/वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस द्वारा कोतवाली फतेहगढ़ पर पंजीकृत मु0अ0सं0 84/2024 धारा 420, 120बी आई.पी.सी. व 66 आई.टी.एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त अक्षत दीक्षित पुत्र स्व0 अरूण कुमार दीक्षित निवासी खेड़ा सिरोली थाना नवाबगंज को गिरफ्तार कर लिया। बताते चलें कि अभियुक्त अक्षत दीक्षित ने अपनी पत्नी पत्नी जूली के सहयोग से धोखाड़ी करके मुकदमा वादी शानू प्रताप सिंह के एचडीएफसी बैंक के खाता के पेटीएम अकाउंट से अपने में दो बार में 50-50 हजार रुपये ट्रान्सफर कर लिए। जिसके सम्बन्ध में मुकदमा वादी शानू प्रताप सिंह के प्रार्थना पत्र के आधार पर कोतवाली फतेहगढ़ पर मु0अ0सं0 84/2024 धारा 420/120बी भादवि व 66 आईटी एक्ट बनाम अक्षत आदि 02 नफर के पंजीकृत कराया गया था। विवेचना के क्रम में अभियुक्त अक्षत दीक्षित पुत्र स्व0 अरूण कुमार दीक्षित निवासी खेड़ा सिरोली थाना नवाबगंज को गिरफ्तार किया गया है। वहीं शमशाबाद प्रतिनिधि के अनुसार अभियुक्त लकी पुत्र रामवीर सिंह, संजीव पुत्र रामवीर सिंह, कुलदीप कुमार पुत्र लालाराम, मीना देवी पत्नी लालाराम, मुन्नी देवी पत्नी रामवीर सिंह निवासीगण हुसैनपुर तराई थाना शमशाबाद को धारा 170 बीएनएसस में गिरफ्तार कर न्यायालय एसडीएम कोर्ट कायमगंज भेजा।

## एक माह की छुट्टी के बाद शिक्षा के मंदिर फिर हुए गुलजार

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** एक माह की छुट्टी के बाद शिक्षा के मंदिर पुनः खुल गये। हालांकि पहले दिन बच्चों की संख्या न के बराबर रही। जानकारी के अनुसार एक माह यानी जून की छुट्टी के बाद 01 जुलाई को शिक्षा के मंदिर खुले। शमशाबाद के शाह आलमपुर विद्यालय में 40 छात्र-छात्रायें पंजीकृत हैं। जिसमें पहले दिन मात्र 07 बच्चे ही विद्यालय पहुंचे। मिड-डे-मील में खीर बनायी गयी। जो बच्चों को परोसी गयी। बच्चों ने बड़े चाव से खीर खायी। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका प्रेम कुमारी, सहायक अध्यापक अमित कुमार, शिक्षामित्र मौजूद रहे। वहीं प्राथमिक विद्यालय अलेहपुर पीत धौलेश्वर में 108 छात्र-छात्राएं पंजीकरण हैं। जिनमें से 10 छात्र छात्राएं ही उपस्थित रहे। बताते चलें कि बीते दिन ही मुख्यमंत्री ने आदेश जारी किये हैं कि बच्चों का शत-प्रतिशत पंजीकरण कराया जाये। कोई भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित न रहे।

# विद्यालय पहुंचे बच्चों का गुरुजनों ने तिलक लगाकर किया स्वागत

**नवाबगंज/कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**लगभग** डेढ़ माह की छुट्टी के बाद खुले विद्यालय में बच्चों के पहुंचने पर उनका गुरुजनों ने तिलक लगाकर स्वागत किया। इस दौरान विद्यालयों को सजाया संवारा गया था।

नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के सभी विद्यालयों को सोमवार को दुल्हन की तरह सजाया गया था। इस दौरान स्कूल आने वाले छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया और उनके उज्वलल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव रंजन, सहायक अध्यापक प्रशांत कटियार, प्रज्ञानंद शाक्य, वसीम अख्तर तथा कई महिला शिक्षाएं विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। वहीं क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय जाफर नगर की इंचार्ज प्रधानाध्यापक वर्षा गंगवार ने छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर विद्यालय में स्वागत किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय नंगला वारग में प्रधानाध्यापिका किताब श्री ने भी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया तथा कक्षाओं में बैठकर शिक्षा देने का काम किया।

कायमगंज प्रतिनिधि के अनुसार जुलाई माह के पहले दिन स्कूल खुलने पर न्यायिक मजिस्ट्रेट ने बच्चों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया और उनके उज्वलल भविष्य की कामना की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कटरा रहमत खाँ में पूर्व माध्यमिक विद्यालय में आज पहले दिन स्कूल खुलने पर न्यायिक मजिस्ट्रेट रजनी कान्त पाण्डेय ने स्कूल पहुँचकर आये हुए बच्चों को तिलक लगाकर तथा उन्हें मिठाई खिलाकर स्वागत किया। साथ ही उन्होंने बच्चों को पेन कॉपी देकर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों से कहा कि वह मेहनत से पढ़ें और अपने मां बाप का नाम रोशन करें। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्य लक्ष्मी देवी मौजूद रहीं।



विद्यालय आने वाले बच्चों का स्वागत करते शिक्षक व न्यायिक मजिस्ट्रेट

# कंटेनर ने पीछे से बाइक में मारी टक्कर, मां-बेटे की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**पांचाल घाट** से गंगा स्नान करने के बाद बाइक से घर जा रहे मां-बेटे को कंटेनर ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका पुत्र गंभीर रुप से घायल हो गया। उपचार के लिए लोहिया अस्पताल भिजवाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कंटेनर को अपने कब्जे में ले लिया और दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार अल्लाहगंज के ग्राम सपाह धरमपुर पिडरियां निवासी ओमवीर अपनी पत्नी प्रतिमा और 11 माह के पुत्र केशव के साथ फर्रुखाबाद पांचाल घाट गंगा तट पर स्नान करने आये थे। गंगा स्नान के बाद पत्नी और बच्चे के साथ बाइक से घर वापस जा रहे थे। इटावा बरेली नेशनल हाईवे पर ग्राम जैनापुर के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई और उसकी पत्नी के ऊपर कंटेनर का पहिया चढ़ गया। जिसके चलते महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि 11 माह के बच्चे केशव गंभीर रुप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से बच्चे को लोहिया अस्पताल भिजवाया गया। जहां डॉ0 अभिषेक चतुर्वेदी ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। मां-बेटे की मौत की सूचना पर लोहिया पहुंचे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। ईएमओ डॉक्टर अभिषेक चतुर्वेदी ने बताया कि मां-बेटे की मृत्यु हो गयी है। जिनके शवों का चिकित्सीय परीक्षण कर मोर्चरी में रखवा दिया गया है। लोहिया अस्पताल पहुंचकर पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। राजेपुर पुलिस के अनुसार घटना को अंजाम देने वाले कंटेनर को कब्जे में ले लिया गया है।


पुलिस व परिजनों को जानकारी देते चिकित्सक

**सम्मानित** — डॉ0 जितेद्र सिंह यादव ने शाल ओढ़ाकर, प्रतीक चिंह देकर किया सम्मानित

# सेवानिवृत्त एकाउंट को विदाई देकर की सुखद भविष्य का कामना

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**विकास खंड** कार्यालय पर एकाउंटेंट के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। ब्लाक प्रमुख पति डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव भी कार्यक्रम में पहुंचे। जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव ने एकाउंटेंट के सुखद भविष्य की कामना की।

नवाबगंज विकास खंड कार्यालय पर सोमवार को बीडीओ/डीपीओ सुनील श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एकाउंटेंट अवनीश सक्सेना के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव तथा ब्लाक प्रमुख डॉ0 अनीता रंजन के पति डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव का बीडीओ व अन्य कर्मचारियों ने स्वागत किया। डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव ने सेवानिवृत्त एकाउंटेंट को शाल ओढ़ाकर व फूल-माला पहनाकर स्वागत किया तथा स्मृति चिंह भेंट किया। उन्होंने कहा कि अपने पद पर रहते हुए एकाउन्टेंट अवनीश सक्सेना द्वारा दी गयी सेवायें अतुलनीय रही हैं। जिन्हें हमेशा याद रखा जायेगा। आज हम सबके बीच से वह जा रहे हैं। जिससे मैं बहुत आहत हूँ। इस दौरान सभी लोगों ने सेवानिवृत्त एकाउंट का स्वागत किया। डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव ने सेवानिवृत्त एकाउंटेंट के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव, वरिष्ठ लिपिक आलोक दीक्षित, सहायक लेखक सुरेश चंद्र, मनरेगा से आलोक पाठक, एपीओ गौरव दिवाकर, राहुल चंदेल, नियोजन विभाग से इंदल बाबू, जल निगम विभाग से रविंद्र सिंह, मनोज शाक्य, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह गौर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य भोला यादव, बृजेश पाल, ग्राम सचिव मानवेंद्र सिंह, सुनील कुमार, बृजनंदन लाल, मोतीलाल यादव, प्रमोद शुक्ला, अनुपम बाजपेई, बृजेश यादव, कुलदीप राजपूत, अरविंद कुमार तथा तकनीकी सहायक मनोज सिंह, विनय सिंह, सुशील कौशल, राघवेंद्र सिंह गंगवार, लवलेश यादव, बिंद्रा प्रसाद, दानवीर सिंह, पूर्व सेवानिवृत्ति अकाउंटेंट देवेंद्र सिंह यादव, बढ़पुर ब्लॉक के अकाउंटेंट यशवीर सिंह तथा शमशाबाद मोहम्मद आदि कई विकास खंडों के कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजीव यादव, पूर्व प्रधान अजय राज यादव, मनोज यादव, ग्राम प्रधान रमेश सिंह, विजेंद्र सिंह, कन्हैया गंगवार, सुमित शाक्य सहित क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधान तथा गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। वहीं ग्राम रोजगार सेवक सरजू यादव, कर्मवीर राजपूत, पुष्पेंद्र सिंह, ज्योराखन लाल सहित सभी क्षेत्र के रोजगार सेवक भी मौजूद रहे।


सम्मान समारोह कार्यक्रम में संबोधित करते डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव — समृद्धि न्यूज

# सपाइयों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का 51वां जन्मदिन पर किया वृक्षारोपण

**फर्रुखाबाद/कमालगंज/शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

> जनपद में जगह-जगह वृक्षारोपण के साथ काटा गया केक

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष/पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन जनपद में हर्षोल्लास से मनाया गया। सपाइयों ने जनपद में विभिन्न स्थानों पर अखिलेश यादव के चित्र के पास केक काटकर 51वां जन्मदिन मनाया एवं उनकी दीर्घायु की कामना करते हुए वृक्षारोपण किया। पार्टी कार्यालय आवास विकास पर जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल यादव के नेतृत्व में केक काटकर अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाया गया। उन्होंने कहा कि हमारे लिए गौरव की बात है। हमारे मुखिया अखिलेश यादव है जो हर वर्ग को सम्मान देते है। साथ ही वृक्षारोपण हुआ। पूर्व प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य की पत्नी प्रियंका शाक्य ने भोजपुर में पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी के साथ वृक्षारोपण किया। साथ ही पार्टी कार्यालय पहुंचकर कार्यकर्ताओं को पौधे भेंट किये। पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत ने कहा कि जन्मदिन पर हम अखिलेश यादव को बधाई देते है। सौरव कटियार ने कहा कि उनके जन्मदिन पर सभी लोग एक पौधा अवश्य लगाये। मीडिया प्रभारी विवेक यादव ने कहा कि जिस प्रकार पूरे देश की जनता ने समाजवादी पार्टी को आशीर्वाद दिया है। आज सभी लोग अखिलेश यादव को भारी उम्मीद के साथ देख रहे है। 2027 में अखिलेश यादव को दोबारा मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प ले। इस मौके पर सिराजुल आफाक मुन्ना, जहान सिंह लोधी, रमेश चन्द्र कठेरिया आदि लोगों ने विचार रखे। संचालन मुन्ना यादव ने किया। इस मौके पर केके यादव, अश्वनी यादव, रवि यादव, शशांक सक्सेना, अजय यादव, डा0 अजय पाल, मसरूर खान, रामपाल सिंह यादव, चन्द्रेश राजपूत, अनुराग यादव, योगेश श्रीवास्तव, विशाल यादव, एमपी सिंह शाक्य, राकेश दिवाकर, अमरीश कुमार, मोहम्मद रोशन, राजेन्द्र सिंह, दीप सिंह यादव, भूपेन्द्र सिंह यादव, पवन कुमार यादव, वेद प्रकाश गौतम, रिजवान खान, तस्लीम खान, बाबूराम यादव, राहुल यादव, बीके गंगवार, अनुपम यादव, अभिनय यादव, आकाश यादव, जिआउद्दीन, अमीर सिंह यादव, साहब सिंह यादव, मदन पाल सिंह आदि लोग मौजूद रहे। वहीं जिला मीडिया प्रभारी विवेक यादव ने अपने एसबी पब्लिक स्कूल में समाजवादियों के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर सौरव कटियार, शशांक सक्सेना, नितेश सिंह, राहुल राजपूत, प्रांशी कटियार, प्रत्युशा मिश्रा, वंदना, स्नेहा यादव, मुस्कान, अनीता वर्मा, फैजुल हसन आदि लोगों ने जन्मदिन मनाया। वहीं समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव मंदीप यादव ने महर्षि दयानंद आर्य गुरुकुल कृष्णापुर मे अध्यारत्त विद्यार्थियों के साथ सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर वृक्षारोपण किया। साथ ही विद्यार्थियों को पठन-पाठन सामग्री भेंट की। इस अवसर पर हरेन्द्र आर्य, नागेन्द्र सिंह यादव, अंशुल यादव, अतीन पाल आदि लोग मौजूद रहे। वहीं शमशाबाद में समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुकी ने पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का 51वां जन्मदिन केक काटकर धूमधाम से मनाया और उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव 2027 में समाजवादी पार्टी की ही सरकार बनेगी। इस मौके पर प्रदेश सचिव मंदीप यादव, कृपाल सिंह, हर्ष गंगवार, विक्रम सिंह दिवाकर, मुवीन आलम, आनंद यादव, प्रभु दयाल यादव, आजम खां आदि मौजूद रहे।


वृक्षारोपण करती प्रियंका शाक्य व जमालुद्दीन सिद्दीकी


केक काटकर अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाते नदीम फारुकी

## खबरें एक नजर में

### विशेष लोक अदालत की तैयारी बैठक सम्पन्न


बैठक में मौजूद न्यायिक अधिकारी — समृद्धि न्यूज

> लघु अपराधिक 4860 एवं एनआई एक्ट के 7 मामले अब तक चिन्हित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लघु अपराधिक एवं धारा 138 एनआईएक्ट मामलों संबंधित विशेष लोक अदालत के संबंध में तैयारी बैठक जनपद न्यायाधीश विनय कुमार के निर्देशन में अपर जिला जज सचिव द्वारा विश्राम कक्ष में सम्पन्न हुई। संचालन अपर जिला जज सचिव ने किया। तैयारी बैठक में लघु अपराधिक एवं धारा 138 एनआईएक्ट मामलों संबंधित अधिक से अधिक मामलों को विशेष लोक अदालत के चिन्हित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा चिन्हित मामलों को प्रस्तुत करने के लिए निर्देश दिया गया। अब तक धारा 138 एनआई एक्ट के सात मामले चिन्हित व लघु अपराधिक मामले अब तक 4860 मामलों को चिन्हित किया जा चुका है। बैठक में मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी ज्ञानेन्द्र कुमार व अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नीलम सरोज, सिविल जज प्रीती माला चतुर्वेदी, सिविल जज साक्षी मिश्रा आदि न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे।

### क0प्रा0वि0 बुढ़नामऊ में नामांकन उत्सव पर बच्चों को बांटे गये फल


बच्चों को फल वितरित करते जिला विकास अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कन्या प्राथमिक विद्यालय बुढ़नामऊ में आयोजित नामांकन उत्सव कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने पहुंचकर बच्चों को तिलक लगाकर एवं पुष्पवर्षा कर मिष्ठान वितरित किया। सोमवार को विद्यालय में प्रथम दिन जिला विकास अधिकारी ने बच्चों को शैक्षिक गतिविधियों से अवगत कराया और पठन-पाठन पर जोर दिया। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य है। साथ ही उन्होंने नवीन नामांकन बढ़ाने पर जोर दिया। एवं शैक्षिक गतिविधियों की जानकारी दी। नानकचन्द्र ने भी बच्चों के तिलक लगाकर स्वागत किया। इस मौके पर विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा। साथ ही बच्चों को हलवा, लड्डू व फल वितरित किये गये।

### बाइक की टक्कर से युवक घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद एटा के थाना अलीगंज क्षेत्र के मोहल्ला फर्दपुरा निवासी देव कुमार उम्र 22 वर्षीय पुत्र प्रवेश कुमार अपने मोहल्ले के साथी अमित पुत्र नेमसिंह के साथ बाइक द्वारा कलश चढ़ाने ढाईघाट शमशाबाद जा रहा था। जैसे ही वह कायमगंज क्षेत्र के ग्राम पपड़ी के निकट पहुँचा, तभी अज्ञात वहान चालन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया।

### गाली देने का विरोध करने पर महिला को पीटा

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गांव मानिकपुर निवासी कांति देवी ने दी तहरीर में बताया कि सोमवार शाम वह घर के दरवाजे पर बैठी थी। उसी समय गांव निवासी एक युवक शराब के नशे में दरवाजे पर गाली देने लगा। महिला के विरोध करने पर लाठी मारकर घायल कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस युवक को थाने ले आयी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जीजीआईसी में प्रथम दिवस पर छात्राओं का हुआ स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


मिष्ठान खिलाकर स्वागत करती प्रवक्ता ऋचा तिवारी — समृद्धि न्यूज

**नवीन सत्र** प्रारंभ पर प्रथम दिवस छात्राओं का विद्यालय में उपस्थिति एवं नामांकन बढ़ाने के लिए शासन आदेश के अनुसार स्वागत उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कालेज में फतेहगढ़ में रंगोली की सजावट की गई। नवीन प्रवेश सत्र में छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। साथ ही मिष्ठान खिलाकर विद्यालय में प्रवेश कराया गया। मिड-डे-मील में विशेष भोजन के रूप में खीर पूड़ी सब्ज़ी फल वितरित किया गया। प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश अनुसार पूरे जनपद में छात्र-छात्राओं के प्रवेश हेतु स्वागत कार्यक्रम आयोजन किया गया। विद्यालय में कक्षा छह में प्रवेश लेने वाली छात्राओं का सभी शिक्षिकाओं ने द्वार पर स्वागत किया। मिड डे मील प्रभारी गीता देवी ने विशेष भोजन व्यवस्था की। वरिष्ठ प्रवक्ता रिचा तिवारी ने छात्राओं के तिलक लगाया। इस अवसर पर सर्वेश शाक्य, आदेश गंगवार, शैलजा मौर्या, आरती, अर्चना गुप्ता, मिनाक्षी बबिता आदि ने छात्राओं को शुभकामनाएं दी। वहीं प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत ने प्राथमिक विद्यालय कीरतपुर में भी स्वागत कार्यक्रम में भाग लिया और विचार रखे। शिक्षिकाओं के साथ वृक्षारोपण किया।

# भक्तों ने गंगा तट पर भगवान पार्थिवेश्वरनाथ का किया पूजन


भगवान पार्थिवेश्वरनाथ का पूजन करते भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**गंगा** मइया स्वच्छता एवं दीपदान आयोजन समिति द्वारा पांचाल घाट पर भगवान पार्थिवेश्वरनाथ का पूजन किया गया। आयोजन समिति के संस्थापक अध्यक्ष सत्यव्रत पाण्डेय ने 531वां पूजन धूमधाम से किया। भगवान पार्थिवेश्वरनाथ की बालू से शिवलिंग स्थापित कर भव्य श्रंगार किया गया। फल, मिष्ठान, गंगाजल, वस्त्रों के साथ पूजन हुआ। परिवार में सुख समृद्धि की कामना को लेकर भक्तों ने पूजन में भाग लिया। रोहित यादव के संयोजन में पूजन सम्पन्न हुआ। बड़ी संख्या में भक्तों ने पूजन के साथ गंगा मइया की आरती उतारी। प्रसाद वितरण के साथ पूजन सम्पन्न हुआ।

# दबंग द्वारा विद्युत चोरी का फर्जी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया किया वायरल

> पीड़ित ने छवि धूमिल करने का ओराप लगाकर डीएम से की शिकायत

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** ट्यूबवेल लाइट का फर्जी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर छवि धूमिल करने के मामले में पीड़ित ने दबंग के खिलाफ जिलाधिकारी से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। थाना क्षेत्र के ग्राम बलीपुर निवासी सुनील यादव उर्फ गुन्नू ने डीएम से की शिकायत में दर्शाया कि ग्राम खलवारा निवासी अनुज यादव पुत्र चरण सिंह ने हमारे ट्यूबवेल पर आकर फर्जी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दी, जबकि मेरे द्वारा कोई विद्युत चोरी नहीं की गई। आरोपी द्वारा मेरी छवि खराब की जा रही है। पीड़ित का कहना है कि मेरी अचरा में दुकान है, मैं अर्पित की दुकान पर बैठा था, तभी अनुज का भाई कमलेश आ गया और कुर्सी उठाकर मेरे ऊपर मारी तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का कहना है कि वर्ष 11 नवम्बर 1999 को मेरे बड़े भाई जबर सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जबकि मेरे पिता ने ही जेल काटी थी। पीड़ित का कहना है उस घटना में भी इन लोगों का हाथ था। आरोपी अनुज के बाबा रुप सिंह के नाम से बिजली कनेक्शन है और 5 लाख 69 हजार रुपया बिजली विभाग का बकाया चल रहा है। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

# सीडीओ ने नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर किया स्वागत, उपहार किये भेंट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


छात्रा के तिलक लगाती शिक्षिका — समृद्धि न्यूज

**बेसिक शिक्षा** विभाग के स्कूलों में नये शिक्षा सत्र के शुभारंभ पर स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय विजाधरपुर में मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्र द्वारा नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर व फूल भेंट कर स्वागत किया गया तथा उन्हें उपहार भेंट कर शुभकामनाएं दी। साथ ही ज्यादा से ज्यादा नए बच्चों को प्रवेश हेतु प्रेरित किया गया। सीडीओ ने अध्यापकों को शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। छात्र-छात्राओं को साफ-सफाई हेतु जागरूक किया। उन्हें बताया कि साफ-सफाई से कैसे स्वस्थ रहा जा सकता है और स्वस्थ शरीर से ही स्वस्थ मन रहता है। इसके अतिरिक्त विद्यालय, पंचायत भवन एवं नलकूप के सामने गली का निरीक्षण कर जिला पंचायत राज अधिकारी को ग्राम पंचायत में टीम लगाकर संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत साफ -सफाई कराने के निर्देश दिए।

# डीएम-एसपी ने संचारी रोग जागरुक वाहन को झंडी दिखाकर किया रवाना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


प्रचार वाहन रैली को झण्डी दिखाते डीएम — समृद्धि न्यूज

जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह व पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में हरी झण्डी दिखाकर वाहनों को रवाना किया गया। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत नगर पालिका द्वारा वाहनों को प्रचार हेतु डीएम ने हरी झण्डी दिखायी। शहर के मुख्य मार्गों पर संचारी रोगों के प्रति जागरुक करते हुए वाहनों की रैली निकली। फतेहगढ़ मुख्य मार्ग से होते हुए वाहन रैली फतेहगढ़ चौराहा, भोलेपुर, आवास विकास, लालगेट होते हुए कादरीगेट, नाला मछरट्टा, चौक से नगर पालिका टाउन हाल पहुंची। मौसम बदलने के साथ-साथ विभिन्न रोग फैलने लगते है। जिनकी रोकथाम के लिए रैली निकालकर जागरुक किया। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी, व नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रावि अलीगढ़ में तिलक लगाकर मनाया गया प्रवेशोत्सव

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज**


बच्चों के साथ मौजूद प्रधानाचार्या ऋचा यादव व शिक्षक — समृद्धि न्यूज

**विकास खण्ड** राजेपुर के प्राथमिक विद्यालय अलीगढ़ में ग्रीष्मावकाश के बाद प्रथम दिन बड़े धूमधाम से प्रवेशोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि राजकीय बालिका इंटर कालेज की प्रधानाचार्या ऋचा यादव ने ईश वंदना व सरस्वती पूजन कर शुभारम्भ किया। विद्यालय परिवार द्वारा ऋचा यादव का बैच लगाकर स्वागत किया गया। विद्यालय में आये सभी नन्हे-मुन्ने बच्चों का मुख्य अतिथि द्वारा चंदन रोली का तिलक किया गया। ऋचा यादव ने कहा कि नन्हे-मुन्ने बच्चे राष्ट्र के भविष्य है। बच्चे नियमित अपने माता-पिता का सम्मान करके विद्यालय में गुरुजनों का भी सम्मान करें। मन लगाकर पढ़ाई करें। विद्यालय परिवार द्वारा स्कूल को सजाया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक संतोष गुप्ता, साजिद खान, शिवम अवस्थी, सुरजीत आदि लोग मौजूद रहे। साथ ही नये बच्चों के नामांकन हेतु जोर दिया गया। मिष्ठान वितरण के साथ बच्चों को आशीष वचन दिये गये।

# नवीन सत्र में बच्चों का तिलक लगाकर किया गया स्वागत

> प्रधानाध्यापक ने बच्चों को दी शैक्षिक जानकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


तिलक लगाकर बच्चों का स्वागत करते प्रधानाध्यापक

**कायमगंज** विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय टिलिया में प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार मनीष व खण्ड शिक्षाधिकारी ओमप्रकाश पाल ने विद्यालय पहुंचकर बच्चों को आशीष वचन दिये। खण्ड शिक्षाधिकारी ने उत्साहवर्धन किया। प्रधानाध्यापक विनोद कुमार गंगवार ने नये सत्र के प्रथम दिन बच्चों को रोली चंदन का तिलक लगाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बच्चे नियमित विद्यालय आये। अपने परिवार के बड़ों का व गुरुजनों का सम्मान करें। प्रथम दिन बच्चों के हाथों के नाखून देखे गये। उन्हें काटने के लिए कहा और साफ-सफाई के भी निर्देश दिये गये। प्रधानाचार्य ने संचारी रोगों के प्रति भी बच्चों को जागरुक किया। सहायक अध्यापक राहुल कुमार, सोनी गुप्ता, शिक्षामित्र शीला राजपूत व रसोइया मौजूद रही। ईश प्रार्थना के साथ बच्चों ने प्रवेशोत्सव में भाग लिया।

# ग्रुप एक्टिव 60प्लस द्वारा इस्लामिया स्कूल में मनायी गई परमवीर अब्दुल हमीद की जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



वीर अब्दुल हमीद जयंती मनाते लोग — समृद्धि न्यूज

**ग्रुप एक्टिव** 60प्लस फतेहगढ़ की ओर से इस्लामिया स्कूल हाथीखाना में परमवीर अब्दुलहमीद की जयंती मनाई गई। ग्रुप के सदस्यों, छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इसरार हुसैन ने की। शुभारंभ पवित्र कुरआन पाक की तिलावत से हाफिज सलमान ने किया। संचालन सेक्रेटरी समीउल्लाह सिद्दीकी ने किया। इस्लाम नबी ने वीर अब्दुलहमीद का जीवन परिचय कराते हुए बताया कि उनका जन्म एक साधारण परिवार में गाजीपुर जिले के धौलूपुर गांव में 01 जुलाई सन1933 को हुआ था। उनके पिता का नाम मुहम्मद उस्मान और माता का नाम सकीना बेगम था। उनकी पत्नी रसूलन बीबी थीं। उनकी संतानों में एक बेटी और चार बेटे थे। ईशान 1954 में उन्होंने भारत की सेना में नौकरी प्रारंभ की। सैनिक से भर्ती होकर वे हवलदार बने। सन 1965 के भारत पर पाकिस्तान के आक्रमण पर अपनी सेना की ओर से लड़ते हुए उन्होंने बड़ी वीरता का परिचय दिया और अमेरिका द्वारा पाकिस्तान को दिए गए शक्तिशाली पैंटन टैंको ध्वस्त करते हुए वीर गति प्राप्त की।

प्रधानाध्यापक शकील अहमद ने बताया कि वीर अब्दुलहमीद ने किस बहादुरी से लड़ कर देश की सेवा की। उनकी शहादत पर आज भी पूरा देश गर्व करता है। संचालन कर रहे समीउल्लाह सिद्दीकी ने कहा कि ये देश सबक है इसकी सेवा सुरक्षा की जिम्मेदारी सबकी है, इसलिए हमसब को मेलजोल, प्यार मुहब्बत और एकता के साथ रहकर देश और समाज को मजबूत बनने के लिए काम करना चाहिए। अध्यक्ष इसरार हुसैन ने कहा कि उस पर ईमानदारी और दिल से अमल करने को तैयार रहें हर पल अपने कर्तव्यों का ईमानदारी का पालन करें। उन्होंने सबका शुक्रिया अदा किया। ग्रुप की ओर से विद्यालय को परमवीर अब्दुलहमीद का फ्रेम किया हुआ चित्र भेंट किया। इलियास और इस्लाम नबी, मकशूर हुसैन आदि लोग मौजूद रहे।

# जीआरएसई बांग्लादेश के लिए बनाएगा समुद्री जहाज

एजेंसी

**कोलकाता।** केंद्र सरकार की पीएसयू शिपयार्ड गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड ने सोमवार को पड़ोसी देश के लिए समुद्री जहाज बनाने के लिए बांग्लादेश के रक्षा मंत्रालय के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

बयान जारी कर जीआरएसई ने कहा कि समझौते पर जीआरएसई के निदेशक (जहाज निर्माण) कमोडोर शांतनु बोस (सेवानिवृत्त) और बांग्लादेश के रक्षा मंत्रालय के रक्षा खरीद महानिदेशालय में खरीद निदेशक (नौसेना) कमोडोर ए.के. एम. मारुफ हसन की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। जीआरएसई द्वारा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बीएसई को दी गई जानकारी के अनुसार लगभग 21 मिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य का जहाज 24 महीने के भीतर बांग्लादेश को सौंप दिया जाएगा।

जीआरएसई अधिकारी ने कहा कि इसकी प्राथमिक भूमिकाओं में समुद्र में जहाजों को खींचना, बर्थिंग और कास्टिंग के दौरान उनकी सहायता करना और धक्का देकर और खींच कर मोड़ने में सहायता करना शामिल होगा।

# भारत ने विकसित किया दुनिया का सबसे खतरनाक विस्फोटक, चंद सेकंड में तबाही

## सशस्त्र बलों के लिए गेम चेंजर साबित हो सकते हैं तीन नए विस्फोटक, नए विस्फोटक सेबेक्स-2 से भारत की हथियार क्षमता में क्रांति आने की उम्मीद

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारत ने दुनिया के सबसे ताकतवर और खतरनाक तीन विस्फोटक विकसित किये हैं, जो चंद सेकंड में दुश्मन के खेमे में तबाही मचाकर सशस्त्र बलों के लिए गेम चेंजर साबित हो सकते हैं। ताकतवर गैर-परमाणु विस्फोटकों में से एक इस विस्फोटक को सेबेक्स-2 नाम दिया गया है।

भारत रक्षा क्षेत्र में लगातार नई उपलब्धियां हासिल करके रक्षा उत्पादन में पड़ोसी देशों को पीछे छोड़ता जा रहा है। इस विस्फोटक के विकसित होने के बाद भारत की विस्फोटक क्षमता में क्रांति आने की उम्मीद है। नागपुर स्थित सोलर इंडस्ट्रीज की सहायक कंपनी इकोनॉमिक एक्सप्लोसिव्स लिमिटेड ने मेक इन इंडिया के तहत तीन नए विस्फोटक फॉर्मूलेशन विकसित किए हैं। सोलर इंडस्ट्रीज के अधिकारी का कहना है कि यह तीन नए विस्फोटक फॉर्मूलेशन सशस्त्र बलों के लिए गेम चेंजर साबित हो सकते हैं, क्योंकि इनमें फायरपावर और विस्फोटक प्रभाव में बहुत वृद्धि हुई है। सेबेक्स-2 एक नया विस्फोटक फॉर्मूलेशन है, जो वर्तमान में उपलब्ध किसी भी ठोस विस्फोटक की तुलना में बहुत अधिक शक्तिशाली विस्फोट प्रभाव प्रदान करता है।

कंपनी की ओर से बताया गया है कि एक ग्राम टीएनटी के विस्फोट में निकलने वाली ऊर्जा लगभग 4000 जूल (0.9560229 किलो कैलोरी) के बराबर होती है। इस उच्च प्रदर्शन वाले विस्फोटक का उद्देश्य वजन बढ़ाए बिना विनाशकारी शक्ति को बढ़ाकर बम, तोपखाने के गोले और वारहेड्स में क्रांति लाना है। भारत ने अब तक का सबसे घातक विस्फोटक ब्रह्मोस मिसाइल के वारहेड में लगाया है, जिसकी टीएनटी 1.50 समतुल्य है। फिलहाल दुनिया के अधिकतर वारहेड्स की टीएनटी तुल्यता 1.25-1.30 के बीच होती है। सेबेक्स-2 की टीएनटी तुल्यता 2.01 है, जो अब तक का सबसे घातक गैर-परंपरागत विस्फोटक माना जा रहा है।

### नया विस्फोटक टीएनटी से दोगुना ज्यादा घातक

किसी भी विस्फोटक का प्रदर्शन ट्राई नाइट्रोटॉल्विन (टीएनटी) समतुल्यता के संदर्भ में मापा जाता है। नया विस्फोटक टीएनटी से दोगुना ज्यादा घातक है। उच्च टीएनटी समतुल्यता वाले विस्फोटकों में अधिक मारक क्षमता और विनाशकारी शक्ति होती है। पारंपरिक विस्फोटक जैसे डेनटेक्स और टारपेक्स का इस्तेमाल पारंपरिक वारहेड, हवाई बम और दुनिया भर में कई अन्य गोला-बारूद बनाने में किया जाता है। इस नए विस्फोटक से तबाही मचाने वाले हथियारों की क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी, जिससे चंद सेकंड में दुश्मन के खेमे में तबाही मच सकती है। नए विस्फोटक का परीक्षण भारतीय नौसेना के डिफेंस एक्सपोर्ट प्रमोशन स्कीम के तहत किया जा चुका है। कंपनी का दावा है कि आने वाले समय इस विस्फोटक को दुनियाभर की सेनाएं इस्तेमाल करने के लिए आगे आएंगी।

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भारतीय न्याय व्यवस्था में तीन नए कानूनों के लागू होने पर कहा

# ऐतिहासिक : देश को नई दिशा दिखाएंगे नए कानून




समृद्धि न्यूज

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भारतीय न्याय व्यवस्था में तीन नए कानूनों के लागू होने पर कहा कि आज भारतीय न्याय व्यवस्था के लिए ऐतिहासिक दिन है। अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे पुराने और गैरजरूरी कानूनों को हटाकर वर्तमान परिस्थिति के हिसाब से नए आपराधिक कानून लागू हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि नए कानून प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में न्याय की अवधारणा को मजबूत करेंगे और न्याय प्रक्रिया को अधिक सरल व सुलभ बनाने में पुलिस एवं न्यायालयों की मदद करेंगे। उल्लेखनीय है कि संपूर्ण देश में सोमवार से तीन नए अपराधिक कानून यथा भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 लागू हो गए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को पुलिस मुख्यालय देहरादून में भारतीय न्याय व्यवस्था में लागू हुए तीन नए आपराधिक कानूनों का राज्य में औपचारिक शुभारंभ किया। साथ ही तीन नए कानूनों पर आधारित आईओ एप्लीकेशन का शुभारंभ एवं विवेचक पुलिसकर्मियों को टैबलेट वितरित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुशासन, निष्पक्षता और न्याय देश की पुरानी परंपरा रही है। ये तीनों कानून देश के हर नागरिक की स्वतंत्रता, मानव अधिकार और सबके साथ समान व्यवहार को सुनिश्चित करेंगे।

ये कानून गुलामी की मानसिकता को मिटाने और औपनिवेशिक कानूनों से मुक्ति दिलाने की मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। नए कानून आजादी के अमृत महोत्सव के बाद के कालखंड में देश को एक नई दिशा दिखाने का कार्य करेगा। अब हमारी न्याय प्रणाली पूरी तरह से स्वदेशी होगी, जो भारत द्वारा, भारत के लिए और भारतीय संसद द्वारा बनाए गए कानूनों के अनुसार संचालित होगी। नए कानून नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के साथ कानून व्यवस्था को भी और अधिक सुदृढ़ करेगी। इस दौरान मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार, सचिव शैलेश बगौली, सचिव गृह दिलीप जावलकर, निदेशक अभियोजन डॉ. पीवीके प्रसाद, अपर पुलिस महानिदेशक डॉ. वी मुरुगेशन, अमित सिन्हा, अपर महानिदेशक कानून व्यवस्था एपी अंशुमान आदि मौजूद रहे।

### नए कानूनों पर आधारित एप का शुभारंभ मुख्यमंत्री ने पुलिस कर्मियों को बांटे टैबलेट

**मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार हमारे कानून आतंकवाद, संगठित अपराधों और आर्थिक अपराधों को पूरी तरह परिभाषित करेंगे। नए कानूनों में मॉब लिंचिंग को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है। भगोड़ों की गैर मौजूदगी में भी मुकदमा चलाने के लिए स्पष्ट प्रावधान किए गए हैं। साथ ही बहुत छोटे अपराधों के लिए सजा के रूप में सामुदायिक सेवा की शुरुआत एक क्रांतिकारी कदम है।**

### तीनों कानूनों को प्रतिबद्धता से लागू करेगी उत्तराखंड पुलिस

धामी ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड की जनता को न्याय दिलाने एवं उनके अधिकारों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। नए कानूनों को लागू किए जाने के लिए राज्य सरकार ने पृथक रूप से 20 करोड़ रुपये की धनराशि का प्राविधान किया है। उन्होंने कहा कि आगे भी इन कानूनों के क्रियान्वयन कर्ता विभागों को इसके लिए राज्य सरकार से आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। निश्चित ही तीनों कानूनों को उत्तराखंड पुलिस पूरी प्रतिबद्धता के साथ लागू करेगी। कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ताओं, पुलिस अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने भी तीन नए कानूनों पर विस्तार से जानकारी दी।

### अत्याधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देगी नई न्याय प्रणाली

मुख्यमंत्री ने कहा कि नए कानूनों में ई-एफआईआर की सुविधा शुरू की गई है। अब न्यायालय पीड़ित को सुनवाई का अवसर दिए बिना मुकदमा वापस लेने की सहमति नहीं देगा। नए कानूनों में टेक्नोलॉजी के प्रयोग और फॉरेंसिक विज्ञान को बढ़ावा दिया गया है। नई न्याय प्रणाली सभी को पारदर्शी और त्वरित न्याय देने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देने का कार्य करेगी। नए कानूनों में ऑनलाइन व्यवस्था पर भी बल दिया गया है। नए कानूनों में सबकुछ स्पष्टता और सरलीकरण के साथ समाहित किया गया है।

# विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित मानसिकता जरूरी : मुर्मू

एजेंसी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित मानसिकता आवश्यक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अधिकारी नई सोच और नए समाधानों के साथ देश के विकास को आगे बढ़ाएंगे। राष्ट्रपति ने सोमवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 2022 बैच के अधिकारियों के एक समूह को राष्ट्रपति भवन में संबोधित करते हुए उक्त बातें कहीं।

राष्ट्रपति मुर्मू ने आईएएस अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश में भारतीय प्रशासनिक सेवा को एक स्वप्निल करियर (ड्रीम जॉब) माना जाता है। उन्होंने कहा कि लाखों महत्वाकांक्षी युवा आईएएस अधिकारी बनने का सपना देखते हैं। उनमें से कई इस सेवा में चयन के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसे सभी युवाओं में से केवल आपको ही इस प्रतिष्ठित सेवा के माध्यम से नागरिकों के कल्याण के लिए काम करने का अवसर मिला है। उन्होंने अधिकारियों को सलाह दी कि वे जहां भी काम करें, अपनी संवेदनशीलता, ईमानदारी और कार्यकुशलता से अपनी छाप छोड़ें। राष्ट्रपति ने कहा कि इस उच्च प्रौद्योगिकी युग में जब लोगों को देश-दुनिया की जानकारी वास्तविक समय में मिल रही है, तब अधिकारियों की चुनौतियां और बढ़ गई हैं। जब तक आप किसी भी योजना के सामाजिक या आर्थिक लक्ष्य को प्राप्त करेंगे, तब तक लोगों की ज़रूरतें, जागरूकता और आकांक्षाएं और बढ़ चुकी होंगी। इसलिए आपको ऐसी व्यवस्थाएं बनानी चाहिए जो उन्हें भविष्य के लिए तैयार रहने में सक्षम बनाएं। राष्ट्रपति ने कहा कि बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने, समावेशी और सतत विकास तथा हर वर्ग के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रशासन की कार्य संस्कृति जनभागीदारी पर आधारित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के संदर्भ में अधिकारियों को न केवल प्रशासक बल्कि सुविधाप्रदाता और प्रबंधक की भूमिका भी निभानी होगी।

# नौ साल में 12 करोड़ शौचालयों का हुआ निर्माण : हरदीप सिंह

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को कहा कि पिछले 9 साल में 12 करोड़ शौचालयों का निर्माण हुआ, जिससे हमें खुले में शौच की समस्या से मुक्ति मिली है। पुरी ने यहां शास्त्री भवन में आयोजित एक समारोह में स्वच्छता पखवाड़ा-2024 का शुभारंभ करते हुए यह बात कही। इस अवसर पर उन्होंने पेट्रोलियम मंत्रालय के सभी वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

स्वच्छता पखवाड़ा-2024 का शुभारंभ करने के बाद अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने स्वच्छ भारत अभियान के एक हिस्से के रूप में स्वच्छता पखवाड़ा पहल के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने स्वच्छता अभियान को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में सबसे मौलिक परिवर्तनकारी अभियान बताते हुए कहा कि इस अभियान ने हमारे सोचने के तरीके में एक बड़ा बदलाव किया है। पुरी ने बताया कि पिछले साल 1 जुलाई से 15 जुलाई 2023 के बीच स्वच्छता पखवाड़े के तहत कई गतिविधियां की गईं। पिछले 9 वर्षों में 12 करोड़ शौचालय बनाए गए, जिससे हमें खुले में शौच की समस्या से मुक्ति मिली। 95 प्रतिशत वार्डों में घर-घर जाकर 100 प्रतिशत कचरा संग्रहण सुनिश्चित किया गया। उन्होंने कहा कि इस मिशन की शुरुआत में शहरी क्षेत्रों में हमारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन न के बराबर था, अब यह आकंड़ा 77 प्रतिशत है। उन्होंने आगे कहा कि संयुक्त राष्ट्र के अनुसार बेहतर स्वास्थ्य और स्वच्छता प्रथाओं के कारण परिवारों ने 50,000 रुपये तक की बचत की है। इस समारोह में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस सचिव पंकज जैन भी मौजूद थे।

# 2000 के 97.87 फीसदी नोट बैंकिंग सिस्टम में आए वापस : आरबीआई

**मुंबई/नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने सोमवार को कहा कि दो हजार मूल्य वर्ग के 97.87 फीसदी नोट बैंकों में वापस आ गए हैं। अब सिर्फ 7,581 करोड़ रुपये मूल्य के नोट लोगों के पास मौजूद हैं। ये नोट अब भी वैध हैं। आरबीआई ने कहा कि चलन में मौजूद दो हजार रुपये मूल्य के बैंक नोट का कुल मूल्य 19 मई, 2023 को कारोबार की समाप्ति पर 3.56 लाख करोड़ रुपये था। ये अब 28 जून, 2024 को कारोबार की समाप्ति पर घटकर 7,581 करोड़ रुपये रह गया है। इस तरह 28 जून, 2024 तक दो हजार मूल्य के 97.87 फीसदी बैंक नोट बैंकों में वापस आ गए हैं। रिजर्व बैंक के निर्गम कार्यालय 9 अक्टूबर, 2023 से लोगों और संस्थाओं से उनके बैंक खातों में जमा करने के लिए 2000 रुपये के नोट स्वीकार कर रहे हैं। इसके अलावा लोग अपने बैंक खातों में जमा करने के लिए देश के किसी भी डाकघर से आरबीआई के किसी भी निर्गम कार्यालय में दो हजार रुपये के बैंक नोट भेज रहे हैं।

# कुलपति होंगे कुलगुरू, इस शब्द में सम्मान और आत्मीयता का भाव : सीएम डॉ. यादव

एजेंसी



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में नागरिकों के कल्याण और उन्हें अपनी संस्कृति से जुड़ने से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं। निरंतर लिए जा रहे ऐसे फैसलों से विभिन्न क्षेत्रों में व्यवस्था से जुड़े आवश्यक सुधार भी हो रहे हैं, इस क्रम में विश्वविद्यालयों के कुलपति को कुलगुरू का संबोधन देने का निर्णय लिया गया। इस संबोधन में आत्मीयता, स्नेह और सम्मान का भाव भी निहित है। राज्य मंत्री परिषद द्वारा इन निर्णय का अनुमोदन किया गया।

डॉ. यादव ने सोमवार को टीवी चैनल प्रतिनिधियों से चर्चा में कहा कि जुलाई माह में ही गुरू पूर्णिमा पर्व भी आ रहा है। मध्यप्रदेश में कुलपति को कुलगुरू बनाने के निर्णय के संबंध में अन्य राज्यों द्वारा भी जिज्ञासा व्यक्त करते हुए इस निर्णय का प्रारूप चाहा गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गोवध की मंशा से गौवंश के परिवहन का अवैध कृत्य करने वाले वाहन कई बार न्यायालय से छूट जाते हैं। नियमों के उल्लंघन पर पकड़े गए वाहनों के प्रकरण में वाहनों को राजसात करने की कार्रवाई की जाएगी। वाहन जब्त होंगे, उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्यूब वेल खनन के बाद बिना ढक्कन के खनन स्थल होने से छोटे बच्चों की असामयिक मृत्यु का कारण बन जाते हैं। ऐसे मामले सामने आते रहते हैं। प्रायः बच्चों को बचाया जाना मुश्किल होता है। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। दोषी लोगों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। एफआईआर दर्ज करने और जुर्माना लगाने की कार्रवाई करेंगे। ट्यूब वेल खनन के बाद उसे छोड़ देने वाले व्यक्तियों की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

### फ्री बिजली बंद करने की तैयारी में सुक्खू सरकार : जयराम

**शिमला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार हिमाचल प्रदेश के लोगों को मिल रही फ्री बिजली को बंद करने की तैयारी कर रही है। पहले भी कई प्रकार के जतन किए गए जो कामयाब नहीं हो पाए लेकिन अब सरकार आयकर के दायरे में आने वाले लोगो से यह सुविधा वापस लेने की तैयारी कर चुकी है। बहुत ही जल्दी ये मुद्दा कैबिनेट में भी आने वाला है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सोमवार को एक बयान में कहा कि हिमाचल में सत्ता में आने के लिए कांग्रेस ने तरह तरह के झूठे वादे किये थे, झूठी गारंटियां दी थी। जिसमें एक गारंटी यह भी थी की प्रदेश वासियों को बिना किसी शर्त के 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। सरकार को बने डेढ़ साल से ज्यादा समय हो गया लेकिन इस गारंटी पर मुख्यमंत्री द्वारा एक बार भी बात नहीं की गई। उल्टा बिजली पानी के दाम बढ़ाए गए। ठाकुर ने कहा कि इस समय प्रदेश में मित्रों की सरकार चल रही है जिसका लक्ष्य सिर्फ मित्रों को लाभ पहुंचाना है।

# टीएमसी सांसद गोखले को 50 लाख हर्जाना देने का आदेश

एजेंसी



**किसी भी नागरिक को लोक सेवक की आय के स्रोतों पर टिप्पणी करने का अधिकार है, लेकिन देश के कानून के अनुसार संबंधित नागरिक को अपने आरोपों को प्रकाशित करने से पहले उस व्यक्ति से स्पष्टीकरण मांगना होगा या मामले के संबंध में अधिकारियों से संपर्क करना होगा।**

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को एआईटीएमसी सांसद साकेत गोखले को मानहानि के मामले में संयुक्त राष्ट्र की पूर्व सहायक महासचिव लक्ष्मी पुरी को 50 लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त, गोखले को टाइम्स ऑफ इंडिया और अपने ट्विटर हैंडल पर माफीनामा पोस्ट करना होगा, माफीनामा ट्विटर पर छह महीने तक रहेगा।

मानहानि का मुकदमा गोखले द्वारा जून 2021 में पोस्ट किए गए ट्वीट्स से उत्पन्न हुआ, जहां उन्होंने आरोप लगाया कि पुरी और उनके पति ने काले धन से स्विट्जरलैंड में संपत्ति खरीदी। ट्वीट में प्रवर्तन निदेशालय से जांच की भी मांग की गई। उन्होंने राजनयिक और उनके पति, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की आय के स्रोतों पर आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कई पोस्ट भी किए। वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह के नेतृत्व में और करंजावाला एंड कंपनी द्वारा समर्थित पुरी की कानूनी टीम ने तर्क दिया कि ये दावे झूठे थे और पुरी की प्रतिष्ठा के लिए हानिकारक थे। जस्टिस अनुप जयराम भंभानी ने फैसला सुनाते हुए कहा कि गोखले के बयानों से पुरी को अपूरणीय क्षति हुई है। अदालत ने गोखले को आगे के अपमानजनक प्रकाशनों से रोक दिया और इस बात पर जोर दिया कि मौद्रिक मुआवजा पुरी की प्रतिष्ठा को पूरी तरह से बहाल नहीं कर सकता। हालाँकि, सभी कारकों पर विचार करते हुए, गोखले को आठ सप्ताह के भीतर 50 लाख रुपये का हर्जाना देने का आदेश दिया गया। पुरी का सिविल मुकदमा करणजावाला एंड कंपनी द्वारा दायर किया गया था, जिसमें मेघना मिश्रा, तरुण शर्मा, पलक शर्मा और श्रेयांश राठी की टीम शामिल थी। अदालत का फैसला सार्वजनिक जीवन में व्यक्तियों के खिलाफ असत्यापित और अपमानजनक बयान देने के गंभीर परिणामों पर प्रकाश डालता है। उच्च न्यायालय ने आदेश में संशोधन की मांग करने का उनका अधिकार सुरक्षित रखा था। कथित तौर पर, पीठ ने कहा कि किसी भी नागरिक को लोक सेवक की आय के स्रोतों पर टिप्पणी करने का अधिकार है, लेकिन देश के कानून के अनुसार संबंधित नागरिक को अपने आरोपों को प्रकाशित करने से पहले उस व्यक्ति से स्पष्टीकरण मांगना होगा या मामले के संबंध में अधिकारियों से संपर्क करना होगा।

# एसिक्स इंडिया ने लॉन्च किया नया फुटवियर जैल क्वांटम 360 VIII

समृद्धि न्यूज





**लखनऊ।** एसिक्स इंडिया ने अपनी ब्राण्ड अम्बेसडर और जानी-मानी अभिनेत्री श्रद्धा कपूर के साथ लखनऊ में एक यादगार ब्राण्ड इवेंट का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन 30 जून को लखनऊ के फिनिक्स पलाज़ियो स्थित एसिक्स स्टोर में किया गया। यह स्टोर बेहतरीन परफोर्मेन्स देने वाले एथलेटिक्स फुटवियर, ट्रैंडिंग एक्टिव वियर और ज़रूरी एक्सेसरीज़ के साथ उपभोक्ताओं को खरीददारी का बेजोड़ अनुभव प्रदान करता है।

ब्राण्ड के इन सभी प्रोडक्ट्स को इस तरह से डिज़ाइन किया जाता है कि ये उनकी फिटनैस की यात्रा को कई गुना बेहतर बना देते हैं। फिटनेस की शौकीन एवं अभिनेत्री श्रद्धा ने एसिक्स के साथ ब्राण्ड की स्पोर्टस्टाइल कैटेगरी में उनके नए फुटवियर 'जैल क्वांटम 360 VIII' का लॉन्च किया। श्रद्धा ने स्टोर में एसिक्स इंडिया के नए कलेक्शन का अवलोकन किया, जिसमें आधुनिक फिटनेस एवं लाईफस्टाइल प्रोडक्ट्स शामिल हैं। कार्यक्रम की सफलता पर बात करते हुए रजत खुराना, मैनेजिंग डायरेक्टर, एसिक्स इंडिया और साउथ एशिया ने कहा, ''हमें खुशी है कि आज हम अपनी ब्राण्ड अम्बेसडर श्रद्धा कपूर के साथ उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मौजूद हैं। शहर स्पोर्ट्स हब के रूप में विकसित हो रहा है, यहां स्पोर्ट्स सुविधाएं तेज़ी से बढ़ रही हैं, ताकि शहर के उभरते एथलीट्स राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों में हिस्सा ले सकें।

## खबरें एक नजर में

### अर्पित बाला और भप्पा ने धमाकेदार प्रस्तुति से बिखेरा जलवा



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को, राजधानी के प्रीमियम शॉपिंग डेस्टिनेशन, फीनिक्स पलासियो में, ब्लू वीनस एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत, फूसी गैंग – जिसमें अर्पित बाला और भप्पा शामिल थे, ने संगीत की धूम मचा दी। यह जोड़ी का शहर में पहला प्रदर्शन था और इसने प्रशंसकों के बीच खूब उत्साह पैदा किया। ओडिया विरासत और रैप संगीत के अनूठे मिश्रण के लिए प्रसिद्ध, अर्पित बाला ने 2021 में संगीत जगत में प्रवेश किया। उनके डेब्यू ट्रैक सेक्टर 28 और बाद के हिट्स जैसे बंदर और महारानी ने उन्हें लोकप्रियता प्रदान की। फूसी गैंग के मेंबर और देसी हिप-हॉप कलाकार, भप्पा, अर्पित बाला के साथ मंच पर शामिल हुए और फीनिक्स पलासियो में उपस्थित दर्शकों को अपने शानदार प्रदर्शन से मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम में ईशारा, दोबारा और एट फूड पार्टनर्स थे, जिसने उपस्थित लोगों के लिए संगीत के साथ साथ लाजवाब जायकों वाले लजीज व्यंजन पेश किए। फीनिक्स मिल्स के सीनियर सेंटर डायरेक्टर, श्री संजीव सरीन ने उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, हम अर्पित बाला और भप्पा द्वारा पेश किए गए इस ऊर्जावान और जीवंत प्रदर्शन की मेजबानी बेहद प्रसन्न हैं। उनका संगीत युवाओं को बेहद पसंद है और लखनऊ में संगीत प्रेमियों से इस तरह की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलना बेहद शानदार अनुभव है। यह कार्यक्रम शहर में विविध और रोमांचक मनोरंजन लाने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### 500 करोड़ के क्लब में शामिल हुई कल्कि 2898 एडी

**मुंबई।** बहुप्रतीक्षित फिल्म कल्कि 2898 एडी ने चार दिनों में वर्ल्डवाइड 555 करोड़ की कमाई कर ली है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित फिल्म कल्कि 2898 एडी 27 जून दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुयी है।'कल्कि 2898 एडी' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। इस फिल्म को लेकर फैंस में जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। कल्कि 2898 एडी का डंका देश के साथ विदेश में भी बज रहा है। फिल्म को दुनिया के हर कोने से प्यार मिल रहा है। यह फिल्म ताबड़तोड़ कमाई के साथ हर दिन नए रिकॉर्ड बना रही है। बॉक्स ऑफिस पर छप्परफाड़ कमाई करते हुए कल्कि 2898 एडी 500 करोड़ के क्लब में शामिल हो गई है। वैजयंती मूवीज ने सोशल मीडिया पर फिल्म कल्कि 2898 एडी के वर्ल्डवाइड कलेक्शन की ताजा जानकारी दी गई है, जिसके मुताबिक इस फिल्म ने अब तक 555 करोड़ का ग्रॉस कारोबार कर लिया है।

### अनंतनाग पुलिस ने अमरनाथ तीर्थयात्रियों की मदद की

**श्रीनगर।** अनंतनाग पुलिस ने अमरनाथ तीर्थयात्रियों के एक समूह की मदद की, जो सोमवार को ऊंचाई पर होने के कारण अपनी यात्रा जारी रखने के लिए संघर्ष कर रहे थे। पुलिस कर्मियों ने बीमार यात्रियों को अपने कंधों पर उठाकर उनकी उनकी यात्रा को जारी रखा। इसके अतिरिक्त अनंतनाग पुलिस ने ऐनू ब्राई ऐशमुकाम के एक टट्टू वाले मुख्तार अहमद माग्रे को मेडिकल निकासी में मदद की, जो शेषनाग में बेहोश हो गए थे। उन्हें शुरू में बेस अस्पताल शेषनाग में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें आगे के इलाज के लिए एनटीपीएचसी अस्पताल पहलगाम रेफर कर दिया। अनंतनाग पुलिस ने तुरंत उन्हें पहलगाम ले जाने की व्यवस्था की ताकि उन्हें समय पर चिकित्सा सुविधा मिल सके। सोमवार की सुबह अमरनाथ यात्रा के तीर्थयात्रियों का एक और जत्था कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पंथा चौक श्रीनगर बेस कैंप से रवाना हुआ। इससे पहले रविवार को जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की अध्यक्ष दरक्शां अंद्राबी ने बालटाल यात्रा बेस कैंप में लंगर का उद्घाटन किया। यात्री आराम के लिए कैंप में रुके जहां जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की अध्यक्ष ने लंगर (भोज) का उद्घाटन किया और उपस्थित लोगों को संबोधित किया।

### भारतीय महिला द. अफ्रीका को 10 विकेट से हराकर सीरीज जीती

**चेन्नई।** भारतीय महिला टीम ने बल्लेबाजों और गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम सोमवार को टेस्ट मैच के चौथे दिन दक्षिण अफ्रीका को 10 विकेट से करारी शिकस्त देते हुए एकमात्र टेस्ट मैच की सीरीज जीत ली है। इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने फॉलोऑन खेल रही दक्षिण अफ्रीका को टेस्ट मैच के चौथे दिन दूसरी पारी में 373 रनों पर समेट दिया है। इसके बाद भारत को जीत लिए 37 रन का लक्ष्य मिला था जिसे सतीश शुभा नाबाद (13) और शेफाली वर्मा नाबाद (24) की मदद से 9.2 ओवर में हासिल कर मुकाबला 10 विकेट से जीत लिया।